ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 28 मई 2024
वर्ष 34, अंक 121, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर... 16

तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज 2

चुनाव प्रभावित करने में एडीएम पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयोग ने फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह को वर्तमान तैनाती से हटाया

अमृत विचार : चुनाव आयोग ने चुनाव प्रभावित करने के आरोप में दो अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती से हटा दिया है। इनमें से एक फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह हैं और दूसरे इसी जिले में जसराना के पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामजीत प्रमिला सिंह हैं। इतना ही नहीं आयोग ने निर्देशित किया है कि इन दोनों अधिकारियों को किसी भी सूरत में चुनाव संबधी कोई ड्यूटी न सौंपी जाए।

फिलहाल दोनों को प्रतीक्षारत रखा गया है, नयी तैनाती तक दोनों लखनऊ मुख्यालय से अटैच रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दोनों पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती कर दी जाएगी। दरअसल, फिरोजाबाद सीट पर तीसरे चरण के मतदान में सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर गड़बड़ी करने और क्षेत्रविशेष में मतदाताओं को वोट न डालने देने की शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

शेयरों में लाभ का लालच देकर 1.07 करोड़ ठगे

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शेयरों की खरीद-फरोख्त में उच्च मुनाफे का लालच देकर 48 वर्षीय एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रविवार को एक ऐप और एक वेबसाइट के मालिकों सहित 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है।

नवी मुंबई साइबर पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि जालसाजों ने खारघर के रहने वाले पीड़ित से 13 फरवरी से लेकर 5 मई के बीच विभिन्न मौकों पर उससे संपर्क किया।

प. बंगाल में रेमल ने मचाई भीषण तबाही, चार की मौत

- 2400 पेड़ व बिजली के खंभे उखड़े

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल ने तट से टकराने के बाद भीषण तबाही मचाई। इस दौरान 135 किमी की रफ्तार से चली हवा और बारिश से चार लोगों की मौत हो गई। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया।

राज्य में 2400 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमारे आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई और पूर्व वर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन 21 घंटे तक बंद रहा।

135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, कोलकाता हवाई अड्डा 21 घंटे रहा बंद

चक्रवात तूफान के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को हटाते कर्मचारी।

बंगलादेश में 7 की मौत

ढाका। भीषण चक्रवातीय तूफान रेमल के कारण बंगलादेश के अलग-अलग स्थानों पर प्रचंड आंधी आने और मूसलाधार वर्षा होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। इस बीच दो लोगों के लापता होने की भी रिपोर्ट है। बंगलादेश मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिणी बंगलादेश के तटों पर शक्तिशाली तूफान ने स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे दस्तक दी।

15,000 घर प्रभावित

मौसम विभाग के अनुसार तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ने के आसार हैं। 24 ब्लॉक (प्रखंड) और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 15,000 घर प्रभावित हुए हैं जिनमें अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं। चक्रवाती तूफान रेमल से बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के बीच भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं। तूफान 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आया और भारी बारिश हुई।

एक नजर

डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार

नई दिल्ली। सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

युवराज सिंह ने निजता के उल्लंघन पर रियल एस्टेट फर्म को भेजे नोटिस

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने निर्माण परियोजनाओं को बढ़ावा देने में उनके निजता अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें घर का कब्जे देने में देरी के लिए दिल्ली की दो रियल एस्टेट फर्म को अलग-अलग कानूनी नोटिस भेजे हैं। क्रिकेटर की ओर से दिल्ली स्थित लॉ फर्म रिजवान लॉ एसोसिएट्स द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में से एक में परियोजना को पूरा करने में कथित देरी के लिए मुआवजा भुगतान की मांग की गई है। नोटिस के अनुसार, क्रिकेटर ने 2020 में हौज खास में एक रियल एस्टेट फर्म की परियोजना में एक घर बुक किया था।

माफिया मिट्टी में मिले तो आने लगा लाखों करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री ने घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी में की चुनावी जनसभाएं

राज्य ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

- कहा, सपा ने गरीबों की हत्या का संकल्प लिया था, हमने माफिया को मिट्टी में मिलाने का

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मऊ में घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सपा की नाकामियां गिनायीं वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा।

गाजीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र. से माफिया का सफाया करने के बाद अब राज्य में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने कहा कि सपा के लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं।

सोनभद्र में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री योगी को सम्मानित करते पार्टी प्रत्याशी।

योगी आदित्यनाथ ने मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मऊ में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लोंगों को इंडी गठबंधन से सावधान करते हुए कहा कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। हम देश में फिर से तीन तलाक की कुप्रथा को शुरू नहीं होने देंगे। यहां उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की।

सोनभद्र में चुनावी जनसभा के दौरान योगी ने बताया कि भारत अगला वर्ष जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाएगा। यहां योगी ने अपील की कि लोकसभा चुनाव में रॉबटर्सगंज और विधानसभा चुनाव में दुद्धि भी देश की आवाज के साथ जुड़ेगा। रिंकी कोल को कप प्लेट चुनाव निशान पर मिला वोट दिल्ली में पीएम मोदी और श्रवण गौड़ को कमल पर वोट सीधे मेरे पास आएगा।

साल के अंत तक शुरू हो जाएगा रोपवे

वाराणसी में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रिकार्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा।

केजरीवाल ने किया अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अचानक अपना वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के चलते कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है।

केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा कि वह 3 जून से 7 जून तक चिकित्सा संबंधी जांच कराएंगे और फिर उसी हफ्ते के अंत में 9 जून को आत्मसमर्पण कर देंगे। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। इस दौरान पैट-सीटी स्कैन सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें दो जून को जेल लौटना है।

मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- 101 बार गैर जमानती वारंट के बाद भी नहीं हुए थे हाजिर
- जज बोले- यह खतरनाक और गंभीर मिसाल

अमृत विचार : मेरठ से समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को सोमवार को बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक पुराने मामले में 101 बार नोटिस जारी होने के बाद भी रफीक अंसारी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद बाराबंकी की जैदपुर थाना पुलिस ने अहमदपुर टोल प्लाजा से विधायक को गिरफ्तार कर लिया। रफीक अंसारी मेरठ शहर से सपा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मेरठ पुलिस की टीम विधायक को अपने साथ लेकर रवाना हो हुई।

दरअसल, यह मामला साल 1995 में मेरठ के नौचंदी पुलिस थाने में 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। जांच के बाद 22 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर प्रस्तुत किया था और उसके बाद आवेदक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र दायर किया गया था। जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट मेरठ से आइपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत विचाराधीन आपराधिक केस में जारी वारंट को चुनौती दी गई थी। रफीक ने धारा 482 के तहत एक आवेदन दायर करके अनुरोध भी किया था कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मेरठ की एमपी-एमएलए कोर्ट के सामने एक आपराधिक मामले में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द किया जाए।

उस समय से रफीक अंसारी एक बार भी कोर्ट में पेश नहीं हुए। जिसके चलते कोर्ट ने 12 दिसंबर 1997 को एक गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, लेकिन वह फिर भी कोर्ट में पेश नहीं हुए।

सेक्स स्कैंडल मामले में एसआईटी के समक्ष 31 को पेश होगा प्रज्ज्वल

बेंगलुरु, एजेंसी

- विदेश जाने के एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर रखी बात

कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा- मैं 31 मई को एसआईटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं। विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा। प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। कर्नाटक के हासन से जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच जारी है। प्रज्जवल ने मामलों को झूठा और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह अवसाद में चले गये थे। कन्नड़ टीवी चैनल एशियानेट सुवर्ण न्यूज पर प्रसारित वीडियो बयान में प्रज्वल रेवन्ना ने कहा कि मैं न्यायालय के माध्यम से झूठे मामलों में निर्दोष साबित होकर दिखाऊंगा।

कुछ लोग राजनीति में बढ़ने से रोकना चाहते हैं

प्रज्वल ने कहा जैसे-जैसे मैं राजनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा हूं, मुझे कमतर करने के लिए, वे सभी एक साथ आ गए हैं। इन सभी चीजों को देखकर, मैं चौंक गया था और थोड़ा दूर हो गया था। हासन लोकसभा सीट पर मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को प्रज्वल कथित तौर पर जर्मनी चले गए थे और अब भी फरार हैं।

अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालीवाल ने कहा- बिभव रिहा हुआ तो उनकी जान को खतरा

सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है।

सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है। मालीवाल ने दावा किया कि घटना के बारे में एक यूट्यूबर द्वारा एकतरफा वीडियो बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। उन्होंने कुमार के निर्दोष होने पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुमार ने अपना फोन फॉर्मेट कर दिया था और घटना की सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दी थी।

दिल्ली कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद बिभव कुमार उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

गेमिंग जोन हादसा : हाईकोर्ट ने कहा सरकारी मशीनरी से भरोसा उठ चुका

अहमदाबाद, एजेंसी

- अदालत ने राजकोट नगर निकाय को फटकार लगायी

गुजरात उच्च न्यायालय ने गेम जोन में लगी आग से 27 लोगों की मौत को लेकर सोमवार को राजकोट नगर निकाय को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अब उसका राज्य मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है जो केवल तब हरकत में आती है जब मासूम लोगों की जान चली जाती है।

अदालत ने गेम जोन के संचालन में कथित खामी को लेकर राजकोट नगरपालिका परिषद (आरएमसी) को आड़े हाथ लेते हुए पूछा कि जब उसके क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह का बड़ा ढांचा तैयार किया जा रहा था तब क्या उसने आंखें मूंद रखी थीं?

अदालत ने यह टिप्पणी आरएमसी के वकील के अदालत में यह कहने पर की कि टीआरपी गेम जोन ने अपेक्षित अनुमति नहीं मांगी थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की विशेष पीठ ने पूछा कि क्या नगर निकाय एक जनहित याचिका पर आग से सुरक्षा संबंधी पारित आदेशों को 18 महीने तक दबाए बैठा रहा। विशेष पीठ स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एक दिन पहले उच्च न्यायालय ने इस घटना को प्रथम दृष्टया मानव जनित आपदा करार दिया था। उच्च न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्य द्वारा गठित एसआईटी उन परिवारों की भावनाओं को पर्याप्त रूप से शांति प्रदान करेगी जिन्होंने इन मानव जनित त्रासदियों में अपने रिश्तेदारों को बार-बार खोया है।

सात अधिकारी निलंबित

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने राजकोट स्थित गेम जोन में आग लगने की घटना के मामले में सात अधिकारियों को निलंबित करने का सोमवार को आदेश दिया। इन अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के बिना इस गेम जोन का संचालन होने देने में घोर लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया है।

पुणे कार हादसा : डॉक्टरों ने बदली रिपोर्ट, 3 गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

- ससून अस्पताल के दो चिकित्सक और एक कर्मी को कोर्ट ने 30 मई तक हिरासत में भेजा

पुणे पोर्श कार हादसे में नाबालिग की ब्लड सैंपल रिपोर्ट बदलने के मामले में सोमवार को क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अदालत ने 30 मई तक तीनों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है।

उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (छोटे मामलों) ए.ए.पांडे की अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि खून के नमूनों को बदलने के एवज में पैसों की लेनदेन हुई है और उसे इस मामले में आरोपियों के घरों की तलाशी लेनी है।

लॉरेंस बिश्नोई के दो गुर्गे हथियारों सहित गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के पटियाला में पुलिस ने राजपुरा से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल, 15 कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों की पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ लाडी और सुबीर सिंह उर्फ सुबी के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि लाडी 2017 में पंचकुला में मीत बाउंसर की हत्या में शामिल शूटरों में से एक था और सितंबर 2020 में जमानत पर रिहा हुआ था। गिरफ्तार गुर्गों को विदेश में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने संभाला था, जो फरार आतंकवादी गोल्डी बराड़ का सहयोगी था।

जून महीने में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम भारत में 30 मई के बाद अस्थाई तौर पर मिलेगी कुछ दिन की राहत

- आईएमडी ने कहा- देश के अधिकांश हिस्सों में पड़ेगी भीषण गर्मी, चलेगी तेज लू

आईएमडी ने कहा कि 30 मई के बाद नई दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश होने से अस्थाई तौर राहत तो मिलेगी लेकिन जून महीने में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जून माह में लोगों को भीषण गर्मी का समाना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि राजस्थान और गुजरात में पिछले दिनों हीटवेव चलने से तापमान 45 से 50 के बीच रहा है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब में पांच से सात दिन हीटवेव चली है, जिसमें तापमान 44 डिग्री से 48 डिग्री तक रहा है। महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होने और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून के महीने में दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत भारत के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है तथा उमस भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जून में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात के कुछ हिस्सों और उत्तरी मध्य प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य से ज्यादा दिनों तक तेज लू चल सकती है। महापात्र ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में जून के महीने में आम तौर पर तीन दिन लू चलती है, लेकिन इस बार इन इलाकों में दो-चार दिन ज्यादा ऐसी स्थिति बन सकती है यानी इन इलाकों में चार से छह दिन भयंकर लू चलने का अनुमान है।

जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड व हिमाचल में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश का अनुमान

आईएमडी ने मानसून सीजन में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का सोमवार को पूर्वानुमान जताया। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की भी बात कही। वहीं दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य बारिश होने के आसार हैं। इन क्षेत्रों में एलपीए का 92 से 108 फीसदी बारिश हो सकती है, जो सामान्य श्रेणी में आती है।

खेल डायरी

जीत के साथ खत्म हुआ बार्सीलोना कोच का कार्यकाल

मैड्रिड। जावी हर्नांडेज ने बार्सीलोना के कोच के रूप में अपने कार्यकाल का अंत स्पेनिश लीग फुटबॉल के अंतिम दौर में सेविला के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ किया। बार्सीलोना के लिए रॉबर्ट लेवानदोवस्की और फर्मिन लोपेज ने गोल दागे। बार्सीलोना ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वे पूर्व मिडफील्डर जावी के साथ करार तोड़ रहे हैं जबकि इसमें एक साल बचा था। जावी ने कहा, हम इसे खत्म करना नहीं चाहते थे लेकिन ये क्लब के फैसले हैं। हमने खिताब नहीं जीते लेकिन हम सही राह पर थे। फुटबॉल इसी तरह का खेल है निदेशक अपने फैसले करते हैं। बार्सीलोना के खिलाड़ियों ने मैच के बाद जावी को विदाई दी। बार्सीलोना, गिरोना और एटलेटिको मैड्रिड भी शीर्ष चार में रहते हुए अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह बनाने में सफल रहे।

भारतीय जू. महिला टीम को जर्मनी से मिली हार

ब्रेडा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को यूरोप दौरे के चौथे मैच में रविवार को जर्मनी के खिलाफ एकमात्र गोल से हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के ब्रेडा में भारत के लिए पहला क्वार्टर चुनौतीपूर्ण रहा जब जर्मनी ने खेल की शुरुआत में ही गतिरोध तोड़कर 1-0 की बढ़त बना ली। खराब मौसम के बावजूद दोनों टीमें कड़े मुकाबले के इरादे में थीं। दूसरा और तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जिससे जर्मनी आगे बना रहा, जबकि भारत ने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। अंतिम क्वार्टर में जर्मनी ने अपनी बढ़त लगभग दोगुनी कर दी, लेकिन उनके पेनल्टी स्ट्रोक को भारत के गोलकीपर ने नकार दिया। भारत के पास अंतिम अवसर पेनल्टी कॉर्नर के रूप में आया, लेकिन वे इसे भुनाने में असफल रहे और जर्मनी से 0-1 से हार मान ली।

हरमनप्रीत की हैट्रिक से अर्जेंटीना को दी शिकस्त

एंटवर्प। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तीन लगातार गोलों की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से सनसनीखेज जीत हासिल की। हरमनप्रीत ने मैच के 29वें, 50वें और 52वें मिनट में गोल दाग कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के लिए शेष दो गोल अरजीत सिंह हुंदल ने सातवें मिनट में और गुरजंत सिंह ने 18वें मिनट में किये। अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर शुरुआती बढ़त दिला दी जबकि निकोलस कीनन ने 24वें, तादेओ मारुची ने 54वें और लुकास मार्टिनेज़ ने 57वें मिनट पर गोल दागे। भारत ने सधी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद पास रखी।

भारत ने 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की घोषित

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा। भारतीय टीम में गोलकीपर श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी, डिफेंडर एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी, मिडफील्डर कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग और फॉरवर्ड काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम शामिल हैं।

निराशा को पीछे छोड़ छूआ ख्वाहिश का आसमां

श्रेयस अय्यर ने मेस्सी के अंदाज में खत्म किया केकेआर के लिए आईपीएल खिताब का सूखा

कोलकाता, एजेंसी

निराशा को पीछे छोड़कर ख्वाहिशों के आसमान को छूने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लियोनेल मेस्सी के विश्व कप जीतने के अंदाज में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने का जश्न मनाया। आईपीएल से कुछ सप्ताह पहले बीसीसीआई ने उनका केंद्रीय अनुबंध खत्म कर दिया। इसके अलावा बार-बार पीठ की चोट के कारण उनके करियर में रुकावट आने का खतरा पैदा हो गया। श्रेयस को इस साल की शुरुआत से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने इन सभी निराशा को पीछे छोड़कर केकेआर के आईपीएल खिताब के 10 साल को सूखे को उसी तरह खत्म किया जैसे मेस्सी ने अर्जेंटीना के लिए 36 साल के बाद विश्व कप जीता था। मेस्सी को 2014 विश्व कप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था तो वही श्रेयस को इस तरह के पल का सामना 2020 में करना पड़ा था जब उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल फाइनल का सफर तय किया था। आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेयस ने टीम के साथियों के साथ उसी तरह से जश्न मनाया जैसे मेस्सी ने दोहा में फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस को हराने के बाद मनाया था।

फाइनल में केकेआर की जीत के बाद दिग्गज इयान बिशप ने कहा मैं गौतम गंभीर के बारे में काफी बातें सुन रहा हूं कि उन्होंने टीम में शानदार माहौल बनाया, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस खिलाड़ी को पर्याप्त श्रेय मिल रहा है। हमें इसे श्रेय देना चाहिये। केकेआर के लिए सलामी बल्लेबाजों सुनील नारायण और फिल सॉल्ट ने ज्यादा रन बनाए लेकिन जब भी मौका मिला दूसरे खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा किया जिससे टीम ने लीग चरण में दो मैच बाकी रहते तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान पक्का कर लिया था। केकेआर ने पूरे सत्र में सिर्फ तीन मैचों में हार का सामना किया।

श्रेयस के बचपन के कोच प्रवीण आमरे ने कहा मैंने उन्हें उनके पूरे करियर में चुनौती दी। मुझे पता था कि वह कितने मजबूत इरादों वाले हैं और एक कोच के रूप में उन्हें चुनौती देना मेरा काम था। वह हमेशा चुनौतियों को लेना पसंद करता है।

स्टार्क ने फेंकी सर्वश्रेष्ठ गेंद, नारायण सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आईपीएल फाइनल में अभिषेक शर्मा को मिशेल स्टार्क की शरीर से बाहर की तरफ स्विंग होती गेंद को आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद करार दिया जबकि सुनील नारायण को चैंपियन केकेआर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया। हेडन ने कहा अभिषेक को फेंकी गेंद जैसे ही स्टार्क के हाथ से निकली तो काम खत्म हो गया। उसकी नियति आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद की थी- एक बेहद शानदार गेंद जो उस समय बेहद महत्वपूर्ण थी। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा कि आईपीएल के अंत में स्टार्क की कलाई की स्थिति सही रखते हुए अतिरिक्त गति हासिल करने की क्षमता और नारायण की ऑलराउंड क्षमता से केकेआर को मजबूती मिली। मिशेल स्टार्क सत्र में अधिकतर समय 136-137 किमी प्रति घंटा की औसत रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था लेकिन पिछले दो हफ्ते में उसने 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की।

आईपीएल की ट्रॉफी जीतने पर मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को बधाई दी है और आने वाले वर्षों में और अधिक ट्रॉफी की कामना की है। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत से पूरे बंगाल में जश्न का माहौल है। मैं आईपीएल के इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को से बधाई देना चाहती हूं और आने वाले वर्षों में ऐसी और आकर्षक जीत की कामना करती हूं।

मैदानकर्मियों को देंगे पुरस्कार : जय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे।

शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद।

- 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर क्यूरेटर को मिलेंगे 25 लाख
- तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये देने की घोषणा की

आईपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। इस वर्ष अतिरिक्त आयोजन स्थल गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और धर्मशाला थे।

शाह ने नाइट राइडर्स को खिताबी जीत के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक और सफल सत्र बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद!

विश्व कप में भारत को मिलेगी टक्कर

नई दिल्ली। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब की तलाश में 20 टीमें एक साथ आएंगी। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान शामिल हैं, जिन्हे सह-मेजबान अमेरिका और कनाडा के साथ-साथ आयरलैंड से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत का लक्ष्य हाल की विश्व प्रतियोगिताओं में लगातार हार का सिलसिला तोड़ना है। वहीं, बाबर आज़म के नेतृत्व में, पाकिस्तान आईसीसी ट्रॉफी सुरक्षित करने के मिशन के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। टीम की बल्लेबाजी बाबर, रिजवान और फखर पर निर्भर है, जबकि गेंदबाजी का नेतृत्व शाहीन अफरीदी करेंगे।

आप देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा : रिंकू

चेन्नई, एजेंसी

केकेआर के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल के फाइनल में रविवार को जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई।

सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर केकेआर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बना। केकेआर के बल्लेबाजों ने पूरे सत्र के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। मध्यक्रम में वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह को लंबी पारी खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। रिंकू ने कहा

मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाउंगा। रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे। केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया।

सिंगापुर ओपन में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

सिंगापुर, एजेंसी

पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा।

थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ गेम गंवाने वाली

- भारत की अगुवाई करेंगी पीवी सिंधू, सात्विक और चिराग करना चाहेंगे जीत के शुरुआत

सिंधू डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी। वह अगर शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रही तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है।

पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी। लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था। लक्ष्य का सामना विक्टर एक्सेलसेन से होगा। अन्य भारतीयों में किदांबी श्रीकांत जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे जबकि प्रियांशु राजावत पुरुष एकल में हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप का सामना पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग से होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी महिला युगल में अपने पहले मैच में यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा और येवेनिया कांतिमिर से भिड़ेंगी।

ऑस्ट्रिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे शुभंकर

ग्रेज (ऑस्ट्रिया)। भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी शुभंकर डे को यहां ऑस्ट्रिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के सेमीफाइनल में इंडोनेशिश के प्राहदिस्का बगास शुजिवो के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। तीस साल के शुभंकर को रविवार को प्राहदिस्का के खिलाफ हार मिली। भारतीय पुरुष टीम के सदस्य शुभंकर ने जर्मनी के मथियास किकलिट्ज को हराने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में मिकोलाज सिमानोवस्की और फिर क्वार्टर फाइनल में लुका व्रेबर को शिकस्त दी।

मुक्केबाजी क्वालीफायर

अंकुशिता जीतीं अभिमन्यु हारे

बैंकॉक। पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया लेकिन अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु ने पहले दौर में बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्रिस्टियन निकोलोव को हराया था। केसिडी उनके खिलाफ मुकाबले के लिए अच्छी तरह तैयार थे और अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

स्टेन वावरिंका ने एंडी मरे को हराया

फ्रेंच ओपन

पेरिस, एजेंसी

स्टेन वावरिंका ने रविवार को यहां रोलां गैरो पर संभवतः अपना अंतिम एकल मुकाबला खेल रहे एंडी मरे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। स्विट्जरलैंड के वावरिंका ने मरे को पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-4, 6-2 से हराया। वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10वीं जीत है। दोनों पहली बार 2005 में भिड़ेंगे थे।

वावरिंका ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह भावनात्मक है। हम करियर के अंत के करीब पहुंच रहे हैं। एक-दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। फ्रेंच ओपन में 1980 से वावरिंका सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यहां 39 बरस या इससे अधिक उम्र में जीत दर्ज की है। मरे 37 साल के हैं और वर्ष 2000 से

<< स्विएटेक के खिलाफ शॉट खेलतीं लेओलिया जीनजेन।

दो खिलाड़ियों की मिलाकर उम्र के मामले में यह मुकाबला दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों का मुकाबला रहा। वावरिंका दूसरे दौर में दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी कैम नोरी और पावेल कोटोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

रविवार को जीत दर्ज करने वाले ग्रैंडस्लैम चैंपियन खिलाड़ियों में कार्लोस अल्कारेज, नाओमी ओसाका, सोफिया केनिन और येलेना ओस्टापेंको शामिल रहे। फ्रेंच ओपन 2021 चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा को हालांकि विक्टोरिया गोलुबिक ने 7-6, 6-4 से हराया। यहां खिताब जीतने के बाद 24वीं वरीय बारबरा को लगातार तीन बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। अल्कारेज ने जेजे वोल्फ को 6-1, 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। महिला एकल में ओसाका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 4-6, 7-5 से हराया। वहीं, इगा स्वियातेक ने लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया।

बॉलीवुड हलचल

सिद्धार्थ और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ चतुर्वेदी और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज हो गई है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर छह साल बाद धड़क का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। फिल्म धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल निभा रही हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ रिलीज डेट भी आउट कर दी गई है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की तरफ से धड़क 2 के फर्स्ट 2 की पहली झलक शेयर की गई है। मोशन पोस्टर में तृप्ति और सिद्धांत एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए दिख रहे हैं और एक ऐसी कहानी की झलक दिखा रहे हैं। पोस्टर को एक्स पर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, कैसे मिलेंगे- आग और पानी? फिल्म धड़क 2, नवंबर 22 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

प्रियंका ने कांस में इतिहास रचने वाले को दी बधाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कांस फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रचने के लिए भारतीय विजेताओं को बधाई दी है। 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में कई भारतीय सितारों ने अवॉर्ड्स हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने सभी विजेताओं को बधाई दी है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में विजेता अनसूया सेनगुप्ता, पायल कपाड़िया और चिदानंद एस नाइक को शुभकामनाएं दीं। अनसूया सेन गुप्ता ने फिल्म द शेमलेस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। पायल को उनके डेब्यू फिल्म ऑल वी इमेजिन एज़ लाइट के लिए ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है, और चिदानंद ने शॉर्ट फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टु नो के लिए ला सिनेफ अवॉर्ड अपने नाम किया। अनसूया सेन गुप्ता की सराहना करते हुए, प्रियंका ने लिखा, आपकी अविश्वसनीय परफॉर्मेंस और आपने जो इतिहास रचा है, उसके लिए आपको ढ़ेर सारी बधाई।

टी-20 विश्व कप | तैयारियों में जुटी ऑस्ट्रेलिया की टीम, आईपीएल सत्र में अंत तक जुड़े से टीम में आई है अनियमितता

अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी : मार्श

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया को खिलाड़ियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है और आईपीएल तथा टी20 विश्व कप के बीच कम समय के कारण अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया बुधवार को नामीबिया और शुक्रवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा लेकिन उनके पास दो मैचों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ी उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश आईपीएल प्ले ऑफ में खेलने के बाद ब्रेक लेंगे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श का भी नामीबिया के खिलाफ खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा हमारे पास खिलाड़ियों

की कमी होगी, लेकिन यह अभ्यास मैच है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श के अलावा कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल इस हफ्ते के अंत में ही बारबडोस में विश्व कप टीम के साथ जुड़ेंगे जबकि मार्कस स्टोइनिस के भी नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच के बाद ही त्रिनिदाद पहुंचने की उम्मीद है। रिजर्व खिलाड़ी जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट भी पांच जून को ओमान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच के बाद टीम से जुड़ेंगे।

वनडे क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं मिचेल स्टार्क

कोलकाता। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सदस्य स्टार्क ने आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करिअर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक प्रारूप को छोड़ भी सकता हूं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को तवज्जो देते हुए उन्होने आईपीएल के पिछले कुछ संस्करणों में रुचि नहीं दिखलाई थी। सच कहूं तो मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया।

ट्रैविस हेड तो चमके, वार्नर ने किया निराश : पोंटिंग

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिये दिलचस्पी दिखाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रविवार को संपन्न हुये सत्र में मिला जुला रहा है। आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम के कई नियमित खिलाड़ी शामिल हुए। ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में आग लगा दी, वहीं डेविड वार्नर और मिशेल मार्श जैसे अन्य खिलाड़ियों का टूर्नामेंट के अधिकांश समय में प्रदर्शन उदासीन रहा, जबकि मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में निरंतरता के लिए संघर्ष किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

गोला-लखीमपुर मार्ग का रूट बदला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: फरधान और गोला गोकर्णनाथ रेलवे क्रासिंग सोमवार रात 12 बजे से वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दी गई है, इसलिए यदि गोला-लखीमपुर मार्ग पर सफर करने जा रहे हैं तो रूट डायवर्जन प्लान समझ लें अन्यथा परेशान हो जाएंगे। यह प्रतिबंध तीन जून तक लागू रहेगा।

पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाइवे पर फरधान और गोला गोकर्णनाथ रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। काफी समय से निर्माणाधीन ओवरब्रिज में गर्डर रखे जाने का काम होना है।

गोला में लखीमपुर रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर हो रहा ओवरब्रिज निर्माण।

इसको लेकर सोमवार रात 12 बजे से तीन जून तक के लिए इस मार्ग पर चौपहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। प्रशासन ने इस मार्ग के वाहनों के आवागमन के लिए रूट डायवर्जन किया है। रूट डायवर्जन के अनुसार, मंगलवार से तीन जून तक बहराइच, लखीमपुर व लखनऊ की ओर से आकर खुटार-पीलीभीत जाने वाले वाहनों को मनिकापुर तिराहे से मोहम्मदी मार्ग से सिकंदराबाद चौराहे से गोला की ओर भेजा जाएगा।

गोला से एनएच 730 से यह वाहन गंतव्य को जाएंगे। खुटार-पीलीभीत की ओर से आने वाले वाहनों को गोला के पटेल चौराहा से डायवर्ट कर सिकंदराबाद होकर मनिकापुर तिराहा भेजा जाएगा। यातायात पुलिस ने किसी भी असुविधा से बचने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया है। कोई समस्या होने पर यातायात नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर-9454844045 पर संपर्क किया जा सकता है।

उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती को लेकर पावर हाउस पर दिया धरना

कैमहरा पावर हाउस पर धरना देते उपभोक्ता। अमृत विचार

संवाददाता, फरधान। अमृत विचार : बिजली कटौती से परेशान तमाम उपभोक्ता सोमवार को कैमहरा पाउव हाउस पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इससे बिजली कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। अफसरों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए और धरना समाप्त किया। उपभोक्ताओं ने बताया कि कैमहरा पावर हाउस के भदूरा फीडर से किशुनपुर, लखनियापुर, खजुहा, भदूरा, शंकरपुर आदि करीब 40 गांवों को बीजली की आपूर्ति की जाती है, लेकिन अघोषित कटौती के कारण ग्रामीणों को चार घँटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। अधिशासी अभियंता खण्ड द्वितीय मितौली ने उपभोक्ताओं को सात घंटे दिन और सात घंटे रात में बिजली सप्लाई देने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए।

सार-संक्षेप

दरवाजे पर खड़ी महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खमरिया, अमृत विचार : थाना खमरिया क्षेत्र के एक गांव में अपने घर के दरवाजे पर खड़ी एक महिला से गाली-गलौज कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। एक गांव की महिला ने बताया कि सुबह करीब 09 बजे वह अपने दरवाजे पर खडी थी। तभी गांव का करन पुत्र प्रमोद कुमार आ गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ छेडछाड करने लगा। उन्होंने शोर मचाया तो मेरे चचेरे भाई मौके पर आ गए और बचाने की कोशिश की। तभी गांव के मुरली पुत्र राधेश्याम व प्रमोद पुत्र बाबूराम ने बैजनाथ को पकड़ लिया और पिटाई करने लगे। आरोप है कि मुरली ने बांके से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

संवाददाता,धौरहरा, अमृत विचार : धौरहरा कोतवाली पुलिस ने तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिख रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 15 दिन पहले धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव सिसैया निवासी आशिक खां उर्फ छोटू ने तमंचे के साथ रील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसे पुलिस ने संज्ञान लेकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सोमवार की सुबह दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

पेड़ काटने पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में रास्ते की जमीन पर खड़े यूकेलिप्ट्स के पेड़ काटे जाने के मामले में लेखपाल ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर के लेखपाल पंकज गोयल ने बताया कि गांव के सार्वजनिक रास्ते में पंचायत की जमीन परं यूकेलिप्ट्स के कई पेड़ खड़े थे, जिनमें से दो पेड़ों को गांव के ही शीतल, निर्मल, इंद्रपाल, शिवप्रसाद, मुनीस, हैदराबाद निवासी बड़े उर्फ मोहम्मद्दीन ने एक राय होकर कटवा लिए हैं। ग्रामीणों के शोर मचाने पर ठेकेदार लकड़ी छोड़कर भाग निकला। उसकी बाइक मौके पर ही छूट गई। हैदराबाद पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर छह लोगों के नामजद चोरी से पेड काटने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : शहर की कृष्णा टॉकीज क्रासिंग के निकट एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गढ़ी रोड काशीराम कॉलोनी निवासी अमरजीत (22) मजदूरी करके रविवार की देर रात अपने घर पर जा रहा था। इसी बीच रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना मैगलगंज क्षेत्र में औरंगाबाद रोड पर अज्ञात वाहन के एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 38 साल बताई जाती है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

सरोवर योजना में चयनित तालाब पर कब्जा, नोटिस

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर मोहल्ला बरखेरवा के तालाब का चयन सरोवर योजना के तहत हुआ है, जिसका नगरपालिका की ओर से सौंदरीकरण कराया जा रहा है। मग़र, इस पर एक दबंग ने कब्जा करना शुरू कर दिया है। इसकी जानकारी होने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने नोटिस जारी कर कब्जे के लिए डाली गई सामग्री को हटाने के निर्देश दिए हैं। तालाब पर मोहल्ले के ही सुशील वर्मा वर्मा ने कब्जा करना शुरू कर दिया है इसके लिए वहां पर पिलर आज लगाने की तैयारी के लिए सामग्री भी डलवा दी है सोमवार को की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका प्रशासन भी हफ्ते में आ गया मामले की हड़ताल करवरकर प्रत्याशी अधिकारी ने सुशील वर्मा को नोटिस जारी कर वहा से पिलर ब्लाक को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए हैं। ईओ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घन्टे में सामग्री न हटाई गई तो पालिका अपने संसाधनों से उक्त पिलरों को नष्ट करवा देगी। अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मुझ्यामाता मन्दिर के निकट लेखपाल से प्राप्त स्थलीय आख्या के अनुसार तालाब भू भाग आप द्वारा सीमेन्ट के पिलर व ब्लाक रखकर अतिक्रमण किया गया है। उक्त तालाब का चयन सरोवर में हुआ है जिसका सौन्दर्गीकरण कार्य वर्तमान में मौके पर कराया जा रहा है। आप डाले गये पिलरों व ब्लाक से सौन्दर्गीकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर कब्जा करने वालो को नोटिस जारी की है।

खेत में कुछ दफन किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव में एक खेत में कुछ गाड़े जाने की सूचना पर तमाम भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर उच्च अधिकारियों को जानकारी दी है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ग्रंट लंदनपुर के मजरा नयागांव में सोमवार को तमाम लोग खेतों की तरफ दौड़ पड़े। पता चला है कि तूलमेलगंज निवासी छोटेलाल के खेत में कुछ गाड़ा गया है। खेत खुदा देख काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को दूर तक खदेड़ा। फिर बारीकी से गहन निरीक्षण किया, पर पुलिस को कुछ खास नहीं लगा। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि खेत पर कोई चीज संदिग्ध प्रतीत नहीं हो रही है। मौका मुआयना कर लिया है। सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई है।

धोखाधड़ी कर खाते से निकाले 5.20 लाख रुपये वापस

संवाददाता,लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना साइबर क्राइम पुलिस ने धोखाधड़ी कर एक युवक के खाते से निकाले गए 5,20000 रुपये पीड़ित खाताधारक को वापस लौटवाए हैं। रुपये वापस पाकर खाताधारकों ने चेहरे पर रौनक लौट आई है। थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक राम खेलावन राणा ने बताया कि मोहल्ला काशीनगर निवासी अजय कुमार ने 14 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि साइबर जालसाज ने व्हाट्सऐप पर काल कर उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसकी फेस रिकॉर्डिंग करके ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसके खाते से 520000 लाख रुपये ले लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और साइबर अपराधी के खाते को होल्ड कराया। इसके बाद संबंधित बैंक और बैंक के हेड आफिस से पुलिस ने पत्राचार कर पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस कराई। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस का आभार जताया है।

मौसम : गर्मी ने आठ साल का तोड़ा रिकॉर्ड

नौतपा के ताप से पारा 42 डिग्री के पार, बुखार पीड़ित बच्ची की मौत, तेज धूप और गर्मी से हाल बेहाल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: प्रचंड गर्मी के कारण सोमवार को लोग पूरे दिन बेहाल रहे। ऐसा लग रहा है कि नौतपा ने अब और तपा दिया। गर्म हवाओं और तेज धूप की वजह से सोमवार का तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया। पिछले दिनों दिन भी तो भीषण गर्मी थी, लेकिन रात में चल रही हवा से राहत मिल रही थी। नौतपा लगने के बाद से जो गर्मी का दौर शुरू हुआ है, उसमें धूप की तपिश और लू के थपेड़ों के कारण न तो दिन में चैन मिल रहा है और न रात में सकून। रविवार की रात का पारा 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले आठ सालों में सबसे ज्यादा है। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

तेज धूप से बचाव के लिए सिर, चेहरे को ढककर जातीं युवतियां।

मई की भीषण गर्मी के बीच शनिवार से नौतपा भी शुरू हो गए। इस दौरान इन नौ दिन तक गर्मी ज्यादा पड़ेगी। इसी का असर अब दिखने लगा है। दिन निकलते ही सूरज का आग उगलना शुरू हो जाता है। साथ ही गर्म हवाएं मुश्किलें और बढ़ा देती है। आलम यह है कि उसम भरी गर्मी से लोगो को न दिन में चैन मिल पा रहा है और न ही रात में। हर समय लोग पसीने से तरबतर रहते है। तेज धूप की वजह से दोपहर में बाजार व सड़कें सूनी हो जाती हैं। जो लोग जरूरी काम से घर के बाहर निकलते है वह सभी सिर व मुंह पर कपड़ा बांधकर धूप और गर्म हवाओं से बचने का प्रयास करते हैं। मौसम मौसम वैज्ञानिक आने वाले दिनों में अभी और तेज गर्मी पड़ने की संभावना जता रहे हैं, जिससे तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है।

मई में न्यूनतम तापमान

वर्ष	न्यूनतम तापमान
2017	27.3 डि.से.
2018	28.8 डि.से.
2019	29.0 डि.से.
2020	27.2 डि.से.
2021	27.6 डि.से.
2022	28.2 डि.से.
2023	29.8 डि.से.
2024	31.8 डि.से.

बुखार से दो वर्षीय बच्ची की मौत

लखीमपुर खीरी। जिला अस्पताल में सोमवार को एक बुखार पीड़ित दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वहीं उल्टी दस्त से लेकर बुखार और डायरिया पीड़ित 25 बच्चों का इलाज भारती का किया जा रहा है। गर्मी का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। इसकी चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग आ रहे हैं। गर्मी की मार से बेहाल बच्चे और बुजुर्ग हो जिला अस्पताल की ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी में पहुंचने वाले गंभीर मरीजो को वार्डों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। ऐसे में रविवार को इमरजेंसीओपीडी पहुंची बुखार पीड़ित दो वर्षीय रेशमा पुत्री रामपाल निवासी धौरहरा को चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। मगर, सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि 25 बच्चों का इलाज हो रहा है। इनमे उल्टी दस्त से लेकर बुखार डायरिया पीड़ित बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है।

एसएसबी अफसर की पिटाई का वीडियो वायरल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी के एक अफसर की नेपाली महिला और पुरुष द्वारा पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि इस मामले में एसएसबी के सभी जिम्मेदार अफसर चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव चंदन चौकी ने घटना की पुष्टि की है। उनका कहना है कि घटना पांच दिन पुरानी है। पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। एसएसबी तृतीय वाहिनी के एक अफसर अपने दो साथियों के साथ बेला परसुआ के पास रामनगर से नेपाल के हिम्मतनगर गांव की तरफ जा रहे थे। इसी बीच उनकी नजर मोहाना नदी पर लकड़ी के बनाए गए अस्थाई पुल पर पड़ी। वह मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताई और तस्करी के लिए पुल बनाने की बात कहते हुए उसे तोड़ने का दबाव बनाने लगे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। बताया जाता है कि मौके पर पहुंची नेपाल एपीएफ पुलिस ने मामला शांत करने की कोशिश की, लेकिन बात बढ़ती चली गई और एक नेपाली महिला व युवक ने उनका पीछा करते हुए पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अधिवक्ता की मौत

संवाददाता, पसगवां

अमृत विचार: थाना मैगलगंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहे अधिवक्ता की मौत हो गई। उनकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी। अधिवक्ता की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी सहित परिवार वालों का रो रोकर हाल बेहाल है।

विनीत मिश्रा (फाइल फोटो)

मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मूड़ा बसही निवासी विनीत मिश्रा (25) पुत्र ओमप्रकाश मिश्र पेशे से अधिवक्ता थे। वह अपनी बाइक से मैगलगंज बाईपास पर जा रहे थे। सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे तुलसी ढाबा के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पसगवां लाया गया, जहां चिकित्सकों ने अधिवक्ता को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घाघरा नदी में तीन बालक बहे, एक की मौत

संवाददाता, धौरहरा

अमृत विचार: थाना ईसानगर के गांव लौकाही मल्लापुर गांव के निकट घाघरा नदी में नहा रहे तीन बालक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देख नदी किनारे मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। दो युवकों ने बिना समय गंवाए नदी में छलांग लगा दी और दो बालकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि तीसरे का कोई पता नहीं चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर नदी में उतारकर उसकी तलाश कराई। करीब तीन घंटे बाद तीसरे बालक का शव भी बरामद हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटनास्थल पर रोते-बिलखते परिजन और मौजूद पुलिस। अमृत विचार

गांव लौकाही मल्लापुर निवासी शरीफ (12) अपने छोटे भाई सलमान (10) व दोस्त उमेर (9) पुत्र अलमीन के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए गांव के निकट बह रही घाघरा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। गांव के ही उमेर व शरीफ ने अपनी जान की परवाह नहीं की और तीनों बच्चों को सकुशल बाहर निकालने के लिए नदी में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत कर शरीफ व उसके दोस्त उमेर को नदी से बाहर निकाल लाए, लेकिन सलमान को नहीं बचा सके। वह गहरे पानी में डूब गया। दो सगे भाईयों समेत तीन बच्चों के नदी में डूबने की खबर मिलते ही परिवार के लोग तमाम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने सलमान के डूबने की सूचना ईसानगर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ईसानगर देवेंद्र कुमार ने गोताखोर बुलाए और उन्हें नदी में उतारकर सलमान की तलाश कराई। करीब तीन घंटे तक चली तलाश के बाद गोताखोरों ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर सलमान का शव बरामद कर लिया। परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पंखे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर से सटे गांव सलेमपुर में एक युवक की रविवार की रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कमरे में पंखे के कुंडे से लटका मिला है। मृतक के परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

गांव सलेमपुर कोन निवासी रामशरण निषाद ने बताया कि उसके पुत्र पवन निषाद (30) की शादी शहर के मोहल्ला अर्जुन पुरवा से हुई थी। शादी के बाद से ही पुत्र वधू और

▸▸ मृतक की पत्नी व ससुराल वालों पर हत्या कर शव लटकाने की जताई आशंका

उसके मायके वाले पुत्र को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। कुछ दिन पहले पुत्र गोला गोकर्णनाथ चला गया था और वहीं रह रहा था। दो दिन पहले उसके पुत्र को पुत्र वधू ने फोन कर बुलाया था। रविवार की रात अत्यधिक गर्मी होने के कारण वह छत पर सो रहे थे। नीचे कमरे में पुत्र, उसकी पत्नी व दो बच्चे थे। आधी रात में उन्हें कुछ आहट हुई तो सोचा कि हो सकता है कि पुत्रवधू किसी काम से उठी हो। इसलिए वह छत से नीचे नहीं आए। सुबह करीब चार बजे घर में चीख पुकार मची। तब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके पुत्र का शव कुंडे से लटक रहा था। पुत्र वधू और पुत्र की सास व अन्य लोग भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उनके बेटे के गले में दुपट्टा बंधा हुआ था और उसी से लिपटा हुआ लोहे का तार पंखे के कुंडे में बंधा था। पुत्र के दोनों पैर पूरी तरह से तख्त पर थे। उन्होंने पुत्रवधू और पुत्र के ससुराल वालों पर हत्या कर शव कुंडे से बांधने की आशंका जाहिर की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

भुगतान न मिलने से ठेकेदार का परिवार परेशान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार : सीजीएन पीजी कालेज में पुस्तकालय भवन और कक्षों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी ठेकेदार को भुगतान नहीं किया गया है, जिसे लेकर दो बार आंदोलन हुए। एसडीएम और तहसीलदार के आश्वासन के आठ माह बीतने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर ठेकेदार बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे हैं। नगर के मोहल्ला मुन्नू गंज निवासी राजीव कुमार गुप्ता ने केन ग्रोअर्स नेहरू महाविद्यालय में वर्ष 2013 में एक पुस्तकालय भवन और दो कक्षों का निर्माण कराया था। जिसमें छह लाख 11 हजार

▸▸ निर्माण कार्य पूर्ण फिर भी नौ वर्ष बाद भी ठेकेदार को भुगतान नहीं

▸▸ एसडीएम ने दिया था 15 दिन में भुगतान कराने का आश्वासन

रुपए रुपए की लागत बताई गई थी। 2015 में भवन को महाविद्यालय के सुपुर्द कर दिया गया था। तब उन्हें महाविद्यालय से चार लाख का तत्काल भुगतान दे दिया गया था। राजीव कुमार गुप्ता के अनुसार दो लाख 11हजार रुपए भुगतान बकाया रह गया था। जब दो लाख का भुगतान नहीं मिला तो राजीव कुमार गुप्ता का स्वास्थ खराब होने के चलते उनके बड़े भाई भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने 18 अक्टूबर 2023 को सुपर मार्केट में भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। सूचना पाकर दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच अधिकारियों को सख्त हिदायत दी थी। फिर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा और तत्कालीन तहसीलदार विनोद गुप्ता ने मौके पर जाकर भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया था। कहा था कमेटी गठित कर 15 दिनों में भुगतान कराया जाएगा, पर आठ महीने बीत गए भुगतान नहीं मिला। सुनील कुमार गुप्ता का कहना है कि वह परेशान हो चुके हैं। अब कोई बड़ा कदम उठाएंगे, जिसके लिए प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

जर्जर हो गई धिरावां कैथौला जाने वाली सड़क

▸▸ तमाम गांव के लोगों का है इस सड़क से आना जाना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: गोला शाहजहांपुर स्टेट हाईवे से होकर धिरावां से कैथोला होकर खोखाय तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है। इस पर निकलना अब आसान नहीं रहा है। इलाके के लोगों ने सड़क बनवाये जाने की गुहार लगाई है।

गोला शाहजहांपुर स्टेट हाईवे से धिरावां होकर जाने वाली सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर है। उसे पर आसानी से न तो पैदल निकल जा सकता है और न ही वाहनों से, वाहन अक्सर पंचर हो जाते हैं। इस बार गन्ना सीजन में लोग किसान बहुत परेशान हो गए। आए दिन उनके वाहन पंचर होते रहे। प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस सड़क के खराब होने से धिरावां, कैथौला, बेहड़ा मुल्तान, ऊंचागांव, सहुआपुर, खोखाय, रामपुर समेत तमाम गांव के लोग आते जाते हैं। जिन्हें कठिनाइयां हो रही हैं। इस सड़क की लंबाई लगभग चार किलोमीटर है। जो गन्ना विभाग द्वारा कई वर्षों पूर्व बनवाई गई थी। इलाके के लोगों ने सड़क का निर्माण कराया जाने की मांग की है। ताकि इस क्षेत्र का भी विकास हो सके।

जर्जर धिरावां कैथोला मार्ग पर गहरे गड्ढे। अमृत विचार

> लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लगी होने के कारण सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। सड़क की स्थिति उनकी जानकारी में है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद धन आवंटित कर सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।
>
> **-आशुतोष मधुकर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला।**

ग्राम धिरावां के पूर्व प्रधाना राजीव वर्मा का कहना है कि सहकारी गन्ना विकास समिति ने कई वर्ष पहले गन्ना किसानो से रुपया काटकर सड़क का निर्माण तो करा दिया था, लेकिन सड़क जर्जर होने के बाद मरम्मत तक नहीं कराई, जिससे अब लोगों को इस सड़क पर पैदल तक चलना मुश्किल हो रहा है।

कैथोला के ओमप्रकाश वर्मा का कहना है कि धिरावां से खोखाय होकर बड़ी नहर की रोड को मिलाने वाली इस सड़क पर दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आना जाना रहता है। सरकारगढ़, जमुनहां, बाबरपुर, जनकपुर, हेमपुर, खोखाय, बेहड़ा, ऊंचागांव के लोगों को गोला जाने के लिए सीधा संपर्क मार्ग है। जर्जर हो जाने से अब पैदल तक निकलना मुश्किल हो रहा है।

कैथोला के प्रमोद कुमार वर्मा का कहना है कि स्कूल खुलने के समय उन्हें अपने बच्चे को गोला लाने और दोपहर में अवकाश होने पर घर वापस जाने से साइकिल से काफी दिक्कते होती हैं। सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे साइकिल पंचर होने तक का खतरा बना रहता है।

ऊंचा गांव के राकेश वर्मा का कहना है कि जब गन्ना विकास विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था तब कुछ दिनों के बाद सड़क जर्जर होने लगी थी। लोगों की शिकायत पर भी ठेकेदार ने अधिक धन कमाने के चक्कर में मानक का ख्याल नहीं रखा। अब सड़क की मरम्मत किसी अधिकारी की देखरेख में होनी चाहिए।

दो पक्षों में मारपीट, सात लोग घायल

संवाददाता, बेहजम

अमृत विचार: थाना नीमगांव के गांव बाछेपारा में बालू की बोरियां भरकर रास्ते पर रखने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और लाठी डंडे व ईंट-पत्थर चले। इस दौरान फायरिंग भी हुई। फायरिंग करते और तमंचा लहराते एक पक्ष के युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों की महिलाओं समेत सात लोग घायल हुए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

गांव बाछेपारा निवासी लव कुश ने बताया की गांव के ही विजय कुमार ने रास्ते मे बालू की बोरिया भरकर रख दी थी। इससे रास्ता बंद हो गया। इसका जब उन्होंने विरोध

▸▸ सोशल मीडिया पर फायरिंग करते और असलहा लहराते वीडियो वायरल

तमंचा लेकर जाता एक आरोपी युवक।

किया तो विजय कुमार और उसके पक्ष के लोग गाली गलौज करने लगे। गाली देने का से मना करने पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि इसी बीच दूसरे पक्ष का ही शोभित पुत्र विजय कुमार तमंचा लेकर आ गया और गोली मार देने की धमकी देते हुए फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली उसके पास से निकल गई और वह बाल बाल बच गया। मारपीट में लवकुश, उसकी पत्नी मयंश्री, शत्रुहन, मां गीता देवी और दूसरे पक्ष की ममता, विजय व शोभित घायल हुए हैं। मारपीट, फायरिंग और तमंचा लहराने का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई। सूचना पर पहुंचे बेहजम चौकी इंचार्ज प्रभात गुप्ता ने सभी घायलों को एंबुलेंस 108 से मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। वहीं पुलिस ने फायरिंग करने और असलहा लहराते वीडियो में दिख रहे शोभित को हिरासत में लिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पीड़ित एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

थाने-चौकियों की मुट्ठी गर्म कर चालक करते हैं जिंदगी से खेल

आठ सवारियों के बैठने की क्षमता, खिड़की व पायदान पर सवारियां लटका कर दौड़ते हैं वाहन

संवाददाता, लखीमपुर-खीरी।

अमृत विचार: शासन की तमाम सख्ती के बाद भी जिले में डग्गामार वाहनों का संचालन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मैजिक, टेंपो, ई-रिक्शा हो चाहे डबल डेकर बस। थानों और चौकियों की मुट्ठी गर्म कर क्षमता से कई गुना सवारियां भरकर यह वाहन सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आएंगे। इतना ही नहीं खास तौर पर मैजिक और टेंपों में सवारियां पायदान और खिड़की पर लटकी दिख जाएंगी। रविवार को चहमलपुर के पास हादसे का शिकार हुई मैजिक में 14 सवारियां ठूंस कर भरी हुई थीं। इनमें से छह यात्रियों की जिंदगी मौत के काल में समा गईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डग्गामार वाहनों, अवैध टैक्सी स्टैंड, बस अड्डों को बंद कराने के सख्त निर्देश दिए थे। प्रशासन ने दो दिन अभियान चलाकर कार्रवाई की। इसके बाद वह भूल गया। जिले में मैजिक, टेंपो, ई-रिक्शा हो चाहे बस या माल वाहक वाहन नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भरने वाले वाहनों पर पुलिस व प्रशासन लगाम नहीं कस सका है। टाटा मैजिक में चालक समेत आठ सवारियों के बैठने की क्षमता है, लेकिन चालक कमाई के लालच में आठ की जगह 15 से 20 सवारियां भरते हैं। इतना ही नहीं इन सवारियों को पायदान और खिड़कियों पर लटका कर फर्राटा भरते हैं। यह वाहन थानों और पुलिस चौकियों के सामने से ही गुजरते हैं, लेकिन पुलिस और जिम्मेदारों की उन पर नजर नहीं पड़ती है। पुलिस कार्रवाई तो दूर टोका टाकी भी नहीं करती है। रविवार को पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर मैजिक व रोडवेज की अनुबंधित बस में हुई टक्कर से छह लोगों की मौत हो गई थी। मैजिक में 13 सवारियां भरी हुई थी। इस रूट पर संचालित होने वाली मैजिकों के चालक राजापुर पुलिस चौकी के पास से सवारियां भरकर जा रहा था। कई थाना और चौकियां रास्ते में पड़ने के बाद भी किसी की नजर नहीं जाती है।

गोला रोड पर सवारी भरता मैजिक चालक।

राजपुर चौकी के पास खड़ी होती थी अवैध टाटा मैजिक।

हादसा होने पर जागता है प्रशासन

जब भी कोई बड़ा हादसा होता है। वह चाहे जिले में हुआ हो या किसी दूसरी जगह। हादसा होने के बाद जिला प्रशासन और जिम्मेदार बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और अभियान चलाकर कार्रवाई भी शुरू करते हैं, लेकिन रात गई, बात गई की तर्ज पर चलने वाला प्रशासन एक-दो दिन कार्रवाई करने के बाद अपनी जिम्मेदारी भूल जाता है। हालात उसी तरह हो जाते हैं। इसके बाद प्रशासन मुड़कर नहीं देखता है।

मुंबई जा रहा था बुधराम आई मौत की खबर

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर रविवार को रोडवेज की अनुबंधित बस और मैजिक की भिड़ंत में एक और घायल कयूम ने लखनऊ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब तक छह पहुंच गई है। उधर प्रशासन ने रविवार की रात में चार शवों का पोस्टमार्टम कराया और उनके परिवार वालों को शव सौंप दिए। सोमवार को हादसे में मारे गए बहराइच जिले के थाना मोतीपुर के गांव राजापुर बनकटवा के बुधराम के शव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पंचराम ने बताया कि उनका भाई बुधराम (42) मुंबई में मजदूरी करता था। इस बार वह करीब छह महीने के बाद मुंबई जाने के लिए घर से निकले थे। भाई वहां से जो भी कुछ कमाकर लाते थे। उसी से घर का खर्च चलता था। बुधराम के अलावा उनके परिवार में कोई भी कमाने वाला नहीं है। बुधराम ने दो शादियां की थी, एक पत्नी से उसे एक बेटी है। हादसे की खबर मिलने के बाद से बुधराम के परिवारजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि छठे मृतक कयूम के शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया जा रहा है।

> चहमलपुर के पास हुआ हुआ हादसा काफी दुखद है। अवैध रूप से संचालित और ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चलने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।
>
> -आलोक कुमार, एआरटीओ प्रशासन

हिंदुत्व की ताकत के रूप में कार्य करते हैं बजरंग दल के कार्यकर्ता: नीरज

प्रेस वार्ता करते बजरंगदल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक ने की प्रेस वार्ता

अमृत विचार: बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा है कि बजरंगदल के कार्यकर्ता राष्ट्र भक्ति हिंदुत्व की ताकत के रूप में कार्य करते हैं।

राष्ट्रीय संयोजक सोमवार को पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में चल रहे बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे। यहां प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भारत का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ था। जब पाकिस्तान धर्म के आधार पर बन गया तो जो अलग देश की मांग कर रहे थे, उन्हें भारत छोड़ कर चले जाना चाहिए था। आज आतंकवाद, लव जेहाद, लैंड जेहाद करके अपराध किए जा रहे हैं। ऐसे अपराधों से निपटने के लिए बजरंग दल कार्य करता तैयार होते हैं। सात दिन बजरंग दल के कार्यकर्ता अपना पैसा खर्च कर देश और हिंदुत्व की रक्षा के लिए हुनर सीखते हैं। इनकी ट्रेनिंग बहुत कठिन सेना जैसी होती है।

कहा कि अगर कोई जेहादी किसी हिंदू बेटी हो या हिंदू जमीन के साथ खिलवाड़ करेगा तो बजरंग दल के कार्य करता उसको समझाने में सक्षम हैं। बजरंग दल जहां सक्रिय है, कोई गाय नहीं काट सकता। इस दौरान बजरंगदल के प्रांत संयोजक महेश तिवारी और विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख आचार्य संजय मिश्रा मौजूद रहे।

मेरी अंखियों के सामने ही रहना मां शेरावाली

दुर्गा जागरण में सजी झांकी।

संवाददाता, अलीगंज, अमृत विचार : सिमरिया के श्रवण कुमार के आवास परिसर में हुये मां भगवती के जागरण की शुरुआत मुख्य अतिथि गोला के युवा भाजपा नेता और मुस्तफाबाद के पूर्व प्रधान बाबा अनुभव दास ने फीता काटकर, मां का पूजन, गणेश वंदना के साथ कराई। शाहजहांपुर की जागरण पार्टी के कलाकारों ने मेरी अंखियों के सामने ही रहना मां शेरावाली जगदंबे देवी गीत सुनाकर दर्शकों को देर रात तक रोके रखा। कलाकारों ने राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, मां दुर्गा, शिवजी आदि मनोहर झांकियां दिखाईं, जिन्हें देख दर्शक झूमते नाचते गाते रहे। व्यवस्था में श्रवण कुमार, कमलेश कुमार, अवधेश कुमार, अखिलेश कुमार, गुलशन कुमार आदि लगे रहे।

सार-संक्षेप

सतत सार्थक प्रयास सफलता के आधार: शुभेंदु शेखर सिंह

छात्राओं को संबोधित करते एसडीएम न्यायिक शुभेंदु शेखर सिंह।

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम न्यायिक शुभेन्दु शेखर सिंह ने कहा कि जिज्ञासा व सतत प्रयास सफलता के आधार हैं। शिक्षा, आचरण व व्यवहार में भी दिखनी चाहिए। हमारी वाणी ही शिक्षा का स्तर बताती है। शिक्षण सहगामी गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि सह नगर संघचालक ने कहा कि स्वावलंबी व संस्कारित छात्राओं के द्वारा ही सक्षम व समृद्ध भारत बनाया जा सकता है। प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि जो छात्राएं 15 से 22 वर्ष तक 6- 7 घंटे प्रतिदिन ईमानदारी के साथ पढ़ाई नहीं करेंगी। उन्हें शेष जीवन में आठ घंटे प्रतिदिन मजदूरी करने के लिये तैयार रहना होगा। निष्ठा व समर्पण के साथ किया गया परिश्रम कभी निष्फल नहीं जाता है। अतिथियों ने प्रशिक्षकों व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अर्चना शुक्ला, रचना मिश्रा, चन्द्रप्रभा सिंह, नीलम कश्यप, अवधेश वाजपेयी, अतुल सिंह सहित निहाल आदि मौजूद रहे।

समाजसेवियों ने राहगीरों को स्टाल लगाकर पिलाया शरबत

संसारपुर में शरबत पिलाते समाजसेवी। अमृत विचार

संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार : कस्बे के समाजसेवी हाशिम अंसारी ने ज्येष्ठ माह की तपती दोपहरी की भीषण तपिश में राहगीर को गर्मी से राहत देने हेतु रुह आफ्जा मिश्रित शरवत पिलाया। दिनों दिन बढ़ती गर्मी और तपन से लोगों का घरों से निकलना दूभर है। बाजारों से रौनक गायब हो रही है। केवल जरूरतमंद लोग ही सड़कों पर नजर आ रहे हैं। ऐसे में राहगीरों और ग्रामीणों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से कस्बे के सामाज सेवी मोहम्मद हाशिम अंसारी ने कस्बे से निकले नेशनल हाईवे पर अपने प्रतिष्ठान हाशिम बस सर्विस के सामने शरवत का स्टाल लगाकर राहगीरों को शीतल पेयजल के साथ रूह आफ्जा मिश्रित शरवत पिलाकर शबाब हासिल किया। पेयजल स्टॉल का शुभारंभ चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने फीता काट कर किया। समाज सेवकों ने हाईवे से गुजरने वाले छोटे और बड़े वाहनों के साथ राहगीरों को रोककर शरबत पिलाया गया। उमस भरी गर्मी में लोगों ने शरवत और शीतल जल का भरपूर आनंद उठाकर समाजसेवी मोहम्मद हाशिम अंसारी की सराहना की। मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद रफीक, ऋषिपाल यादव, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद शानू आदि सहयोग में लगे रहे।

ताइक्वांडो खिलाड़ियों के कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: स्थानीय रामलीला मैदान में पलिया ताइक्वांडो एकेडमी ने खिलाड़ियों के कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया। चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी ने लिए गए टेस्ट में खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में स्टांस, फंडामेंटल, किक्स, पूमसे व अटैक डिफेंस का प्रदर्शन किया।

चीफ कोच ने सर्वप्रथम वाइट बेल्ट का टेस्ट दे रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पहली बार टेस्ट दे रहे खिलाड़ियों को पूरे मनोयोग से शानदार प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। टेस्ट में अग्रिमा मौर्या, आरुष मौर्या, मयंक भास्कर, पूर्वीत खन्ना, मनिंदर सिंह, रवनीत कौर, वीर सक्सेना ने येलो बेल्ट, अविका भास्कर, विश्वनाथ अरोड़ा ने ग्रीन बेल्ट के लिए, देवांशी वर्मा, शिवानी पाल, अयति पांडेय, सचिन पांडेय, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, शौर्य गुप्ता, अव्यांश गुप्ता, स्तव्य बन्सल, भव्या गुप्ता, वरदान गुप्ता, अविरल मौर्या ने ग्रीन वन, अर्जित सिंह, अभिनव मौर्या ने रेड बेल्ट के लिए व गुनीत वालिया ने रेड वन बेल्ट के लिए टेस्ट दिए। इस कार्यक्रम में दिनेश वर्मा, बिंदु पांडेय, त्रिपुरेश गुप्ता, विमल अरोड़ा, सौदामिनी सिंह आदि अभिभावक मौजूद रहे। वरिष्ठ खिलाड़ी करण कुमार, चंदन निषाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

कोच के साथ ताइक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार

खेती की नई तकनीक से रूबरू हुए विद्यार्थी

केन्द्रीय पशु प्रजनन केन्द्र प्रक्षेत्र अंदेशनगर में भ्रमण के दौरान विद्यार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ एसएमएस ने केन्द्रीय पशु प्रजनन केन्द्र, अंदेशनगर का कराया शैक्षिक भ्रमण

अमृत विचार: सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज ने विद्यार्थियों को खेती की नई तकनीकी की जानकारी कराने के लिए केन्द्रीय पशु प्रजनन केंद्र, अंदेशनगर का शैक्षिक भ्रमण कराया। फार्म के प्रभारी डॉ. पवन कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कृषि की विभिन्न विधाओं व कृषि के नवीन क्षेत्रों को जाना।

सेंटर के क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को फार्म के विभिन्न क्षेत्रों मत्स्य पालन, पशुपालन, फसलों का रखरखाव आदकी जानकारी कराई। बताया कि ब्रीडिंग फार्म में पशुओं का मल्टीप्लीकेशन किया जाता है। यहां अच्छे जीन को प्रोपेगेट किया जाता है ताकि गुड क्वालिटी एनीमल को प्रमोशन मिल सके। वर्तमान में किसान हों या नए जमाने के प्रोफेशनल युवा हों, हर कोई डेयरी फार्मिंग के बिजनेस में रुचि ले रहा है। दूध डेयरी उत्पादों की सालभर डिमांड रहती है, इसलिए यह बिजनेस फायदे का सौदा साबित हो रहा है। वर्तमान समय में युवा विद्यार्थियों के लिए यह मिशन भविष्य में रोजगार के अवसर देने में भी अत्यन्त लाभप्रद होगा। यह फार्म भारत के मात्र सात ब्रीडिंग फार्म में से एक है। इस दौरान विद्यालय के कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कोआर्डिनेटर एमबी मिश्रा के निदेशन में विद्यालय के शिक्षक अभिषेक वर्मा, विकास सक्सेना, गौरव भट्ट, तेजनरायन वर्मा आदि मौजूद रहे।

खाद न मिलने से किसान समिति का लगा रहे चक्कर

भीरा, अमृत विचार : खाद के लिए किसान सहकारी गन्ना विकास समिति के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। इससे किसान काफी परेशान है। किसानों को गन्ने की फसल के साथ अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया एवं एनपी के खाद की बेहद जरूरत है। स्थानीय सहकारी गन्ना विकास समिति में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान ग्रामीण क्षेत्र से आकर ऋण पत्र भरने के बाद कार्यालय में जमा कर खाद लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन खाद न मिलने से उन्हें खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा है। कार्यालय पर मौजूद गांव इटकुटी निवासी किसान किशन सिंह, अरविंद कुमार, रविंद्र त्रिवेदी, पंकज कुमार आदि ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व खाद के लिए ऋण पत्र संबंधित सुपरवाइजर के पास जमा किया था, लेकिन अब तक उन्हें खाद नहीं मिल पाई है।

पालिका बोर्ड गठन के एक साल पूरे

▸▸ केक काटकर मनाई खुशी, बताई उपलब्धियां उपलब्धियां

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद के बोर्ड गठन के एक साल पूर्ण होने पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता ने बीते साल की उपलब्धियों बताईं तो आने वाले साल के लिए प्राथमिकताओं को भी बताया।

उन्होंने कहा कि नगर में मैरिज लॉन का निर्माण और चौराहों को सौंदर्यीकरण के साथ नगर को साफ-सुथरा व हराभरा बनाना है। उन्होंने ईओ नितिन गंगवार व सभासदों की मौजूदगी में केक काटा। उन्होंने कहा कि उप्र का इकलौता दुधवा टाइगर रिजर्व हमारे शहर से होकर निकलता है, इसलिए सभी प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण के साथ रोड की साइडों को इंटरलाक लगवाकर चौड़ा किया जाएगा। इस दौरान नगर पालिका के सभासदों के अतिरिक्त लिपिक ज्योति मिश्रा, अंकुर सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अध्यक्ष, ईओ व पालिकाकर्मी।

बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : पुराना अस्पताल रोड पर तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार अंकेश पुत्र खुशीराम निवासी मोहल्ला बरबंडा व दूसरी बाइक पर सवार सिद्धांत पुत्र संतोष कुमार निवासी मोहल्ला सिंगहिया गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सीएचसी पलिया भिजवाया और उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने हालत अधिक गंभीर होने पर सिद्धांत पुत्र संतोष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई पंडित नेहरू की पुण्यतिथि

पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

पूर्व महिला जिलाध्यक्ष कोमल सिंह ने कहा देश की आजादी में महात्मा गांधी के साथ अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नेहरू कई वर्षों तक जेल में रहे। भारत को विश्व में एक नई पहचान दी। देश में शिक्षा चिकित्सा रोजगार कारखाने आदि का निर्माण कराया। देश को एक सूत्र में प्रयोग कर नई दिशा दी। जिला उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी ने कहा कि देश में जो विकास दिखाई दे रहा है। वह पंडित नेहरू की देन है। जब देश आजाद हुआ था। देश में कोई भी निर्माण कर नहीं हुए थे। सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण भारत में हुआ। इस दौरान रवि गोस्वामी, नवाज खान, रघुनंदन राज, लाल बहादुर, सत्यदर गुप्ता, महेश कुमार, अक्षय कुमार आदि रहे।

पुण्यतिथि पर याद किये गये पंडित नेहरू

गोला के सीजीएन पीजी कालेज में पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : सीजीएन पीजी. कॉलेज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सिंह ने महाविद्यालय परिसर में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने बताया कि पं. जवाहर लाल नेहरू ने 27 मई 1964 को त्रिमूर्ति भवन में अंतिम सांस ली थी। नेहरू की अंतिम इच्छा यह थी कि अगर उनकी मृत्यु दूसरे देश में होती है तो उनका अंतिम संस्कार उसी देश में कर दिया जाए और अस्थियों को संरक्षित न किया जाए बल्कि उन्हें इलाहाबाद की गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया जाए। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. बृजगोविन्द एवं छात्र/छात्राओं ने भी नेहरू जी को पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित कर पंडित नेहरू के राष्ट्रहित में किये गये योगदान की चर्चा की।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

शीघ्र चाहिए

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000

प्लाट बिकाऊ है

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।

पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला- अयोध्या

मो0नम्बर = 9721860359 9415548728

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने बडे पुत्र सलमान के गलत आचरणों से दुखी होकर उससे सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। - जान मोहम्मद पुत्र स्व0 अली जान निवासी तिवारी पुरवा बहराईच रोड, परगना व तहसील गोण्डा।

सूचना

सूचित हो कि मैं ANWAR AHMAD SIDDIQUI पुत्र WAQAR AHMAD निवासी:- 504/89, बरौलिया, टैगोर मार्ग, डालीगंज, लखनऊ का हूँ, मैंने अपना नाम ANWAR AHMAD से बदलकर ANWAR AHMAD SIDDIQUI रख लिया हैं, आज से मुझे ANWAR AHMAD SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये

सूचना

पूर्व में मेरा नाम दिब्या सोनी (DIBYA SONI) था। अब भविष्य में मुझे दिव्या सोनी (DIVYA SONI) के नाम से जाना व पहचाना जाए। दिव्या सोनी पत्नी हिमांशु सिंह आई - 306 केशवपुरम कल्याणपुर कानपुर नगर।

सूचना

मैंने अपना नाम PANKAJ KUMAR TRIPATHI से बदलकर PANKAJ TRIPATHI रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- SURENDRA KUMAR TRIPATHI ADD- 2/667 VIKAS NAGAR SECTOR 2, LUCKNOW (U.P.).

सूचना

सूचित हो कि मेरा पुत्र वसीम अहमद व उसकी पत्नी रहनुमा बानो मुझसे अलग रहते हैं। दोनों का चाल चलन ठीक नहीं है। वे मुझे बराबर परेशान कर रहे हैं। वसीम अहमद और रहनुमा बानो की गलत आदतों से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नही है। - मो. नईम सुत मो. अमीन ग्राम भण्डारखाना हसनपुर थाना बंधुआकलां तहसील सदर जिला सुलतानपुर

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम KM. MOHINI DEVI था से बदलकर MOHINI SRIVASTAVA रख लिया है। अब मुझे MOHINI SRIVASTAVA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O SARVESH KUMAR, ADDRESS- 4/12, SAHARA STATE ROAD SECTOR- H, JANKIPURAM LUCKNOW, PIN- 226021

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र आयुष गुप्ता पुत्र स्व0 मोनू गुप्ता निवासी- संगीत टाकीज देवीदीन का हाता थाना सीसामऊ कानपुर नगर की गलत आदतें व क्रिया कलाप अच्छा न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों, सरकारी/ अर्द्धसरकारी लेन-देन व कानूनी कार्यवाही से मेरा व मेरा परिवार का कोई सरोकार व वास्ता न होगा। समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी स्व0 मोनू गुप्ता निवासी- संगीत टाकीज देवीदीन का हाता थाना सीसामऊ कानपुर नगर उ0प्र0।

सूचना

सूचित हो मेरी भा0जी0बी0निगम की पालिसी सं0- 217209194 में मेरा नाम नन्हे अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य आवश्यक कागजात में मेरा नाम मेवा लाल दर्ज है। मुझे गांव में नन्हे कहा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम मेवा लाल व नन्हे एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे हैं। अतः मेरा नाम मेवा लाल माना जाये। मेवा लाल पुत्र राम बहादुर निवासी पूरे निरही मजरे बिरनावा थाना डीह तहसील सलोन जिला रायबरेली।

सूचना

मैंने अपने पुत्र योगेंद्र सिंह के गलत सोहबत में पड़ जाने के कारण संबंध विच्छेद करते हुए चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। योगेंद्र सिंह से किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मुझसे और मेरे घर वालों से कोई सरोकार नहीं होगा। फूल श्री पत्नी रामनरेश निवासी सरैया चुंगी कचौरा रोड इटावा।

सूचना

बैनामा संख्या 6479 दिनांक 15-12-1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकर दयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आई के शर्मा को दिया गया था। क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8.2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किंतु प्रथम बैनामा 6479 रास्ते में कहीं गिर गया है। मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा

सूर्य हुआ तल्ख, जरूरी काम को ही निकले लोग

गर्मी के चलते सुबह आठ बजे से ही शुरू हुई तपन, परेशान होते दिखे लोग, सड़कों और गलियों में पसरा रहा सन्नाटा

मौसमी की मार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। मई माह में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी से जानमानस बेहाल है। दोपहर दस बजते ही सूरज की किरणों ने आग बरसाना शुरू कर दिया है। ऐसे में घरों से निकले लोग धूप से बेहाल हो जा रहे हैं। जरूरी कार्यों से निकले लोग सिर से पांव तक रुमाल, टोपी आदि से ढक कर लू से बचाव करते हुये आ जा रहे हैं। वहीं स्कूली बच्चों भी भीषण गर्मी से बेहाल हो गये हैं।

सुबह आठ बजते ही गर्मी के तपन से लोग बेहाल रहे। दोपहर बारह बजते ही गर्म हवाएं चलने से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। केवल जरूरी काम से निकलने वाले लोगों की ही चहलकदमी सड़कों पर दिखाई देती है। दोपहर होते ही हर कोई छांव की तलाश में इधर-उधर भटकता रहता है। आने जाने वाले राहगीर किसी तरह सिर छिपाते हुये अपने घरों को पहुंचे। अधिकांश लोग छाते के सहारे धूप का बचाव करते रहे। इसके साथ ही दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी होने पर छात्र-छात्राएं धूप से बचने के लिये छाता का सहारा लेकर घर जाते हैं। वहीं पारा बढ़ने से हीट स्ट्रोक का भी खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही दोपहर के समय मुख्य मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहता है।

धूप से बचाव के लिये छाता लगाकर जाती महिला। अमृत विचार

पीएचसी में मरीजों की लगी लाइन, खराब पंखा। अमृत विचार

बोले डॉक्टर, ये बरतें सावधानी

- मधु होम्यो केअर के डॉक्टर निखिल सिंह चौहान ने लोगों को सलाह देते हुये कहा कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में डायरिया, बुखार व भूख नहीं लगने की शिकायत होती है। तेज धूप होने पर शरीर ढक कर ही निकले। जिससे हीट स्ट्रोक से बचा जा सके।

अव्यवस्था : पंखे खराब, मरीज परेशान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। मई माह में गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगे कई पंखे काफी दिनों से खराब पड़े हुये हैं। जिससे लाइनों में खड़े मरीजों को गर्मी के कारण बैचेन होना पड़ रहा है।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी कराने के लिये रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंचते हैं। जिससे अस्पताल परिसर में मरीजों की भारी भीड़ रहती है। जिस कारण ओपीडी कराने वाले मरीजों को लाइनों में खड़ा होना पड़ता है। वहीं पीएचसी में लगे कई पंखो पिछले कई दिनों से खराब पड़े हुये हैं। जिस कारण गर्मी में लाइनों में खड़े लोग चकरा कर फर्श पर बैठ जाते हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की इस ओर नजर नहीं पड़ रही है। जिससे रोजाना आने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। केन्द्र पहुंचे मरीजों ने बताया कि अक्सर पीएचसी में लगे पंखे नहीं चलते हैं। जिससे इस भीषण गर्मी में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बोले जिम्मेदार...

अस्पताल परिसर में लगभग एक दर्जन पंखे लगे हुये हैं। जिनमें दो पंखे खराब हैं। मैकेनिक को बुलाया था लेकिन वह पंखों को ठीक नहीं कर सका। एक, दो दिन में पंखे की मरम्मत करा दी जायेगी।

डॉ. रवि प्रकाश सचान, पीएचसी प्रभारी

फेस न आने से चार मोहल्लों की गुल रही बिजली

शुक्लागंज, उन्नाव। रविवार रात से सोमवार के बीच नगर के अलग-अलग मोहल्लों में हुये फाल्टों के कारण बिजली व्यवस्था चरमराई रही। जिससे हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं मरम्मत कार्य करने में बिजली कर्मी भी परेशान रहे। दोपहर के समय बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला उठे। रविवार रात लगभग दस बजे नगर के आनंद नगर मोहल्ले में 250 केवीए के ट्रांसफार्मर की एलटी कट गई। जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज आने लगा। जिस कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जानकारी विभाग को दी। इसके बावजूद रात के समय मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। जिससे सैकड़ों घरों में लो वोल्टेज आता रहा। सोमवार दोपहर करीब बारह बजे कर्मचारियों ने मरम्मत की। जिसके बाद आपूर्ति सामान्य हो सकी। वहीं गांधी नगर, मदनी नगर, निषाद मार्केट में भी एक फेस न आने से लगभग तीन सौ उपभोक्ता विजली न आने से परेशान रहे। गर्मी के बीच सुबह से दोपहर तक घंटे आपूर्ति रहने से गर्मी में लोगों का हाल बेहाल रहा। इसके अलावा नगर के अन्य मोहल्लों में हुये फाल्टों के कारण भी घंटों बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

केबल डालने का काम करते संस्था के कर्मचारी। अमृत विचार

आठ घंटे आपूर्ति बंद कर पांच सौ मीटर डाली गईं केबलें

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- गर्मी से परेशान होते रहे उपभोक्ता, नगर में चल रहा है जर्जर तार बदलने का काम

अमृत विचार। नगर के कई मोहल्लों में जर्जर तार होने के कारण आपूर्ति के दौरान घटनाएं हो रही हैं। जिसे देखते हुये बिजली विभाग तार बदलवाने का काम करा रही है। सोमवार को नगर के आर्य नगर और मंशा खेड़ा में तार बदलने के दौरान सुबह से देर शाम तक बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला उठे।

सोमवार को कार्यदायी संस्था के कर्मचारी नगर के आर्य नगर और मंशा खेड़ा मोहल्ले में पहुंचे। जहां सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक का शट डाउन लेकर विद्युत पोल से पुरानी एबीसी लाइनों को नीचे उतारा गया। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डालने का काम किया गया। तेज धूप होने के कारण काम कर रहे कर्मचारियों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं सुबह से शाम तक बिजली न आने पर घरों में मौजूद महिलाएं और बच्चे उबल गये। इसके साथ ही इनवर्टर तक धड़ाम हो गये। वहीं कार्य का जायजा लेने के लिये जेई विष्णु शुक्ला बिजली कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने काम कर रहे कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये। जेई ने बताया कि सोमवार को पांच सौ मीटर नई एबीसी लाइन डालने का काम कराया गया है। शाम करीब छह बजे कार्य पूरा होने के बाद दोनों मोहल्लों की आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली।

चंदन घाट पर झाड़ियों में मिला कई दिन पुराना अज्ञात युवक का शव

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के हाइवे स्थित जाजमऊ चंदन घाट पर सोमवार देर शाम झाड़ियों में कई दिन पुराना शव आस पास के लोगों ने पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्रीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है।

सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे चंदन घाट पर मौजूद लोगों को झाड़ियों से दुर्गंध आई तो झाड़ियों में झांक कर देखा, जहां एक चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव पड़ा था। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया। झाड़ियों में शव पड़ा होने पर कुछ लोगों ने हत्या का आशंका जाहिर की है। इसकी जानकारी जाजमऊ चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को झाड़ियों से बाहर निकलवाया। जिसके बाद आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। मृतक नीली जीन्स और पीले रंग की शर्ट पहने हुये था। चौकी इंचार्ज विमल गोयल ने बताया कि शव कई दिन पुराना है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। जिस पर 72 घंटे के लिये शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। वहीं इससे पहले भी क्षेत्र में कई अज्ञात शव मिल चुके हैं लेकिन पुलिस किसी भी शव की पहचान नहीं करा पाई है।

मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

दुष्कर्म का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सफीपुर पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार किया। सफीपुर थाना प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि ग्राम निहालपुर निवासी कौशल कुमार पुत्र जगतपाल पासी के खिलाफ थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज था। वह दर्ज मामले में वांछित चल रहा था। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान दरोगा सीताराम ने उसे जमालुद्दीनपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने दर्ज मुकदमें के आधार पर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट भेजा है।

पुलिस गिरफ्त में खड़ा आरोपी।

दो युवक व युवती ने निगला जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुईं अलग-अलग घटनाएं

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत अलग-अलग कारणों से दो युवक व एक युवती ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उनके परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया गया है।

केस 01 कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर गांव के मजरा मल्लाहन पुरवा निवासी संदीप (25) पुत्र बहादुर की पत्नी किसी बात से नाराज होकर बिना बताए अपने मायके चली गई। इसी से आहत संदीप ने बीते रविवार रात घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेजा लेकिन परिजनों ने उसे कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

केस 02 नगर के मोहल्ला अलावा नगर के मस्तू टोला निवासी गिरीश कुमार की बेटी अपेक्षा (24) ने घर में हुई कहासुनी के बाद सोमवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। उल्टियां शुरू होने पर परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

केस 03 कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी पंचम लाल के बेटे अनूप (35) ने भी जहरीला पदार्थ निगल कर अपनी जान देने की कोशिश की। समय रहते परिजनों को इसकी जानकारी होने से वह उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे भी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

सार-संक्षेप

विधायक ने पंखे बांट गर्मी में पहुंचाई राहत

उन्नाव। मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी से आम जनमानस बेहाल है। जिसे देखते हुये सोमवार को सदर विधायक ने सड़क के किनारे झुग्गी झोपड़ी डालकर रहने वाले परिवारों को इलेक्ट्रानिक पंखे बांटकर राहत पहुंचाई है। सोमवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर तिराहे के पास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को पंखे बांटे। इसके साथ ही बिजली कनेक्शन भी दिये। गर्मी में पंखे पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल गये। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि नौतपा नक्षत्र में जहां एक ओर गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। वहीं सड़क के किनारे रहने वाले लोगों को रोजाना लूट और सूर्य की तल्खी झेलनी पड़ रही है। ऐसे में उन्होंने पंखे और बिजली कनेक्शन देकर उन्हें कुछ राहत पहुंचाने का काम किया है।

पालिकाध्यक्ष के वार्ड में हुई सफाई

शुक्लागंज, उन्नाव। गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लेकर पालिका अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये सोमवार को पालिकाध्यक्ष के वार्ड में वृहद स्तर पर साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये पिछले कई दिनों से अभियान चला रहा है। उसी को देखते हुये सोमवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के गृह वार्ड 12 डॉकतार कॉलोनी में अभियान चला गया। जहां एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देख रेख में सफाई कर्मियों ने मोहल्ले की सभी गलियों में वृहद स्तर से साफ सफाई की। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वेक्टर जनित रोगों के खात्मे के लिये बराबर अभियान चलाकर साफ सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है।

पुलिस ने गोकशी के वांछित को पकड़ा

उन्नाव। एसपी के निर्देश पर आसीवन पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोकश के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की है। सोमवार को दरोगा राजीव भदौरिया हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोकशी में वांछित ग्राम आसीवन तरफ पश्चिम थाना आसीवन निवासी साबान पुत्र हुसैन अहमद को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 2 गड़ासे व एक अदद ठीहा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

तमंचे, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। सोमवार को दरोगा योगेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार दुबे मौरांवा कस्बा के पास चेकिंग कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने युवक के पास से 12 बोर तमंचा और जिंदा कारतसू बरामद किया। आरोपी ने अपना नाम ग्राम संजर खेड़ा निवासी इमरान पुत्र लतीफ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर निवासी एक युवक की पत्नी दो माह पहले मायके चली गई थी। सोमवार रात युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। बालूघाट चौकी क्षेत्र के श्रीनगर निवासी स्वर्गीय विनोद गुप्ता का 25 वर्षीय बेटा कुणाल गुप्ता की 2 साल पहले दिव्यांशी से शादी हुई थी। उसकी 9 माह की एक बेटी है। दो माह पहले पत्नी झगड़ कर मायके चली गई। जिससे कुणाल डिप्रेशन में आ गया। सोमवार रात लगभग 9:45 बजे कुणाल ने कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां रागिनी कि उस पर नजर पड़ी। बेटे को फांसी पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है। वही कुणाल की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

'नहीं कहती किसी से प्यार मत करना, हो जाए तो...'

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। रविवार रात गायत्री नगर में सार्वजनिक साहित्यिक मंच द्वारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। गायत्री नगर सार्वजनिक साहित्य मंत्र के तत्वावधान में रविवार रात विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथियों को पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। जिसके बाद आये कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। जिसमें बरेली से आये कवि कमलकांत तिवारी ने कहा कि भारत की संसद से और सियासतदारों से जीती जाती है जंग लगे हथियारों से। जिसके बाद कवयित्री शिखा मिश्रा ने कहा कि नहीं कहती किसी से प्यार मत करना, हो जाये तो इस बात का इजहार मत करना...। हास्य कवि सुशील झंझटी, कानपुर के डॉ. विनोद त्रिपाठी, कवयित्री सौम्या मिश्रा, कवि शिवाकांत मिश्रा, वेद प्रकाश संजर, ध्रुव चंद्र त्रिपाठी ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों पर अपनी कविता सुनाई। इस मौके पर सुधा तिवारी, बृजेश नंदन दीक्षित, राम प्रकाश शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, अतुल अग्निहोत्री, सत्येन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

जेठ माह का बड़ा मंगल आज, होगा सुंदरकांड

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मान्यता है कि मंदिर में माथा टेकने से पूरी होती मनौतियां
- 15 वर्ष पूर्व हुआ था मंदिर का निर्माण

अमृत विचार। जेठ माह का पहला बड़ा मंगल आज है। गौरी गांव स्थित पवन तनय मंदिर की मान्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मान्यता है कि मंदिर में माथा टेकने से सभी मनौतियां पूरी होती हैं। जनपद का यह इकलौता मंदिर है, जहां विधवा पुजारी प्रतिदिन पूजा अर्चना संपन्न करतीं हैं। पहले बड़े मंगल पर मंदिर में सुबह विशेष पूजन-अर्चन होगा।

अनुयायियों के बीच राष्ट्रसंत की पदवी से विभूषित मोरारी बापू वर्ष 2003 में गौरी गांव स्थित मनोहरा बालिका महाविद्यालय रामकथा सुनाने आए थे। मनोहरा मोहिनी पब्लिक स्कूल के संस्थापक कमला शंकर अवस्थी ने 15 वर्ष पहले व्यास पीठ स्थल पर चिरंजीवी माने जाने वाले हनुमान जी का ध्यान मुद्रा विग्रह स्थापित कराते हुए पवन तनय मंदिर का निर्माण कराया था। स्थापना के बाद से ही मंदिर में पुजारी का दायित्व विधवा महिला शैल कुमारी संभाल रही हैं। शायद यह इकलौता हनुमान मंदिर है जहां विधवा महिला पुजारी नियुक्त हैं। इस हनुमान मंदिर में रोज पूजा अर्चना होती है, जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर कमेटी के प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बताया कि जेठ माह के पहले बड़े मंगल पर यहां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ के बाद विशेष पूजन-अर्चन होगा। इस धार्मिक समारोह में विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चे स्वेच्छा से शामिल होने पहुंचेंगे।

पवन तनय मंदिर में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा। अमृत विचार

जगह-जगह बंटेगा प्रसाद व शर्बत

- जेठ माह के पहले बड़े मंगल पर शहर में जगह-जगह भंडारा व शर्बत वितरण किया जाएगा। इसके लिए श्रद्धालुओं ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर रखी हैं। स्टेशन रोड स्थित बड़े हनुमान मंदिर, मोतीनगर स्थित हनुमान व भोलेनाथ मंदिर, झंडेश्वर महादेव मंदिर, बड़ा चौराहा, गांधीनगर तिराहा, आवास विकास कालोनी व सिविल लाइंस सहित अन्य स्थानों पर भक्तगण स्टाल लगाकर भंडारा व शर्बत वितरण करेंगे।

लापरवाही नगर पालिका की ओर से दस दिनों से बराबर चलाया जा रहा है अभियान, फिरभी नहीं हुई सफाई

हो रही नालों की साफ-सफाई, फिर भी बजबजा रहे नाले

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। शासन ने मानसून को देखते हुए सभी छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये थे। जिस पर नगर पालिका गंगाघाट की ओर से दस दिनों से बराबर अभियान चलाकर नगर के वार्डों में बने नाली-नालियों की साफ-सफाई कराई जा रही है। इसके बावजूद क्षेत्र के अधिकांश बड़े नाले अभी बजबजा रहे हैं। समय रहते इनकी साफ सफाई नहीं हुई तो बरसात के दिनों में निचले मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बनी रहेगी।

शासन ने 30 जून तक सभी नाले-नालियों की साफ सफाई कराने के निर्देश दिये हैं। जिस पर गंगाघाट पालिका प्रशासन ने 16 मई से नगर के छोटे-बड़े नालों की साफ सफाई का काम शुरू करा दिया था। पालिका की ओर से नाला साफ सफाई कराने वाले संसाधनों के साथ कई दिनों से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके बावजूद अभी कई छोटे-बड़े नाले बजबजा रहे हैं। वहीं नगर का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण नाला राजधानी मार्ग का है। जो कई स्थानों पर बजबजा रहा है। इस नाले की पूरी तरह से साफ सफाई हो पाना पालिका प्रशासन के लिये टेढ़ी खीर साबित होगा, क्योंकि फोरलेन के दोनों ओर दुकानदारों ने नालों के ऊपर रखे पत्थरों में सीमेंटेड फर्श बनवा दी है। जिससे इस नाले की साफ सफाई नहीं हो पायेगी। ऐसे में बरसात के दिनों में नगर के सर्वोदय नगर, कंचन नगर, कृष्णा नगर, आदर्श नगर, गोपीनाथपुरम, साकेतपुरी, नेहरू नगर, अंबिकापुरम के अलावा अन्य निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रहेगी। जिससे बारिश के दिनों में इन मोहल्ले में रहने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

फोरलेन अंबिकापुरम के पास बजबजाता नाला। अमृत विचार

क्या कहते हैं जिम्मेदार

16 मई से 30 जून के बीच नगर के छोटे-बड़े नालों को अभियान चलाकर साफ करने के निर्देश है। उससे 15 दिन पहले ही वार्डों में बनी नाली, नालियों और नगर के प्रमुख नालों को पूरी तरह से साफ करा दिया जायेगा। जिससे मानसून के समय नगर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति न बन सके।

मुकेश कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गंगाघाट

शिव तांडव देखने उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ में 27वें विशाल भंडारे के लिये राजधानी मार्ग सब्जी मंडी में अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान की ओर से कलेक्शन सेंटर खोला गया है। जहां रविवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां पूरी रात लोग शिवतांडव के अलावा अन्य कार्यक्रमों में झूमते रहे।

नगर में अमरनाथ यात्रा के लिये श्री अमरनाथ सेवा मंडल का कलेक्शन सेंटर खोला गया था। जहां कार्यकर्ताओं ने बताया कि मंडल का भंडारा पवित्र गुफा, शेषनाग, बुराड़ी टॉप, पंचतरणी, बालटाल, यात्री निवास जम्मू में कराया जाता है। राशन सामग्री 1 जून को शुक्लागंज से बाबा अमरनाथ धाम के लिये प्रस्थान करेगी।

अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा राजधानी मार्ग स्थित पाल मार्केट में रविवार रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेश किये गये शिव तांडव व राधा कृष्ण की झांकी देख वहां मौजूद लोग झूम उठे। कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। जिसे देख वहां मौजूद भक्तों ने दांतों के तल उंगलियां दबा ली। इससे लोगों ने शिव तांडव, जीवित सर्पों के साथ नृत्य, भस्म आरती, राधा कृष्ण की झांकी का भरपूर आनंद उठाया। इस मौके पर मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिव तांडव प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

ट्रेनों की चपेट में आने से दो लोगों की हुई मौत

कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर जैतीपुर व अजगैन रेलवे स्टेशन के पास हुए हादसे, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- क्रॉसिंग पार करते समय नहीं देख पाया ट्रेन को
- शव को देखकर बिलख उठे परिजन

अमृत विचार। लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर अजगैन रेलवे स्टेशन के पास एक अधेड़ ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई। दूसरा हादसा इसी रेलमार्ग पर जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ। इसमें एक सीमेंट फैक्ट्री के श्रमिक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शवों को परिजनों के सुपुर्द किया।

टहलते समय आया ट्रेन की चपेट में : अजगैन कस्बा निवासी अशोक (49) पुत्र शिव प्रसाद दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी कर अपना परिवार पालते थे। रविवार रात को खाना खाने के बाद वह घर से टहलने निकले। अजगैन रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रासिंग पार करते समय वह ट्रेन को नहीं देख पाए और कोच के हैंडल से टकरा गंभीर घायल हो गए। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर होने के कारण वहां से उसे कानपुर रेफर किया गया। जिस पर परिजन घायल को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डाक्टरों ने जवाब दे दिया। इस पर परिजन फिर जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर अजगैन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मौत से पत्नी मिथलेश कुमारी, वृद्ध मां शांति देवी सहित पांच बेटे अमित, सुमित, मयंक, ऋतिक व वंश रो-रो कर बेहाल हो गये। एसएचओ अवनीश कुमार सिंह ने बताया ट्रेन की टक्कर से मौत की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

केस 01

अशोक।

केस 02 ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा

- बलिया जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के छोटी विपहरी गांव निवासी विजय शर्मा (44) स्व. राम प्रवेश अजगैन कोतवाली के गौरा कठेरवा गांव के पास स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री मजदूरी करता था और अन्य मजदूरों के साथ फैक्ट्री के अंदर बने क्वार्टर में रहता था। वह गांव से अपने चचेरे भाई प्रमोद के साथ एक माह पहले ही आया था। सोमवार सुबह सोकर उठने के बाद वह पास में जैतीपुर रेलवे स्टेशन की ओर गया। जहां ट्रैक पार करते समय वह डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। स्टेशन मास्टर सतीश कुमार की सूचना पर जीआरपी पहुंची और शव ट्रैक से हटवा रूट क्लियर कराया। ट्रेन से कटने की सूचना पर अन्य मजदूरों के साथ छोटा भाई पहुंचा और शव देख कर बिलख उठा। पहचान के बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया। इसके बाद परिजन शव लेकर अपने घर निकल गए। पति की मौत की खबर मिलते पत्नी पूनम बदहवास है। उसके दो बच्चे तनु और बेबी है। एसओ जीआरपी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया स्टेशन मास्टर के मेमों पर जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

केस 03 करंट की चपेट में आए किराना व्यापारी की मौत

संजय।

- पुरवा, उन्नाव। निर्माणाधीन मकान में तराई के लिए पानी मोटर चालू करते समय किराना व्यापारी करंट की चपेट में आकर झुलस गया। काफी देर बाद परिजनों की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। मेन स्विच बंद कर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुरवा कोतवाली व कस्बा के मोहल्ला मुंशफी निवासी संजय गुप्ता (42) पुत्र मिश्रीलाल मोहल्ले में ही किराने की दुकान चलाता था। वह मोहल्ले में ही अपने मकान का निर्माण करवा रहा था। सोमवार दोपहर मकान में लगी पानी की मोटर चलाने गया। तभी वह मोटर के कटे तार की चपेट में आकर झुलस गया। किसी काम से पहुंचे परिजनों ने उसे मोटर के पास पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। मेन लाइन बंद कर आनन-फानन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से वृद्ध पिता सहित पत्नी सोनी, बेटे नितिन, अश्मित रो-रो कर बेहाल हो गये। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजन ने तहरीर दी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

फसल की रखवाली कर रहे किसान पर किया फायर, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव जिले के हसनगंज कोतवाली अंतर्गत मीरखेड़ा में फसल की रखवाली कर रहे किसान पर अज्ञात हमलावरों ने फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गया। जान बचाकर भागे किसान के शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले। सूचना पर एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की वहां उन्हे एक खोखा भी पड़ा मिला। हालांकि पूछताछ में किसान ने फायरिंग से इंकार किया है लेकिन घटना स्थल पर साक्ष्य मिलने से पुलिस जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र मीरखेड़ा निवासी छोटेलाल पुत्र दुर्गादीन किसान हैं। उसने बताया कि अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली करने के लिए वह रविवार रात खेत पर मौजूद था और खेतों की रखवाली कर रहा था, तभी मध्य रात्रि लगभग डेढ़ बजे खेत के दूसरे छोर पर उसे कुछ लोग संदिग्ध हालात में खड़े दिखाई दिये। उसके ललकारने पर उन लोगों ने छोटेलाल पर फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल बाल बच गया और जान बचाकर शोर मचाते हुए गांव की ओर भागा। शोर सुन कर पास खेतों में सो रहे किसान दौड़े, यह देख हमलावर भी मौके से भाग निकले। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र व चौकी इंचार्ज दीपक कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस को घटनास्थल पर एक कारतूस का खोखा मिला है। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, पूछताछ में छोटेलाल ने फायरिंग की घटना से इंकार किया है।

मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

मौके पर मिला कारतूस का खोखा।

पेड़ काटने की पुष्टि के बाद चार आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

फॉलोअप

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

- एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- ग्राम समाज की जमीन पर लगे 500 पेड़ काटे गए थे

अमृत विचार। हसनगंज तहसील के हाजीपुर तरेहा ग्राम प्रधान ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए ग्राम सभा की जमीन पर लाखों रुपये कीमत के पेड़ चोरी से काटने का आरोप चार लोगो पर लगाया था। एसडीएम के निर्देश पर एक जांच टीम बनाई गई। जिसने जांच में आरोप सही पाए गए। इस पर लेखपाल ने चार लोगो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दे हाजीपुर तरेहा गांव के बाहर भूलईहा तालाब के किनारे करीब 500 यूकेलिप्टस के पेड़ लगे थे। इनको गांव के कुछ लोगों ने चोरी से काट कर बेंच डाला। इनमें 150 पेड़ कुछ माह पहले व 350 पेड़ हाल में ही काटे गए। ग्राम प्रधान सरोज ने एसडीएम हसनगंज से शिकायत की थी। उनके निर्देश पर नायब तहसीलदार अमित त्रिपाठी, लेखपाल प्रियंका सिंह व वन विभाग डिप्टी रेंजर श्रीकांत त्रिवेदी ने गांव जाकर जांच की थी। इसमें पेड़ो के काटे जाने की पुष्टि हुई है। वन विभाग ने काटे गए पेड़ो की 7.40 लाख आंकी है। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल प्रियंका सिंह ने हाजीपुर तरेहा निवासी सुजीत पुत्र राधेलाल, भूरे, पप्पू, व पच्चू पुत्रगण बाबू के कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि शिकायत जांच कराई गई। आरोप सही मिलने तीन भाइयों सहित चार पर कार्रवाई की गई है।

मौके पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

बकाया मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। सीमेंट का बकाया रुपया मांगने पर दो सगे भाइयों ने रुपया देने से इंकार करते हुए व्यापारी को जान से मारने की धमकी दी। फर्म मालिक की तहरीर पर बेहटा मुजावर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योली इस्लामाबाद निवासी सर्वेश कुमार गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि उसकी शौर्य ट्रेडर्स नाम की फर्म है। जिसमें में थोक में सीमेंट बिक्री का कारोबार करता है। बताया कि थाना फतेहपुर चौरासी अंतर्गत ग्राम सकरौली निवासी दुर्गेश व मुनेंद्र यादव पुत्रगण शिवनाथ यादव से सीमेंट बिक्री का लेन-देन करता रहा है। उसे दोनों भाइयों करीब 80 हजार बकाया है। उसने जब अपना रुपया मांगा तो उन्होंने देने इंकार कर दिया। साथ ही तगादा करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

सड़क हादसों में युवक की मौत, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, मामा घायल
- एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित डीसीएम पलटी, तीन जख्मी

अमृत विचार। माखी थाना अंतर्गत टेलर के यहां से कपड़े लेकर लौटते समय डंपर की टक्कर से बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा मामा घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं औरास थाना अंतर्गत एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम अनियंत्रित हो कर पलट गई। इससे सवार तीन व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई। जिन्हे इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है

अनिल।

डंपर से कुचल कर हुई मौत : माखी थानाक्षेत्र के पुरवा गांव निवासी अनिल पाल उर्फ नन्हेलाल (32) पुत्र राम खेलावन दिल्ली में मजदूरी करता था। तीन साल पहले बड़े भाई सहजराम की मौत के बाद वह गांव लौट आया। खेती के साथ वह मजदूरी भी करता था। रविवार देर शाम वह पंडित खेड़ा निवासी अपने रिश्ते के मामा श्याम लाल पुत्र बाबू के साथ चकलवंशी में टेलर की दुकान से कपड़े लेने गया था। जहां से लौटते समय संडीला-चकलवंशी मार्ग पर मेथीटीकुर गांव के पास पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा अनिल उछलकर सड़क पर गिर गया। डंपर उसे कुचलते हुए निकल गया। जबकि पीछे बैठा श्यामलाल को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मियागंज सीएचसी भेजा। हादसे की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। उसकी मौत से मां सुमित्रा, छोटा भाई अशोक बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। डंपर भाग निकला। उसकी तलाश की जा रही है।

मौत पर गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

घायलों को लखनऊ किया रेफर

बिहार प्रांत के मधुबनी जिला के पिरोखर गांव निवासी पवन माथुर डीसीएम लेकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से लखनऊ जा रहा था। तभी बांगरमऊ टोल प्लाजा पर लखनऊ के माडल सिटी बुद्धेश्वर निवासी पंकज व एटा के नयागांव सरायघाट निवासी राजकिशोर मिश्रा भी लखनऊ जाने के लिए डीसीएम पर बैठ गए। औरास थाना क्षेत्र के गहाखेड़ा गांव के पास चालक को अचानक झपकी आने से डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक सहित तीनों लोग घायल हो गए। यूपीडा की एंबुलेंस से उन्हे सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेजा गया। वहीं क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन से सीधा करा टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।

चोरी की दो बाइकों के साथ एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बांगरमऊ पुलिस ने एक वाहन चोर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। जहां उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद करते हुये उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

दरोगा जिब्राइल शेख हमराहियों के साथ सोमवार को गश्त पर थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम घनौती थाना कटिया जिला गोपालगंज (बिहार) हाल पता दूलम सिंह महाविद्यालय जगतनगर थाना बांगरमऊ निवासी बऊका यादव उर्फ छोटू पुत्र जोधा यादव को भुड्डा चौराहे से गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की और उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट भेजा है।

चोरी की बाइक के साथ पुलिस गिरफ्त में खड़ा आरोपी। अमृत विचार

हराभरा बनने की ओर बढ़ रहा परिषदीय विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सीमावर्ती बिछिया ब्लाक क्षेत्र के शिवपुर (पड़री) उच्च प्राथमिक विद्यालय अगले कुछ वर्षों में जिले का सबसे अधिक हरियाली युक्त परिषदीय स्कूल बन सकता है। ऐसा विद्यालय के प्रधान शिक्षक संजय कुमार कनौजिया के पर्यावरण प्रेम की वजह से होगा। उन्होंने पिछले मानसूनी सीजन में विद्यालय परिसर में डेढ़ सैकड़ा से अधिक पौधे रोपे थे।

इस परिषदीय विद्यालय में प्रधान शिक्षक ने कार्यरत स्टाफ व बच्चों की सहभागिता कराते हुए कई चरणों में 180 पौधों का रोपण कराया। इसमें आंवला, अनार, पाकड़, पाम, आम आदि प्रजातियों के पौध बहुतायत से थे। इसके अलावा पौध रोपण में सहजन, अमरूद, कटहल, गोल्ड मोहर, अपराजिता, शमी, मधुकामनी व मीठी नीम (करी पत्ता) के पौधे भी शामिल किए गए। साथ ही सजावटी पौधों में फाइकस को भी शमिल किया गया। पौध रोपण के बाद पौधों की देखरेख से प्रभावित होकर गांव निवासी पर्यावरण प्रेमी संदीप सिंह ने घर में गमले में लगाया गया एक वट वृक्ष भी विद्यालय को दान करते हुए रोपित कर दिया।

कहा कि कोरोना काल में तमाम जानने वालों को आक्सीजन सिलेंडर के लिए इधर-उधर परेशान होते देखा था। साथ ही खबरों में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों की आक्सीजन के अभाव में मौत होने की खबरें मिली थीं। इसीलिए वह पौध रोपण के जरिए प्राकृतिक आक्सीजन बनाए रखने के लिए सामाजिक सहयोग करना चाहते थे। परिणाम स्वरूप हरियाली से वंचित विद्यालय को ही हराभरा बनाने के लिए पौध रोपण की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि पौध रोपण से पहले तीन-साढ़े तीन फिट गड्ढ़े खुदवाकर चार-पांच साल पुरानी पांस के साथ पानी भरवाया। बाद में पौध रोपण कर 15 दिन के अंतर से प्रति पौधा एक मुठी पांस डालने का सिलसिला चलाया। बारिश के बाद पौधों को संरक्षित रखने के लिए थोड़े से प्रयासों से विद्यालय में सबमर्सिबल की बोरिंग भी कराने में सफलता मिल गई। प्रधान शिक्षक ने साफगोई से स्वीकार किया विद्यालय संचालित रहते स्वयं पौधों को पानी देते रहे, लेकिन अब ग्रीष्मावकाश में गांव के ही एक व्यक्ति को मेहनताना देकर प्रतिदिन पौधों की सिंचाई का जिम्मा सौंप रखा है।

लगाए गए पौधों की सिंचाई करते प्रधान शिक्षक संजय कुमार कनौजिया।

चलती बस में बिगड़ी चालक की हालत, मौत

संवाददाता बिछिया उन्नाव

- उन्नाव डिपो की खाली बस लेकर लौटते समय हुआ हादसा

अमृत विचार। उन्नाव डिपो की खाली बस लेकर वापस लौटते समय रोडवेज बस चालक की हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया।

बारासगवर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी निर्मलेश (55) पुत्र रामबिहारी परिवहन विभाग में चालक पद पर कार्यरत है। रविवार शाम को वह उन्नाव डिपो की बस परिचालक आशीष के साथ गया था। फेरे पूरे होने पर वह सोमवार को बस खड़ी करने वर्कशाप डिपो जा रहा था। तभी दही थाना क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे से वर्कशाप मोड़ के पास हालत बिगड़ गई और अचेत हो गया। बस जब वर्कशाप के अंदर नहीं मुड़ी तो परिचालक दौड़ कर चालक की सीट पर पहुंचा और किसी तरह बस रोकी। एआरएम को इसकी जानकारी दी। इस पर चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एआरएम जीसी वर्मा ने बताया चालक को जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते पत्नी राजकली और बेटा दीपक बेहाल हो गए। वह तीन भाइयों में छोटा था। उसके दो भाइयों की पहले मौत हो चुकी है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अव्यवस्था | महीनों पहले बैनामा करने के बाद भी छोटी जोत वाले किसानों को नहीं मिला मुआवजा

मुआवजा से वंचित किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच सुनाई पीड़ा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का कुछ किसानों को अब तक मुआवजा की धनराशि का भुगतान नहीं हो सका है। निर्माण एजेंसी यूपीडा के नाम रजिस्ट्री कर चुके मुआवजा से वंचित किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम गौरांग राठी से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का शिकायती पत्र लेकर एसडीएम ने एसएलओ से वार्ता कर उन्हें 15 दिन में भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया है।

शासन के निर्देश पर तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे ने राजस्व अमले से यूपीडा अधिकारियों की देखरेख में कृषि भूमि की नापजोख कराई थी। किसानों ने राजस्व अधिकारियों द्वारा चिन्हित जमीनों की नाप के बाद यूपीडा के नाम रजिस्ट्री भी कर दी थी। राजस्व अमले की ओर से लगभग 90 फीसदी किसानों को अधिग्रहीत भूमि की मुआवजा की धनराशि उनके बैंक खातों में स्थानांतरित करा दी, लेकिन संबंधित ग्राम पंचायतों के छोटे किसानों के खातों में अब तक मुआवजा की रकम नहीं पहुंची है। तहसील व एसएलओ कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चुके लगभग दो दर्जन किसान सोमवार को डीएम से मिलने कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए फरियाद सुनाई। कहा कि जीविकोपार्जन का एकमात्र जरिया कृषि भूमि का बैनामा करने के कई माह बीत जाने के बाद भी अब तक मुआवजा नहीं मिल सका है। किसी को बेटी की शादी करनी है तो कोई धनाभाव के चलते बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दाखिला नहीं दिला पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक अधिकारियों ने 15 दिन में भुगतान कराने का भरोसा दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम प्रधान सुनील साहू इससे पहले भी मुआवजा की पैरोकारी कर चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने चुनावी व्यस्तता बताकर टाल दिया था। कलक्टेट परियाद सुनाने पहुंचने वालों में मुंशीलाल, जागेश्वर, महेश कुमार, विश्वनाथ, राजाराम, मनोज, प्रकाश चंद्र, श्याम सिंह व देवेंद्र सिंह सहित करीब दो दर्जन किसान शामिल थे।

फरियाद सुनाने डीएम कार्यालय के बाहर खड़े किसान। अमृत विचार

- गंगा एक्सप्रेस-वे पर औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए अधिग्रहीत हुई है भूमि

आरोपः 'मुट्ठी गर्म' न होने से लटका है भुगतान

किसानों को लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर ही मुआवजे का भुगतान किया जाता है। मुआवजा दिलाने के एवज में राजस्वकर्मी किसानों द्वारा मुट्ठी गर्म न किए जाने तक मुफीद रिपोर्ट नहीं लगा रहे हैं। इसीलिए आर्थिक रूप से मजबूत किसानों से खुश राजस्वकर्मियों ने उन्हें भुगतान करा दिया है, जबकि कई लोगों ने काफी बाद में बैनामा किए थे।

हाईवे पर खराब हुई रोडवेज बस गर्मी से परेशान हो गए यात्री

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ से कानपुर जा रही आजाद नगर डिपो की रोडवेज बस दोपहर दो बजे दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित यूपीएसआरटीसी वर्कशाप के पास खराब होकर खड़ी हो गई। चालक-परिचालक गाड़ी स्टार्ट करने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस पर उन्होंने लखनऊ से कानपुर जा रही दूसरी बस को रुकवाकर सवारियों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

चारबाग लखनऊ से 25 सवारियां बैठकर बस कानपुर के लिए रवाना हुई थी। यहां दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित निगम की वर्कशाप से आगे बढ़ते ही अचानक गाड़ी का इंजन बंद हो गया। चालक व परिचालक ने मिलकर गाड़ी स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। इस पर उन्होंने डिपो को बस खराब होने की सूचना देते हुए लखनऊ से आने वाली दूसरी बस रुकवा कर यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए रवाना कर दिया। दोपहर के समय बस खराब होने पर आधे घंटे से अधिक समय तक यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इस दौरान सबसे अधिक परेशान बस में माता-पिता के साथ यात्रा करने वाले छोटे बच्चे बेहाल हो गए। हालांकि गर्मी के मौसम में अधिकांश बसें खाली ही दौड़ानी पड़ रही हैं। इससे सवारियां स्थानांतरित करने में खराब हुई बस के कंडेक्टर का बहुत अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र में खड़ी बस। अमृत विचार

- दोपहर को भीषण गर्मी से बस सवार बच्चों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

एक नजर

अधिवक्ता के मामले एसपी से मिलेगी कमेटी

हरदोई, अमृत विचार। बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में तय किया गया कि अधिवक्ता मनीष कुमार के प्रकरण पर दो सदस्य जांच कमेटी का गठन किया जाएगा, जो एसपी से मिलकर पूरे प्रकरण की बाबत वार्ता करेगी और अपनी रिपोर्ट बार एसोसिएशन को सौंपेगी। यह भी तय किया गया कि अधिवक्ता मनीष कुमार से प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक दरोगा लल्लन प्रसाद के खिलाफ मामला की जांच करें। अगली रणनीति के लिए 29 मई को आम सभा की बैठक बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण दत्त शुक्ला ने की और संचालन महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

साथियों के साथ घर में घुसकर पति ने की पिटाई

हरदोई, अमृत विचार। अपने साथियों के साथ घर में घुसकर पति ने पत्नी को लाठी-डंडो से पीटा।उसे मार डालने की धमकी देते हुए उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी पति और उसके चार साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार निवासी गीतेश सिंह की पत्नी प्रीती सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार को उसका पति अपने साथी परागी, आदित्य, गौरव और सौरभ परमार के साथ घर में घुसते ही लाठी-डंडो से उसकी पिटाई करने लगा। गीतेश और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते मार डालने की धमकी दी और उसका एंड्रॉयड मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने गीतेश और उसके चारों साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई दिनेश कुमार सिंह को सौंपी गई है।

सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने को तैयार नहीं किसान, रहा सन्नाटा

सरकारी क्रय केन्द्रों से ज्यादा निजी कारोबारी लगा रहे रेट, खरीद न होने से प्रशासन ने व्यापारियों को गेहूं खरीदने से रोका

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिले में सरकारी गेहूं खरीद न होने से प्रशासन ने व्यापारियों से खरीद बंद करने को कहा। व्यापारियों ने कई दिन किसानों का गेहूं नहीं खरीदा। इसके बावजूद किसान मंडियों से अपना गेहूं बिना सरकारी केंद्र पर वापस ला रहे हैं। पूरे जिले में प्रशासन व व्यापारियों के बीच खींचतान मची हुई है। उधर किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच रहे हैं। सरकारी केंद्रों पर खरीद न होने से प्रशासन में खलबली मची हुई है। जिले में गेहूं की खरीद लक्ष्य से कोसों दूर है।

जिला मुख्यालय स्थित मंडी समिति सहित सांडी, शाहाबाद, माधौगंज मंडी में भी किसानों ने गेहूं सरकारी केंद्रों पर नहीं बेचा। उधर व्यापारियों ने प्रशासन के दबाव के चलते गेहूं की खरीद बंद कर दी है, लेकिन फिर भी किसान सरकारी केंद्रों पर सस्ते में गेहूं बेचने को तैयार नहीं हैं। प्रशासन की मनाही पर व्यापारियों से खरीद बंद कर दी है, लेकिन कई दिन बाद भी हालात बदले नहीं। सरकारी केंद्रों पर सन्नाटा ही छाया रहा। प्रशासन ने व्यापारियों को धमकाया भी, लेकिन उनकी धमकी कोई काम नहीं आई। सिर्फ व्यापारी आढ़तों पर गेहूं की खरीद बंद किए हुए हैं। निजी आढ़तों पर गेहूं 2415 रुपये में है, जबकि सरकारी खरीद 2275 में चल रही है। वहीं सरकारी केंद्रों पर किसानों को तमाम समस्याएं भी उठानी पड़ती है। खरीद के लिए कई दिनों तक अपने वाहन केंद्रों पर खड़े करने पड़ते हैं। केंद्रों पर लगे कर्मचारी किसानों के सामने तरह-तरह की दिक्कतें भी पैदा करते हैं, जबकि निजी आढ़तों पर आसानी से और ज्यादा पैसे में गेहूं बिक जाता है। इसको लेकर पूरे जिले में किसान व व्यापारी आक्रोशित हैं। इसी के चलते मंडियों में सन्नाटा फैला हुआ है।

नवीन गल्ला मंडी में पसरा पड़ा सन्नाटा।

व्यापारियों ने की हड़ताल

किसानों के शोषण और व्यापारियों को लाइसेंस सस्पेंड करने की धमकी के बाद गल्ला व्यापारियों ने निश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। अनिश्चितकालीन हड़ताल होने के बाद नवीन मंडी स्थल में पूरी तरह से सन्नाटा छा गया है। एक भी किसान नवीन मंडी में गेहूं लेकर नहीं पहुंच रहा है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक निराकरण नहीं होगा तब तक मंडी में काम नहीं होगा।

क्रय केंद्रों का लक्ष्य नहीं हुआ पूरा

गेहूं क्रय केंद्रों का लक्ष्य पूरा न हो पाने की वजह से प्रशासन काफी चिंतित है। डीएम के मौखिक फरमान के बाद मंडी सचिव अमित सिंह ने व्यापारियों को लाइसेंस सस्पेंड करने की धमकी दी थी, उसके बाद से मंडी में गेहूं की आवक की पूरी तरह से बंद हो गई है और क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं।

क्रय केंद्र से अधिक है भाव

सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों के गेहूं का रेट 2275 रुपए है जबकि खुले बाजार में 2415 रुपए में गेहूं बिक रहा है। सोमवार का शाहजहांपुर मंडी रेट 2431 रहा। इसलिए किसान एक भी दान क्रय केंद्रों पर देने के पक्ष में नहीं है।

नवीन मंडी स्थल में हड़ताल के दौरान पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

बोले किसान

बमियारी के रहने वाले किसान वेदराम राजपूत का कहना है कि उन्होंने पूरी पूरी रात जाग कर गोवंशों से अपनी फसल की रक्षा की। आधी अधूरी फसल तैयार हुई है। इसी फसल से बच्चों का पेट पालना है और पढ़ाई लिखाई करवानी है। उन्होंने कहा वह किसी भी कीमत पर क्रय केंद्र पर गेहूं का एक दाना भी नहीं बेचेंगे। गेहूं का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। ऊपर से सरकार सस्ता बेंचने के लिए मजबूर कर रही है।

सैय्यद वाडा के किसान अरविंद वर्मा का कहना है किसान अपनी फसल सस्ती बेंचे और बाजार से हर चीज महंगी खरीदे। प्रशासन का यह फैसला गले उतरने वाला नहीं है। प्रशासन को अगर अपना लक्ष्य पूरा करना है तो गांव-गांव, दरवाजे-दरवाजे जाकर किसानों से गेहूं खरीदे। कहा कि गोवंशों से बची हुई फसल से किसानों को सब कुछ देखना होता है। बीज, डीएपी हर चीज महंगी है तो किसानों नुकसान क्यों उठाये।

सैय्यदवाड़ा के ही प्रगतिशील किसान पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि सरकार किसानों को सस्ता गेहूं बेचने के लिए मजबूर क्यों करती है ? सरकार को अगर मुफ्त में राशन बांटना है तो सरकार अपनी व्यवस्था कहीं से करें। किसान अपनी उपज का खर्चा नहीं निकल पा रहा है और किसान पर सस्ता गेहूं बेचने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। किसान काफी परेशान है। किसान हर चीज बाजार से महंगी खरीद रहा है लेकिन उसके गेहूं को सस्ता खरीदने की प्रशासन की यह मुहिम कामयाब नहीं होगी। किसान किसी भी कीमत पर एक भी दाना गेहूं के केंद्र पर नहीं भेजेगा।

प्रशासन और व्यापारी आमने-सामने

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। प्रशासन और व्यापारियों का टकराव अब आमने-सामने आ गया है। प्रशासन का कहना है कि किसानों का गेहूं खरीदने में व्यापारी सहयोग करें, जबकि व्यापारियों का कहना है कि हम किसी भी कीमत पर किसान को क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए मजबूर नहीं करेंगे। आखिरकार शाहाबाद नवीन मंडी स्थल में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई है। नवीन गल्ला मंडी के अध्यक्ष हरदोई में व्यापारी नेताओं के साथ वार्ता के लिए रवाना हो गए हैं। मंडी अधिकारियों और व्यापारियों के बीच व्याप्त मतभेदों को सुलझाने के लिए एसडीएम पूनम भास्कर ने रविवार को मंडी सचिव कार्यालय में बैठकर व्यापारियों और किसानों से बात की थी लेकिन कोई नजीता नहीं निकला।

जेठ का पहला मंगल आज जगह-जगह लगेंगे भंडारे

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जेठ के महीने का पहला मंगलवार महाबली हनुमान के नाम होगा। जहां महाबली हनुमान के मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ेगा तो वही जगह-जगह पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी चलेगा।

जेठ का महीना भीषण गर्मी और तपिश के लिए जाना जाता है तो वहीं महाबली हनुमान की विशेष पूजा अर्चना के लिए भी जाना जाता है। विशेष कर इस महीने के मंगलवार को तो श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। इसी कड़ी में ज्येष्ठ के पहले मंगलवार को शहर के विभिन्न हनुमान महाबली के मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करेंगे। वहीं विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर शरबत, पूड़ी सब्जी, बूंदी आदि प्रसाद वितरण भी चलेगा। इसको लेकर तैयारियां को अमली जामा पहनाया दिया गया है।

शहर के हनुमान मंदिर में सजी प्रतिमा।

अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहाल

संवाददाता, संडीला, हरदोई

अमृत विचार। भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से लोग बेचैन हो उठे हैं। गर्मी बढ़ने से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बदहाल हो गई है। हालात यह हैं कि बिजली कब और कितनी देर तक आएगी और कब और कितनी देर में जाएगी, इसका न तो कोई शेड्यूल है न ही कोई समय तय है। इस संबंध में विभाग के अधिकारी भी जानकारी नहीं देते हैं। सर्वाधिक भयावह स्थिति रात के समय अघोषित बिजली कटौती से हो रही है। रात में कई-कई बार और काफी लंबे अंतराल के लिए बिजली की आपूर्ति बंद हो जाती है। इस भीषण गर्मी में लोग सो नहीं पा रहे हैं। यही हालत दिन में भी रहती है विशेष रूप से दोपहर के समय बत्ती गुल गोल हो जाती है।

नगर में बिजली की अघोषित कटौती तो हो ही रही है साथ ही साथ वोल्टेज इतना कम है कि बिजली के उपकरण चल तक नहीं पा रहे हैं। पंखे घूमते हुए दिखाई देते हैं जिनसे हवा लगभग न के बराबर ही मिलती है। नगर में लो वोल्टेज के संबंध में यह आरोप लगाया जाता है कि विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से नगर में सैकड़ों एसी अवैध रूप से चल रहे हैं। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति पर अत्यधिक लोड पड़ता है और वोल्टेज बेहद नीचे चला जाता है। नगर की जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह विद्युत आपूर्ति के भरोसे है। बिजली की सप्लाई न हो रहने जलापूर्ति भी प्रभावित होती है। इसके अलावा बिजली के न रहने पर ऊंचे स्थानों पर रहने वाले लोगों को जलापूर्ति नहीं मिल पाती, क्योंकि नगर पालिका द्वारा जल आपूर्ति की लाइनों में पानी का प्रेशर बहुत कम है। अघोषित बिजली कटौती को लेकर नगरवासी बुरी तरह त्रस्त है उनमें आक्रोश काफी ज्यादा है।



ट्रांसफार्मर जला, 10 दिनों से विद्युत सप्लाई ठप

टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार। विभागीय लापरवाही के चलते भीषण गर्मी को देखते हुए व अंधकार में रहने पर विवश ग्रामीण कई बार विद्युत विभाग की जेई अभिषेक कुमार को फोन करके ट्रांसफार्मर फुंक जाने की सूचना दी गई, लेकिन ग्रामीणों को झूठा आश्वासन देकर कहते हैं कि रोज-रोज ट्रांसफार्मर फूंक देते हो कहां तक बदले जाएंगे। आए दिन जब भी फोन से सूचना दी जाती है तो कल का आश्वासन देकर गांव के लोगों को गुमराह किया जा रहा है। मामला विकासखंड टोडरपुर के 33 केवी विद्युत चठिया पावर हाउस की सप्लाई गौटिया गाँव का है जहां पर ट्रांसफार्मर आए दिन फुक जाने की समस्या बनी हुई है। गांव में अंधेरा पसरा हुआ है लगभग 10 दिनों से गांव में बिजली न होने के कारण भीषण गर्मी के चलते हैं। लोगों में अफरा तफरी मची हुई है। इन समस्याओं के समाधान हेतु भारतीय किसान यूनियन अखंड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह सिंधु कई किसानों के साथ विद्युत चठिया पावर हाउस पहुंचे और कहा इस समस्या का जल्द ही निस्तारण किया जाए नहीं तो चक्का जाम किया जाएगा।

सार-संक्षेप

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

भूमाफिया के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरदोई, अमृत विचार। भूमाफिया द्वारा जमीन पर कब्जा किए जाने तथा गरीबों के आशियाने हटाने के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। विकास खंड हरियावां की ग्राम पंचायत बाबूपुर कचनारी के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि कुछ भू माफिया उनके घरों को हटाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसकी शिकायत वह पहले भी कर चुके हैं, लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, वह लगातार कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के पश्चात ग्रामीणों ने ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शुक्ला, सूचना अधिकार विभाग चेयरमैन अजीत सिंह चंदेल, जिला सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष महताब अहमद व ग्रामवासी मौजूद रहे।

पड़ोसी पर पुत्री की पिटाई करने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली की काशीराम कालोनी निवासी एक पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी पर पुत्री की पिटाई करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। नगर के मोहल्ला काशीराम कालोनी के मकान नंबर 333 निवासी प्रेमचंद पुत्र नंदलाल ने बताया वह किसी काम से गया हुआ था। पड़ोसी छुन्ना और उसकी पत्नी ने रंजिश के कारण उसकी पुत्री को गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे अपने घर में खींच लिया और पीटा।दूसरे पक्ष की सरोज पत्नी प्रज्ञानंद ने भी विपक्षी प्रेमचंद पर दारू पीकर गाली गलौज करने और उसे व उसकी पुत्री को मारने पीटने का प्रार्थना पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। दोनों पक्षों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने दोनों के प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है।

तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

किसानों ने दिया तहसीलदार को ज्ञापन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर किसानों की समस्याएं दूर करने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी श्रीधर त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जन भर से अधिक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार नरेंद्र यादव को सौंपा। कहा कि जिले के सरकारी तंत्र द्वारा किसान की गेंहू की फसल को जबरदस्ती बाजार से कम भाव पर सरकारी क्रय केंद्रों पर भिजवाया जा रहा है, जो अनुचित है। गांवों में सैकड़ों आवारा गोवंश किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। उन्हे जल्द ही आश्रय स्थल भिजवाया जाए। किसानों को अपनी फसल अपनी मर्जी से बेचने का अधिकार दिया जाए, किसान अपनी फसल सरकारी क्रय केंद्र पर बेंचे या आढ़ती के यहां बेंचे उस पर प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। किसान नेता ने कहा कि अगर किसानों को उनकी मर्जी से अपनी फसल बेचने का हक न दिया गया गया, तो इसके लिए भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने पर मजबूर होगा। इस अवसर पर मुनेंद्र अवस्थी, रामनरेश, राजकिशोर, शशांक त्रिवेदी जिला संयोजक, रमेश पाल सिंह, संजय गुप्ता, बसंत गुप्ता मानव, रमेश बाबू, सुरेंद्र पाल, रामबाबू उपस्थित रहे।

13 जुलाई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

हरदोई, अमृत विचार। अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेंद्र प्रताप ने बताया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर पर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रभारी जनपद न्यायाधीश प्रीती श्रीवास्तव ने जिले के समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों को सुलह- समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने के संबंध में समस्त बैंक अधिकारियों को जिला जज द्वारा निर्देश दिए गए, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेंद्र प्रताप, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक (बैंक ऑफ इण्डिया) अरविंद रंजन, सहित अन्य बैंको के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी भीड़

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। गर्मी की वजह से सरकारी अस्पताल में बुखार और उल्टी-दस्त के मरीजों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें से सोमवार को 20 मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य मरीज दवा लेकर लौट गए। डॉक्टर मरीजों को गर्मी से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

सोमवार सुबह 8 बजे से 2 बजे तक अस्पताल में 400 लोगों ने पर्चा बनवाकर दवाइयां लीं। इसमें 200 मरीज उल्टी-दस्त के थे। डॉक्टरों ने सभी मरीजों को देखकर दवा दी। 20 मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। गर्मी के चलते उल्टी-दस्त समेत अन्य बीमारियों के रोगियों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। दिन-प्रतिदिन बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। अस्पतालों में आने वाले रोगियों की संख्या बढ़ गई है। इस समय गर्मी के चलते इन दिनों उल्टी-दस्त के रोगी बढ़े हैं। चिकित्सकों की मानें तो उच्च तापमान बढ़ जाने पर खाद्य पदार्थ जल्दी दूषित हो जाते हैं। वहीं, इस समय ज्यादा शीतल पेय पदार्थों के कारण गले में संक्रमण हो जाता है। तेज धूप में निकलने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

सीएचसी में भर्ती तेज बुखार, उल्टी-दस्त के मरीज। अमृत विचार

> गर्मी के साथ बीमारी से बचाव के लिए घर पर बने ओआरएस का प्रयोग करें। दूषित और बासी खान-पान के सेवन से परहेज करें। तेज धूप में सिर ढंक कर निकलें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर घर से बाहर निकलें।
>
> **-डॉ. राजेंद्र कुमार**, सीएचसी अधीक्षक बिलग्राम

सेवानिवृत्त शिक्षक सांड़ के हमले में घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में एक रिटायर्ड अध्यापक को सांड़ ने सींगो से हमला कर घायल कर दिया। लहूलुहान बुजुर्ग को सीएचसी में भर्ती करवाया गया है। शाहाबाद कोतवाली के उधरनपुर में लगभग 70 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापक आनंद किशोर अग्निहोत्री सोमवार को शाम घर से किसी कार्य से जा रहे थे। उन्हे देखकर गुर्राते हुए सांड़ ने सींग से उठाकर पटक दिया। सींग घुसने से वह गंभीर घायल हो गए।परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती करवाया है जहां से इलाज के बाद रात को उन्हे घर भेजा गया है। ग्रामीणों ने आवारा सांड को आर्यसमाज के भवन के बंद कर नगर पालिका को सूचित किया है। समाचार लिखे जाने तक नगर पालिका से कोई भी आवारा सांड़ को वहां से निकालने नहीं पहुंचा था।

धूप से बचाव के लिए गौशाला में लगाया गया तिरपाल। अमृत विचार

कान्हा गौशाला में लगाया गया तिरपाल

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। गौवंशों को धूप से बचाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने ग्रीन नेट तिरपाल की व्यवस्था की है जिसकी छांव गौवंशों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत जरूर दिलाएगी। नगर स्थित कान्हा गौशाला में गौवंशों को नौतपा की भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने खुली जगहों पर ग्रीन नेट तिरपाल लगाया है। वरिष्ठ लिपिक विजय तिवारी, कम्प्यूटर आपरेटर कामरान अंसारी व अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने बताया कि गौवंशों को गर्मी से बचाव के लिए ताजे ठण्डे पानी व हरे चारे, भूसा, दाना आदि की व्यवस्था के साथ साथ उनकी देखरेख के लिए समय समय पर डाक्टरों द्वारा चिकित्सीय परिक्षण भी किया जा रहा है और साथ ही आगामी दिनों में गौवंशों के लिए टीनशेड में फॉगर सिस्टम लगाया जाएगा और गौशाला की खुली जमीन पर छायादार पौधे रोपे जाएंगे।

हाय गर्मी | अच्छी बारिश की है दरकार तो गर्मी करनी होगी बर्दाश्त, फिलहाल अभी कुछ दिन तक नहीं मिलेगी राहत

नौतपा में जितना ज्यादा सूरज तपेगा, उतनी अच्छी होगी बरसात

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। नौतपा में मानों आसमान से आग बरस रही हो। इंसान और पशु-पक्षी ऐसे तपती गर्मी से पनाह मांग रहे हैं। दिन और रात के तापमान का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि अभी और भी गर्मी बढ़ सकती है।

ज़िले के कई हिस्सों में पड़ रही तपती गर्मी के बीच नौतपा चल रहा है। मौसम विज्ञान में इसे नवतपा भी कहा जाता है। मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार गर्मी का आलम फिलहाल कुछ दिन और ऐसा ही रहने वाला है। कहा जा रहा है कि गर्मी से अगर बहुत सारे नुकसान हैं तो आगे कुछ फायदे भी हैं। नौतपा में सूरज जितना तपेगा और जितनी ज्यादा लू चलेगी, उतनी बारिश अच्छी होगी। मई माह में, जो तापमान है, वह 20 साल में पहली बार उच्चतम पर पहुंचा है। मई माह में जून माह का भी रिकार्ड टूट गया है।

कहा जाता है कि तपती गर्मी से कीड़े-मकौड़े, जहरीले जीव-जंतुओं के अंडे नष्ट होंगे, चूहों की संख्या कंट्रोल रहेगी और बुखार के वायरस नष्ट होंगे। नौतपा को लेकर मारवाड़ी में एक कहावत प्रसिद्ध है, 'दोए मूसा, दोए कतरा, दोए टिड्डी, दोए ताव। दोयां रा बादी जल हरे, दोए विसर, दोए बाव...। इसका अर्थ है कि नवतपा के दौरान पहले दो दिन लू न चले तो चूहे अधिक होंगे, दूसरे दो फसलों को नष्ट करने वाले कीट बहुत होंगे, तीसरे टिड्डी दल आने की आशंका रहती है। तीसरे दो दिन बुखार का प्रकोप रहेगा, पांचवें दिन लू नहीं चलती है तो सीजन में बारिश कम होगी, छठे दिन लू नहीं चलती है तो जहरीले जीव-जंतु अधिक होंगे और आखिरी दो दिन लू नहीं चलती है तो आने वाले दिनों में आंधी अधिक आएंगी।

धूप में सिर ढक कर निकलते बाइक सवार।

किसानों ने गिनाया नफा और नुकसान

किसान अशोक कहते हैं कि गर्मी ज़्यादा पड़ने से लोगों को कई सारी परेशानी होती है। सब्ज़ी, चारे, मूंग और उड़द की फसल को नुकसान पहुंचता है। लेकिन इसके कई फायदे भी हैं। मसलन अगर ज़्यादा गर्मी नहीं पड़ेगी और लू नहीं चलेगी तो कीड़े मकौड़े अधिक रहेंगे, सांप-बिच्छू की पैदावार अधिक होगी। फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े बढ़ेंगे, टिड्डियों के अंडे नष्ट नहीं होंगे। ऐसे में जीवन के लिए जितनी बारिश और सर्दी जरूरी है उतनी ही गर्मी भी जरूरी है। 'जेठ चले पुरवाई, सावन धूल उड़ाई' की कहावत भी इसी लिए कही गई है।

डाक्टर की राय

2 जून तक नौतपा का चक्र चलेगा। इन नौ दिनों में सूरज धरती के बहुत करीब रहता है। ऐसे में उत्तर भारत में बहुत अधिक गर्मी बढ़ जाती है। सीएचसी पिहानी के प्रभारी डा. जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सुपाच्य भोजन से शरीर को तंदरुस्त रखा जा सकता है। सुबह के समय जल्दी उठकर व्यायाम अवश्य करें।

नौतपा में अगर पानी की कमी हुई तो अस्पताल भी जाना पड़ सकता है। इन दिनों टिक्की और चाऊमीन से दूरी बनाएं। डा .वैभव जायसवाल ने बताया कि इन दिनों तली हुई, मसालेदार और चिकनाई वाली चीज़ों से दूर रहें। इसके साथ ही भरपेट भोजन से भी बचें।

एक नजर

संतुलित आहार से शुगर रहती है नियंत्रित : डॉ. राजेंद्र

हरदोई, अमृत विचार। जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक रहे स्वर्गीय डॉ. राम दत्त मिश्रा की जयंती पर सोमवार को मधुमेह शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मरीजों की नि :शुल्क जांच और परामर्श दिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक ने मधुमेह से नियंत्रण के उपाय बताएं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र मिश्रा कृपालु साधक ने कहा कि दिनों दिन बढ़ते जा रहे मधुमेह रोगी चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज करोड़ों की संख्या में मधुमेह रोगी हो गए हैं। मधुमेह को नियंत्रण के लिए खान-पान को दुरुस्त रखने के अलावा नियमित एक्सरसाइज से इसमें नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके साथ ही समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेते भी रहना चाहिए ।इस मौके पर बड़ी संख्या में चिकित्सकों के अलावा समाजसेवी रहे। प्रमुख रूप से प्रोफेसर अखिलेश बाजपेई, अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, मधुर, पूर्व अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला, डॉ. तिरुपति आनंद, डॉक्टर नवीन सक्सेना के अलावा अन्य रहे।

गौशालाओं का भुगतान समय से कराने का निर्देश

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद के गो आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं का भुगतान ससमय कराया जाये। विभागीय स्कीमों में प्रगति लेकर लक्ष्य को समय सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाये। पशुओं को गर्मी से बचाने के उपाय किये जाएं। पंचायती राज विभाग की ओर से गोवंश संरक्षण को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ली जाये। गौशाला में संरक्षित व सहभागिता योजना में दिए गए गोवंश का नियमित सत्यापन कराया जाये। बता दें कि इन दिनों भीषण गर्मी के चलते इंसानों के साथ ही पशु पक्षी भी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, पीडी गजेन्द्र तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

पहाड़ी क्षेत्रों की ओर जाने वाली रेलगाड़ियों में लंबी वेटिंग

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

स्कूलों में ग्रीष्मकालीन छुट्टियां हो चुकी है ऐसे में बच्चे अपने परिजनों के साथ घूमने को लेकर बेताब हैं, लेकिन परिजनों की समस्या भारतीय रेल लगातार बढ़ा रहा है। हरदोई से ज्यादातर रेल यात्री छुट्टियां मनाने के लिए पहाड़ी इलाकों और नदियों की ओर रुख कर रहे हैं ऐसे में पहाड़ी इलाकों की ओर जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में यात्रियों को वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि वापसी में ट्रेनों में यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में रेल यात्रियों को कंफर्म सीट नहीं मिल पा रही है। वेटिंग टिकट लेकर भी यात्रियों के मन में टिकट कंफर्म होने का संशय लगातार बना हुआ है। हालांकि सुबह से ही हरदोई में आरक्षित टिकट काउंटर पर आरक्षण करवाने वालों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिल रहीं है शाम तक रेल यात्रियों की लगातार कतारे बनी हुई है।

इन ट्रेनों में है वेटिंग

हरदोई से योग नगरी ऋषिकेश जाने वाली 13009 दून एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 1 जून से 6 जून के बीच 86 से लेकर 112 वेटिंग स्लीपर क्लास में मिल रही है जबकि 3 एसी में यात्रियों को 33 से 45 के बीच अलग-अलग तिथियां में वेटिंग मिल रही है। 15119 वाराणसी से देहरादून के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस मे रेल यात्रियों को 1 जून से 6 जून के मध्य 68 से लेकर 110 वेटिंग स्लीपर क्लास में मिल रही है जबकि 3 एसी में 32 से लेकर 38 वेटिंग तक अलग-अलग तिथियां में मिल रही है। हरदोई से होकर जाने वाली 14229 प्रयागराज योग नगरी ऋषिकेश साप्ताहिक एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 29 मई से 12 जून तक स्लीपर क्लास में 55 से 97 वेटिंग मिल रही है ।12231 लखनऊ चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को हरदोई से चंडीगढ़ के लिए 38 से 61 वेटिंग व थर्ड एसी में 15 से 21 वेटिंग 1 जून से 6 जून तक अलग-अलग तिथियां में मिल रही है ।13151 कोलकाता से जम्मू तवी जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को एक जून से 6 जून के बीच 49 से 71 वेटिंग स्लीपर क्लास में व 20 से 45 वेटिंग 3 एसी में अलग-अलग तिथियां को मिल रही है। घूम कर वापस आने वाले रेल यात्रियों की भी राह आसान नहीं है। हरदोई आने वाली ट्रेनों में भी यात्रियों को लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू तवी से कोलकाता जाने वाली 13152 सियालदह एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 71 से लेकर 111 वेटिंग स्लीपर में व थर्ड एसी इकोनॉमी में 23 से लेकर 40 वेटिंग 1 जून से 6 जून के बीच मिल रही है। 12232 चंडीगढ़ लखनऊ

चंडीगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों को 37 से लेकर 69 वेटिंग स्लीपर में व 3 एसी में 16 से 25 वेटिंग 1 जून से 6 जून के बीच मिल रही है। 15012 चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन चंडीगढ़ एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 1 जून से 6 जून के मध्य 32 से 58 वेटिंग मिल रही है ।15120 देहरादून से बनारस जनता एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर क्लास में 62 से 94 के बीच 1 जून से 6 जून के बीच वेटिंग मिल रही है ।13010 योग नगरी ऋषिकेश से हावड़ा दून एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर क्लास में 108 से 189 वेटिंग 1 जून से 6 जून के बीच मिल रही है। 13020 काठगोदाम हावड़ा बाघ एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 1 जून से 6 जून के बीच 90 से 126 वेटिंग स्लीपर क्लास में मिल रही है। रेल यात्रियों को कंफर्म सीट न मिलने से कई रेल यात्रियों के बच्चों के साथ बाहर छुट्टी मनाने का प्रोग्राम निरस्त करना पड़ा वहीं जबकि कुछ रेल यात्रियों ने अन्य स्टेशनों से अपनी ट्रेन की टिकट बुक कर रहें हैं। रेल यात्रियों ने हरदोई रेलवे स्टेशन पर समर स्पेशल ट्रेनों के ठराव की मांग की है। रेल यात्रियों ने कहा कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर समर स्पेशल ट्रेनों का ऑफिशियल स्टॉपेज किया जाए।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का केस

संडीला- हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़खेड़ा निवासी संदीप ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के शिवकुमार का दामाद आसाराम निवासी छोटी कुराव थाना बेनीगंज ने उसे एक प्लाट खरीदने के लिए दिखाया था। जिसकी कीमत तीन लाख रूपये तय हुई थी। 12 फ़रवरी 2021 को बैंक के माध्यम से उसने 1 लाख 5 हजार रूपये विपक्षी के खाते में भेजा। कुछ दिन बाद धोखाधड़ी का पता चलने पर पैसे वापस मांगे तो टालता रहा। 27 फरवरी 2024 को संडीला चौराहे पर विपक्षी आसाराम ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली।

लापता किशोरी का जंगल में लटका हुआ मिला शव

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

अमृत विचार। एक दिन पहले घर से लापता हुई किशोरी का शव जंगल में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी का गला दुपट्टे के एक छोर से कसा हुआ था और उसका दूसरा छोर पेड़ में अटका हुआ था। जबकि किशोरी के पैर जमीन पर टिके हुए थे। जिससे हत्या की आशंका जताई गई है। पिता ने गांव के कुछ युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेनीगंज कोतवाली के गिरई गांव निवासी संतोष कुमार की पुत्री अभिक्षित (13) गांव के प्राथमिक स्कूल से पांचवी पास कर चुकी थी। रविवार की शाम को घर से लापता हो गई। पहले तो घरवालों ने काफी तलाश किया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। जिसके चलते पुलिस को तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई गई। सोमवार की सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए जंगल की तरफ पहुंचे, वहां उन्होने अभिक्षित का शव देखा। उसका गला दुपट्टे से कसा हुआ था और दुपट्टे का दूसरा छोर पेड़ में बंधा नहीं बल्कि यूं ही अटका हुआ था। साथ ही किशोरी के पांव पूरी तरह से ज़मीन पर टिके हुए थे। किशोरी के पिता ने गांव के तीन युवकों पर किशोरी की हत्या करने का आरोप लगाया है।

कछौना के समसपुर गांव के लड़के से था प्रेम संबंध

बेनीगंज के गिरई गांव की अभिक्षित की मौत के मामले में पुलिस की जांच कछौना कोतवाली के समसपुर तक होगी। किशोरी की उसी गांव के प्रेम नाम के लड़के से दोस्ती थी और अक्सर दोनों में बातें हुआ करती है। कहा जा रहा है गांव के युवक चाहते थे कि अभिक्षित उनसे दोस्ती करें, लेकिन ऐसा न होने पर उन्हीं युवकों ने हत्या को अंजाम दिया हो।

मतगणना स्थल पर होगा त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा

जिलाधिकारी ने बैठक कर सभी तैयारियां समय से पूरी करने का दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त तैयारियां ससमय पूर्ण करा ली जाएं। परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाये।

कहा कि पर्याप्त संख्या में वीडियो ग्राफ़र तैनात किये जाएं। आवश्यकता के अनुसार टेलीविजन की व्यवस्था की जाये। प्रिंटर व फोटोकॉपी मशीन की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की जाये। परिसर में किसी अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न करने दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी डीडी कृषि नंद कुमार जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जा सकेंगे

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर कोई भी प्रत्याशी एवं एजेन्ट मोबाइल फोने आदि इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर नहीं जाएंगे। कहा कि सभी प्रत्याशी अपने एजेंटों के पास समय से बनवा लें और एजेंट बनाने के आवेदन के साथ उम्मीदवार की ओर से शपथ पत्र भी दिया जायेगा। मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह भी मौजूद रहीं।

कार्मिकों का खाता संख्या तत्काल ठीक कराएं, लापरवाही पड़ेगी भारी : डीएम

हरदोई। मतदान कार्मिकों का खाता संख्या गलत होने के कारण लंबित मानदेय के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्मिकों का खाता संख्या तत्काल ठीक कराएं। इसमें लापरवाही करने पर सम्बंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सभी पंचायत भवन किए जाएं सक्रिय : डीएम

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अवशेष पंचायत घरों का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाये। सभी पंचायत भवनों की सक्रियता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने पर सम्बंधित बीडीओ व एडीओ की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। अवशेष अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण जल्द कराया जाये। ग्रामों में तैनात पंचायत सहायकों की नियमित समीक्षा की जाये। निर्मित आरआरसी सेंटरों का संचालन जल्द सुनिश्चित किया जाये। निर्माणाधीन सेंटरों के कार्य में तेजी लायी जाये। सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक माह पंचायत सहायक और ग्राम प्रधान से प्रमाण पत्र लिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार। प्राथमिक स्कूल का छात्र साइकिल से अपने पड़ोसी को खाना देने खेत पर जा रहा था। रास्ते में बाइक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्र को सीएचसी ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उधर हादसे के बाद युवक बाइक वहीं पर छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

मल्लावां कोतवाली के हरपुरा निवासी मुन्ना राठौर खेत पर फसल की सिंचाई कर रहा था। सोमवार की सुबह उसके पड़ोसी गुड्डू पाल का 13 वर्षीय पुत्र वीरपाल मुन्ना राठौर के लिए खाना लेकर साइकिल से खेत पर जा रहा था। उसी बीच रास्तें में मटियामऊ-माधौगंज रोड पर गैस एजेंसी के सामने बाइक सवार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वीरपाल बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। राहगीरों ने की सूचना पर पहुंचे घरवालों ने वीरपाल को सीएचसी माधौगंज ले गए। लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वहां पहुंची माधौगंज पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। वीरपाल गांव के स्कूल में कक्षा चार का छात्र था, छह भाई-बहनों में दो बड़े और तीन उससे छोटे है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से छात्र की हुई मौत

हरदोई, बावन, अमृत विचार। बाइक सवार चचेरे भाई जन्मदिन का केक खरीद कर बाइक से वापस घर जा रहे थे। उसी बीच जगदीशपुर-शाहाबाद रोड पर नाऊ नगला के पास ईंट लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहे छात्र की मौत हो गई और उसका चचेरा भाई ज़ख्मी हो गया।

सोमवार को बेहटा गोकुल थाने के खानपुर नगला निवासी पवन के परिवार मे.जन्मदिन पार्टी थी। उसका 20 वर्षीय पुत्र सत्यम अपने चचेरे भाई 15 वर्षीय कृष्णा के साथ केक खरीदने जगदीशपुर गया था, जहां से दोनों बाइक से वापस गांव जा रहे थे, उसी बीच जगदीशपुर-शाहाबाद रोड पर नाऊ नगला के पास ईंट ले कर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी, जिससे सत्यम की वहीं पर मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई कृष्णा बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। सत्यम इण्टर का छात्र था। एसएचओ लोनार का कहना है कि शव को कब्ज़े में ले कर जांच की जा रही है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से मकान क्षतिग्रस्त

हरदोई, अमृत विचार। आग लगने से घर में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे सारा मकान ढह कर ज़मीदोज़ हो गया, लेकिन इस तरह हुए हादसे में कोई जानी नुकसान नही हुआ। हादसे के वक्त सभी दूसरे मकान में थे, मकान ढहने से घर-गृहस्थी के अलावा बहुत सा ज़रूरी सामान और सिलाई मशीनें उसके मलबे में दब गई। कासिमपुर थाने के जखौरा गांव निवासी अरुण कुमार के दूसरे मकान में निर्माण चल रहा है। सोमवार को घरवाले उसी मकान में थे। उधर दूसरे मकान में अचानक आग लगने से वहां रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया(तेज़ धमाके के साथ हुए ब्लास्ट से उसका मकान ज़मीदोज़ हो गया। अरुण का कहना है कि उसका घर-गृहस्थी के अलावा बर्तन, कपड़े, बर्तन, सिलाई मशीने सब कुछ मलबे में दब गया।

पत्नी को विदा कराने ससुराल जा रहे पति की हादसे में मौत

संवाददाता, हरदोई।

अमृत विचार। पत्नी को विदा कराने ससुराल जा रहे बाइक सवार पति को कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भागा। मेडिकल कालेज से लखनऊ ले जाते समय घायल युवक की मौत हो गई।

बघौली थाने के हथियाई निवासी राम ऋषि (30) पुत्र हेमराज पिता के साथ खेती-बाड़ी करता था। दो महीने पहले उसकी पत्नी छोटी ने बेटे को जन्म दिया था। राम ऋषि 15-20 दिन पहले पत्नी को बच्चे के साथ मायके बघौली थाने के ही कोढ़वा गांव छोड़ आया था। सोमवार को उसे विदा कराने जा रहा था। रास्ते में सिकंदरपुर में डबल नहर पुल पर कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे राम ऋषि ज़ख्मी हो कर काफी दूर जा गिरा। राहगीरों ने एम्बुलेंस-108 पर कॉल कर दी। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। घर वाले उसे ले जाने की तैयारी कर रहे थे, उसी बीच राम ऋषि ने दम तोड़ दिया। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि कार को कब्ज़े में ले कर जांच की जा रही है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उधर पति का इंतजार कर रही पत्नी ने जब उसकी हादसे में मौत की खबर सुनी तो बदहवास हो गई। पति का इंतजार कर रहे ससुराल वालों में भी कोहराम मच गया। पत्नी की गोद में दुधमुंहे बच्चे को देखकर हर किसी की आंख नम हो गई।

सार-संक्षेप

बाग में आम तोड़ने को लेकर विवाद, दी गई तहरीर

हरदोई, अमृत विचार। बाग़ में घुस कर वहां आम तोड़ रहा युवक रखवाली कर रहे युवक के मना करने पर इतना बौखला गया कि पहले तो उसने उसकी पिटाई की और उसके बाद ज़मीन पर गिरा कर दांत से उसका प्राइवेट पार्ट काट लिया। उसके चीखने पर आस-पड़ोस में मौजूद लोग दौड़े आए, उसी बीच हमलावर धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस को तहरीर दी गई है। बघौली थाने के नीजापुरवा निवासी लाखन पुत्र पुरई रविवार को अपने बाग़ की रखवाली कर रहा था, शाम को उसी गांव का सुखदेव वहां पहुंच कर आम तोड़ने लगा। लाखन ने उसे मना कर दिया, जैसा कि पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि इतनी बात पर पहले तो सुखदेव ने उसकी पिटाई की और फिर उसे ज़मीन पर गिरा कर दांत से उसका प्राइवेट पार्ट काट खाया। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। लाखन के चीखने पर रामनाथ और रामसागर दौड़ कर पहुंचे, उसी बीच हमलावर धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।

हत्या के प्रयास में अभियुक्त को 10 साल की सजा

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश यशपाल ने 37 साल पुराने एक मामले में सुनाए गए एक फैसले में हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जिसे आरोपी पर 50000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता सत्यम तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र तड़ियावां के गोपामऊ निवासी अयूब खान उर्फ गुड्डू ने 29 मई 1987 को कस्बे की इदरीश बेगम पर फायर करके उसकी हत्या का प्रयास किया ।इस मामले के रिपोर्ट घायल ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व वह अपने घर पर थी इस दौरान स्कूल संचालन की रंजिश को लेकर आरोपित उसके घर में आया और घटना को अंजाम दिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर हत्या का प्रयास का जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आदि धनराशि वादिनी को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा जुर्माना की धनराशि अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतने का भी आदेश दिया गया है।

कांग्रेस ने पुण्य तिथि पर नेहरू को किया याद

हरदोई, अमृत विचार। नघेटा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा कि पंडित नेहरू के मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ।एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता आंदोलन, लोकतंत्र स्थापना, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत निर्माण के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राम सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव, युवा कांग्रेस शकील अली, यूसुफ खान आदि साथीगण मौजूद रहे।

धूप में बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

धूप में खुले आसमान के नीचे हुई आंगनबाड़ी की बैठक

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। अलर्ट जारी है कि आसमान से आग बरस रही है, इसलिए जो भी बाहर निकले अपना पूरा शरीर ढक कर निकलें। लेकिन भरावन ब्लॉक कार्यालय में बने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक बरामदे के नीचे कुर्सी पर डटे सीडीपीओ ने खुले आसमान के नीचे बरसती आग में जमीन पर बैठाकर संपन्न कर ली। जिससे पूरे बैठक में गहमा गहमी मची रही। सोमवार को आंगन बाड़ी कार्यकत्रियों की केंद्र की फीडिंग, पोषण ट्रैकर पर बच्चों के वजन व लंबाई को लेकर सीडीपीओ विनय सिंह ने बैठक बुलाई थी। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तपती धूप में खुले आसमान में बैठाकर करीब दो घंटे तक मीटिंग ली और खुद बरामदे के नीचे कुर्सी पर डटे रहे। तपती धूप में महिलाओं के लिए कुर्सी, कूलर, पंखा, पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई, उल्टे फर्श पर ही बैठाकर विभागीय लेक्चर देते रहे। पूछे जाने पर सीडीपीओ विनय सिंह ने बताया कि विभाग से व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं मिलता है, जैसी व्यवस्था थी उसी हिसाब से मीटिंग संपन्न करवाई गई।

एमडीएम में 90 हज़ार के गबन का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। प्रबंध समिति की अध्यक्ष का कहना है कि उनके हस्ताक्षर किए बगैर एमडीएम खाते से 90 हज़ार रुपये निकल गए। साथ ही इंचार्ज अध्यापक पर आरोप है कि विद्यालय में रखा बहुत सारा सामान गायब है, इस बारे में जब इंचार्ज अध्यापक से बात की तो उन्होंने कोई सही जवाब नही दिया। बीएसए से की गई शिकायत में बीईओ की मिलीभगत होना बताई है। शाहाबाद ब्लाक के संविलियन विद्यालय नस्यौली गोपाल की प्रबंध समिति की अध्यक्ष सीमा देवी का आरोप है कि उन्हे जनवरी में आर्यावर्त बैंक शाखा शाहाबाद में विद्यालय के एमडीएम का खाते के बारे में पता चला कि चार अलग-अलग किस्तों मेन 90 हज़ार का भुगतान लिया गया। इंचार्ज अध्यापक के ऊपर आरोप है कि उन्होनें अध्यक्ष के हस्ताक्षर के बगैर सारा भुगतान ले कर गबन कर लिया। सीमा का आगे कहना है कि विद्यालय में दो सिलाई मशीन, तीन पंखे कुर्सी, बर्तन और टाट टाट-फट्टी रखी थी, वो भी गायब है। इस बारे में इंचार्ज अध्यापक से पता किया गया तो उन्होनें कोई सही जवाब नही दिया। आगे आरोप है कि शिकायत करने पर बीईओ ने भी कोई एक्शन नहीं लिया, जिससे साबित होता है कि सारे मामले में उनकी मिली भगत है।

पुण्य तिथि पर याद किए गए बाबू बालेश्वर लाल

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 37वीं पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया गया। पत्रकारों ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कस्बे के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कार्यालय पर सोमवार को संगठन संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 37वीं पुण्य तिथि तहसील अध्यक्ष नन्दकिशोर गुप्ता के नेतृत्व में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ हुआ।

करंट से मां की मौत, दो बेटे घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला भगवान में नहाने के बाद अंडरवियर तार पर डालते समय करंट लगने से वृद्धा सहित उसके दो पुत्र घायल हुए है। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके दोनो पुत्रों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला भगवान निवासी मृतका के बड़े पुत्र विश्राम ने बताया कि उसका 30 वर्षीय छोटा भाई अनुराग घर के अंदर नल पर नहा रहा था। नहाने के बाद कपड़े धूप में डालते समय वह करंट की चपेट में आ गया। उसे तड़पते देख दूसरा छोटा भाई श्यामाकुमार (36) बचाने दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को तड़पते देखकर मां रामश्री (68) उन्हें बचाने दौड़ पड़ी। मां भी करंट लगने से तड़पने लगी। तीनों को करंट से तड़पता देखकर पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। किसी ने जब बिजली की लाइन बंद की तब तीनों करंट से छूट पाए। तीनों घायलों को तुरंत सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने राम श्री को मृत घोषित कर दिया। मृतका के दोनों पुत्रों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अमृत भारत योजना : तोड़ा जाने लगा 78 साल पुराना मालगोदाम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में शामिल किए जाने के बाद अब युद्ध स्तर पर नई बिल्डिंग को बनाने का कार्य किया जा रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन के टूटने का क्रम जारी है। हरदोई रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग को आधा तोड़ा जा चुका है जबकि शेष भाग अभी तोड़ना बाकी है ।हरदोई रेलवे स्टेशन अपने आयात निर्यात के लिए भी मंडल के प्रमुख स्टेशनों में गिना जाता है। हरदोई रेलवे स्टेशन से बड़ी मात्रा में चीनी गेहूं मालगाड़ी के द्वारा दूसरे राज्यों और जनपदों में भेजा जाता है जिससे रेलवे को अच्छा राजस्व भी प्राप्त होता है। रिटायर्ड रेल कर्मचारी बताते हैं कि वर्षों पूर्व हरदोई रेलवे स्टेशन एकमात्र ऐसा रेलवे स्टेशन था जहां पांच प्लेटफार्म हुआ करते थे। हालांकि समय के साथ हुए बदलाव में अब बरेली मुरादाबाद हरिद्वार में भी 5 से अधिक प्लेटफार्म हो चुके हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हरदोई रेलवे स्टेशन पर बने 78 साल पुराने माल गोदाम को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है जल्दी हरदोई रेलवे स्टेशन नए रंग रूप में नजर आएगा साथ ही हरदोई रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के कार्यालय को भी एक नया रूप मिल जाएगा।

पुराने मालगोदाम को तोड़ते श्रमिक। अमृत विचार

इस सन् में बना था स्टेशन

हरदोई रेलवे स्टेशन बनने के बाद सन 1946 में हरदोई रेलवे स्टेशन पर माल गोदाम का कार्यालय बनाया गया था। हरदोई से 1946 से ही गैर राज्यों और जनपदों में माल का आयात शुरू हो गया था। संसाधनों के अभाव में व्यापारियों को भारतीय रेल एक अच्छा विकल्प नजर आया आने लगा था। जनपद के व्यापारियों ने भारतीय रेल के साथ मिलकर व्यापार किया। आज भी हरदोई से मालगाड़ी से गेहूं चीनी भारत के अलग-अलग राज्यों के साथ विदेशों तक जाती है। हरदोई का माल गोदाम प्रतिवर्ष अच्छा राजस्व प्राप्त करता है जिस स्थान पर हरदोई में माल गोदाम का कार्यालय बना है वहां अब अमृत भारत स्टेशन योजना में तोड़फोड़ का काम शुरू हो गया है। माल गोदाम कार्यालय के स्थान पर यात्रियों को सुविधा देने के लिए एस्केलेटर बनाया जाना प्रस्तावित है जिसको लेकर माल गोदाम के कार्यालय को गिराने का काम जोरों से चल रहा है। जल्दी ही हरदोई रेलवे स्टेशन पर नई बिल्डिंग बनाने के साथ ही नया माल गोदाम कार्यालय व्यापारियों को नजर आएगा जिसमें व्यापारियों से जुड़ी सभी सुख सुविधाओं का भी खास ख्याल रखा जाएगा।

एक नजर

चांदी व नकदी लेकर चोर फरार

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा में बीती रात ग्राम पंचायत अफसरीयाके बेहटा गांव निवासी रामदयाल के घर में अज्ञात चोर खिड़की के सहारे घर में घुस गए और घर के अंदर रखे बक्से में से 3 .50 ग्राम चांदी और घर में रखे छः हजार रुपए लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी होने पर रामपुर मथुरा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जानकारी मिली है कि कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

उप्र राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने की अवकाश की मांग

सीतापुर, अमृत विचार। मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र पर जहां छोटे-छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा विभागीय सुविधायें कराते हुए तमाम गतिविधियां करायी जाती हैं। यह बात उप्र राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ सीतापुर जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने कहीं। उन्होने कहा कि आगनबाड़ी केन्द्र पर 03 से 06 वर्ष आने वाले बच्चें गर्मी एवं लू से प्रभावित होते है। जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अवकाश दिया जाय। घोषित अवकाश में सभी आगनबाडी केन्द्र खुले रहेंगे तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र की अन्य आवश्यक सुविधायें जैसे ग्रह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियां, टीकाकरण, अन्य पूरक पुष्टाहार वितरण एवं पोषण टेकर एप पर फीडिंग आदि शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति करती रहेंगी। इस सम्बन्ध में श्री वर्मा ने जिलाधिकारी को एक पत्र भी सौंपा है और पत्र के माध्यम से संज्ञान लेते हुए आदेश जारी किये जाने की बात कही है।

गर्मी से राहत देने के लिए समाजसेवी ने लगवाये प्याऊ

बिसवां। भीषण गर्मी में राहगीरों को गर्मी और प्यास से राहत देने के लिए समाजसेवी मोहित जायसवाल ने जगह-जगह प्याऊ लगवाने की पहल की है। जिसका विधिवत उदघाटन सवाना कम्पनी के यूपी मार्केटिंग हेड देवेंद्र राणा और कम्पनी के रीजनल मैनेजर दिग्विजय सिंह ने जहाँगीराबाद रोड के प्याऊ का संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समाजसेवी मोहित जायसवाल ने बताया कि प्याऊ कस्बे के चौराहों और मुख्य मार्गो पर लगाये जा रहे है प्याऊ में राहगीरों को शीतल जल के साथ पेठे की भी व्यवस्था की गई है। आगंतुकों का आभार श्री ग्रुप के कृतिन जायसवाल ने व्यक्त किया। सेल्स आफिसर मुनेंद्र मौर्य, अमित मौर्य, संतोष सिंह, लवकुश यादव व अनूप वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

मियांपुरवा के पास सड़क हादसे में मजदूर की मौत

रेउसा, अमृत विचार। लखनऊ से मजदूरी करने गया युवक ससुर की मौत की सूचना मिलने पर घर वापस लौट रहा था। उसी दौरान सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई।

आशाराम (फाइल फोटो)

थाना थानगांव क्षेत्र के रंडा कोडर निवासी आशाराम यादव 28 वर्षीय पुत्र कल्लू जो विगत दिन पूर्व लखनऊ को मजदूरी करने गया हुआ। उसी दौरान उसे ससुर की मौत की सूचना मिली तो वह घर वापस आ रहा था। रास्ते में एक जान पहचान के एक युवक से मुलाकात हो गई और उसी की बाइक पर बैठकर आशाराम घर आ रहा था। मियांपुरवा के निकट पहुंचते ही एक क्रेटा गाड़ी ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही आशाराम की मौत हो गई और चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौत की सूचना घरवालों तक पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। आशाराम के छोटे-छोटे दो बच्चे है और पत्नी भी विकलांग है। आशाराम के ही सहारे पूरा घर चलता था। इस संबंध में थानगांव थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि गाड़ी को थाने पर लाकर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

बाढ़ के दृष्टिगत गंभीरता से करें तैयारी: डीएम

तैयारी

▸▸ 15 जून तक समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

सीतापुर, अमृत विचार। जनपद में बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने तथा उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से गठित जनपद स्तरीय स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद सीतापुर बाढ़ के दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील जनपद है, इसलिए सभी अधिकारी कार्यों को अत्यंत गंभीरता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जून तक समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील गांवों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहां पर गठित ग्राम स्तरीय समिति की बैठक कराना सुनिश्चित करें। सभी प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क मार्गों हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ से बचाव हेतु संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। इसके अतिरिक्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को बाढ़ की स्थिति में अन्य गौ आश्रय स्थलों पर स्थानांतरित किए जाने हेतु योजना भी तैयार कर ले। प्रभावित क्षेत्रों के पशुओं का टीकाकरण एवं बाढ़ की स्थिति में चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु भी प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले गांवों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को सामान्य बीमारियों से बचाव के विषय में जागरूक किया जाए तथा दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। पर्याप्त मात्रा में सोलर लाइटों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जर्जर तारों को बदलने, ढीले तारों को ठीक करने तथा अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए जाने हेतु भी निर्देश दिए।

पर्याप्त संख्या में नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ नाविकों को सूचीबद्ध करने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नन्द तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल को तरस रहे ग्रामीण

न पानी दे रहे हैंडपंप और न बनी चौकी, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल को एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। वहीं जिम्मेदार ग्राम पंचायत को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। ग्राम पंचायत कलुआपुर में इसका उदाहरण देखा जा सकता है। जहां पर इंडिया मार्का रिबोर व मरम्मत के नाम पर भारी भरकम निकाल कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है। 24-4-2024 को रिबोर के नाम पर 63000 रूपये निकाले गए, लेकिन अधिकतर नल खराब पड़े हुए हैं।

ग्राम पंचायत कलुआ पुर के ग्राम पंचायत के मजरा बरहिया में लगभग दो तीन सौ परिवार रहते हैं जहां के ग्रामीण बुद्धा,, शंकर, रामबिजय आदि ने बताया कि मेरे गांव में मात्र एक ही इंडिया मार्का हैंड पंप लगा था। वह भी खराब पड़ा था। जिसको प्रधान ने लगभग एक वर्ष पूर्व उखड़वाकर खलिहान में लगवा दिया था। वहां पर लगने के बावजूद भी न तो चैकी बनी और न ही पानी दिया। वहीं गोड़ियनपुरवा में पन्नालाल के दरवाजे पर डेढ़ वर्ष से नल खराब पड़ा है। मिस्त्री आया था सारे पाइप निकाल ले गया कई बार प्रधान से कहा गया लेकिन नहीं बनवाया। वहीं सामुदायिक शौचालय के पास एक इंडिया मार्का हैंडपंप 3 वर्ष से खराब पड़ा है। जिसकी कोई सुध लेने वाला ही नहीं है। परम गोंडा में शिवराम के घर के पास लगा नल लगभग 8 माह से खराब पड़ा है। शिवराम ने बताया 1 वर्ष पहले रीबोर हुआ था एक महीने पानी दिया था। तब से खराब पड़ा है मिस्त्री के द्वारा पाइप भी निकाल लिए गए थे और चैकी भी नहीं बनाई गई थी वही कलुआ पुर में मेवालाल के दरवाजे पर लगे नल पर कंडों का ढेर लगा हुआ है। नल खराब पड़ा है। वहीं गुड्डू ड्राइवर के दरवाजे पर लगा नल लगभग 8 माह से खराब पड़ा है। सानू मिश्रा ने बताया कई बार मरम्मत के लिए सेक्रेटरी और प्रधान से कहा गया लेकिन कोई नहीं सुना। वहीं श्याम किशोर ने बताया कि मेरे दरवाजे पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पानी दे रहा है। जिसको कई बार सेक्रेटरी व प्रधान से कहा गया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं। वहीं अप्रैल महीने से सरकारी अभिलेखों का नया वर्ष शुरू होता है और मई चल रही है। दो महीने में फोटोकॉपी के नाम पर 6250 रूपये निकाले गए और प्रशासनिक व्यय 18750 रूपये निकाले गए। वहीं ठेलिया मरम्मत के नाम पर 6500 रूपये निकाले गये। प्रधान तेजबहादुर से बात की गई तो बताया 12 इंडियामार्का हैंडपंप है जिसमें से एक दो खराब है बाकी सब चल रहे हैं तीन नल 6 महीने पहले रिबोर करवाया था। पेमेंट निकला है। जबकि हकीकत यह है कि 12 नलों में से दो नल चल रहे हैं। बाकी सब खराब पड़े हुए हैं। वही जब इस संबंध में सेक्रेटरी प्रदीप कुमार से बात की गई तो बताया मुझे कोई जानकारी नहीं है प्रधान के कहने के अनुसार मैंने पेमेंट कर दिया है।

जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी: बीडीओ

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

टोटी विहीन सरकारी हैंडपंप व चौकी में पड़ा भूसा। मरम्मत की राह देख रहा खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

खराब हैंडपंप में सूख रहे गोबर के कंडे। अमृत विचार

सार-संक्षेप

उपभोक्ताओं ने घेरा पावर हाउस, धरना प्रदर्शन की चेतावनी

बिजली समस्या के बारे में जेई से बात करते आनंद भदौरिया। अमृत विचार

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। सीतापुर के 33/11 विद्युत उपकेंद्र काजीकमालपुर से पिछले एक सप्ताह से 24 घंटे में चार से पांच घंटे लो वोल्टेज के साथ बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिससे परेशान होकर उपभोक्ताओं ने सोमवार को पावर हाउस का घेराव कर लिया और बिजली विभाग को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति सही न होने तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मालूम हो कि काजीकमालपुर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बुरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ऐसे में उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया और सोमवार को सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ता काजीकमालपुर पॉवर हाउस पहुंच गए। उपभोक्ताओं में रोष इस कदर था कि कोई भी फीडर न चलाने की चेतावनी देते हुए उच्चधिकारियों को बुलाने की मांग की। इस दौरान रास्ते से निकल रहे इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया पॉवर हाउस पर ग्रामीणों की भीड़ देख रुक गए। ग्रामीणों ने श्री भदौरिया को अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया। श्री भदौरिया ने जेई रमेश मिश्रा से इस संबंध में बात की। जेई ने कल तक का समय मांगते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर कल तक लग जायेगा। बाकी 31 तारीख तक बिजली व्यवस्था सही हो जाएगी। जिसके बाद फिर आनंद भदौरिया ने ग्रामीणों को शांत कराते हुए कहा कि 31 तक इंतजार कर लो, अगर फिर भी बिजली व्यवस्था न सही हो तो हमको फोन करके सूचित करना। जिसके बाद ग्रामीण शांत होकर वापस घर चले गए।

दबंगों ने ट्रैक्टर चालक को पीटा

लहरपुर-तंबौर मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार को लहरपुर-तंबौर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरिया प्रहलादपुर मुख्य मार्ग स्टेट बैंक के सामने एक ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक सड़क पर मोड़ते समय फंस जाने से जाम लग गया। ट्रैक्टर चालक कल्लू पुत्र मेहंदी 36 वर्ष निवासी ग्राम गया सरायं मजरा अकैचनपुर टप्पा जाम में फंसे वाहनों को निकाल रहा था, तभी एक व्यक्ति से विवाद हो गया और उसने फोन करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया फिर दबंगों ने कल्लू की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। विवाद की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी, जब तक पुलिस पहुंचती उससे पहले दबंग अपनी ही मोटरसाइकिल पर घायल को लादकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को हटाकर जाम खुलवाकर आवागमन बहाल किया, इस चिलचिलाती धूप में आधे घंटे तक लोग जाम के झाम में फंसे रहे। जानकारी के अनुसार दबंग घायल को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिंगुरापुर के निकट एक बाग के पास छोड़कर फरार हो गए। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसका गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में नगर चैकी प्रभारी राम आसरे चैधरी ने बताया कि पांच लोगों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

समाजसेवी ने मानसिक विक्षिप्त को नहलाकर कराया भोजन

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार को स्थानीय बिसवां तिराहा गेट के निकट समाजसेवी अजीत कुमार ने मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक के बाल कटवाकर उसे स्नान कराया और नए कपड़े पहनाकर व भोजन कराया। स्थानीय लोगों ने समाजसेवी के इस कृत्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। समाजसेवी अजीत कुमार ने बताया कि विगत कई दिनों से विक्षिप्त युवक बड़े बाल, बड़ी दाढ़ी और मैले कपड़ों में इस भीषण गर्मी में नंगे पैर सड़क पर टहलता रहता था और काफी भूखा भी था। ऐसे में उनसे देखा नहीं गया और सोमवार को इंद्रपाल यादव, अंकित वर्मा, कुलदीप, राजा बाबू, राम लखन यादव, शाहरुख आदि लोगों के सहयोग से उसे नहला-धुलाकर भोजन कराया।

गर्मी दूर करने के उपाय ढूंढ रहे लोग

सांडा, अमृत विचार। दिन में लोग गर्मी से बचने के लिए कहीं पेड़ों की छांव ढूंढते हैं तो कहीं पसीने में तर बतर सिर और चेहरा ढके सड़कों पर नजर आ रहे हैं। सांडा में बने सामुदायिक शौचालय पर रखे कटे ड्रम में बच्चे नहाकर गर्मी दूर भगाते अठखेलियां करते नजर आए। अमृत विचार

ट्रांसफार्मर खराब, आधे गांव की आपूर्ति ठप

खराब पड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अनिया कलां मे विगत 13 मई को आए भीषण आंधी तूफान से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आधे गांव की विद्युत आपूर्ति ठप होने व क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अनिया कलां में विगत 13 मई को आए भीषण आंधी तूफान से गांव का एक विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसके चलते उस ट्रांसफार्मर से जुड़े आधे गांव की आपूर्ति बंद है, ट्रांसफार्मर खराब हो जाने को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं ने पावर हाउस को कई बार सूचना दी, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक विद्युत ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका है विद्युत उपभोक्ता मुनेश शुक्ला, रोहित अवस्थी, दिनेश अवस्थी, मोहिनी देवी, अरविंद पांडे, सतीश तिवारी, त्रिखा सिंह, श्री कृष्ण शुक्ला, तौकीर आलम, कौशल किशोर, उत्तम मौर्य, लाल मोहम्मद, लल्लन तिवारी, सुंदरलाल शुक्ला, मुनेंद्र शुक्ला, माबूद हुसैन, नैमिष तिवारी, बराती कश्यप आदि उपभोक्ताओं ने भीषण गर्मी को लेकर प्राथमिकता के आधार पर विद्युत ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत ग्रामीण अभिनव शुक्ला ने बताया कि, अत्यधिक गर्मी पड़ने व लो वोल्टेज होने से ट्रांसफार्मर जल रहे हैं डिमांड भेजी गई है, मंगलवार तक नया ट्रांसफार्मर लगवा कर विद्युत आपूर्ति गांव में बहाल कर दी जाएगी।

लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे रीछिन फीडर के दर्जनों गांव

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। विद्युत उपकेंद्र हरगांव के रीछिन फीडर के दर्जनों गांवों के ग्रामीण लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं इस भीषण गर्मी मे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया। लो-वोल्टेज होने से निजी सरकारी नलकूप नही चल पा रहे है जिससे फसले सूख रही है। इसके साथ ही अन्य इलेक्ट्रॉनिक समान जैसे, पंखा, टीवी, फ्रिज आदि शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। किसानों की यह समस्या कोई दो-चार दिनों से नहीं, बल्कि करीब दो माह से है। लो-वोल्टेज के कारण कभी कभी बल्ब का सिर्फ फिलामेंट जलता है, जो किसी काम का नहीं है निवादा गांव के ग्रामीणों रोहित मिश्रा, श्रवण जयसवाल, शुभम वर्मा, रंजीत वर्मा, अजय मौर्य ,अमित मिश्रा, बिजय कुमार, अंकुल, सूरज ने बताया कि रीछिन से पकरिया धापूपुर तक लगे तार पुराने तथा जर्जर हो गये तार टूटकर खेतों मे गिरने से फसल जलने से किसानो का नुकसान भी हो रहा है क्षेत्र के अवर अभियंता व लाइन मैन किसी का फोन नही उठाते हैं। समस्या के समाधान के लिए कई बार विभाग के पदाधिकारियों को मौखिक व लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है लेकिन कोई समाधान नही हुआ है। अवर अभियंता रवींद्र गौतम ने बताया कि लो-वोल्टेज की समस्या जहां से विद्युत आपूर्ति आती है, वहीं से है। बारिश होने पर लो-वोल्टेज सही हो जायेगा।

फर्राटा लगाकर ट्रांसफार्मर का तापमान किया जा रहा सामान्य

लहरपुर, अमृत विचार। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए फर्राटा पंखे लगवाये गये हैं। स्थानीय विद्युत अवर अभियंता अमरिश कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मरों को जलने से बचाने के लिए जगह-जगह बड़े-बड़े पंखे लगाए गए हैं, जिससे उनका तापमान सामान्य रह सके और लोगों को सुचारू रूप से बिजली मिल सके।

अनदेखी | जिम्मेदारों को अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ही नहीं

बेमकसद साबित हो रहे अमृत सरोवर, प्यासे बेजुबान

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार। इस भीषण गर्मी में आम जनमानस ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हैं ऊपर से सरकार ने जल संचयन के मकसद से लाखों-करोड़ों खर्च कर जो अमृत सरोवर बनवाए थे वो बेमकसद नजर आ रहे हैं। भारी-भरकम बजट खर्च करने के बाद भी ये अमृत सरोवर गर्मियों में काम नहीं आ रहे हैं और ऐसी भीषण गर्मी में बेजुबानों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। शासन की सख्ती के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर सरोवरों में पानी भरने की कवायद शुरू नहीं की जा सकी है और ये सरोवर बदहाली की स्थिति में पड़े हैं।

ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहादतनगर में बने अमृत सरोवर का हाल भी कुछ ऐसा ही है जिसमें मौजूदा वक्त में सौंदर्यीकरण के बजाय सरोवर के चारों तरफ झाड़ियां उगी हुई हैं और यह अमृत सरोवर एक वीरान मैदान में तब्दील हो चुका है। सरोवर में पानी की जगह धूल उड़ती दिखाई पड़ती है। जो भी मवेशी या पक्षी अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इस अमृत सरोवर की तरफ आते हैं उन बेजुबानों को प्यास के मारे इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इस समय पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन अधिकारी इस तरफ अनदेखी किए हुए हैं। वहीं स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि अमृत सरोवर के नाम पर लाखों खर्च करने के बाद भी नतीजा सिर्फ शून्य ही निकला है और प्रशासनिक हवाई दावों के बीच बेनतीजा कवायद भी इन अमृत सरोवरों की सूरत को नहीं संवार सकी है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर पूरी तरह खामोशी साधे हुए हैं।

> ऐसी गर्मी में अमृत सरोवर सूखे होने की जानकारी नहीं थी। अगर ऐसा है तो बिल्कुल गलत है। कोई भी इसकी शिकायत पत्र दे दे तो संबंधित सचिव को निर्देशित कर सरोवर में पानी भरवाने का कार्य करा दिया जाएगा।
>
> **-शैलेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ, ऐलिया**

सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

तीर्थ नैमिषारण्य में लगातार घट रहा गोमती नदी का जलस्तर

नैमिषारण्य, अमृत विचार। गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे में दूर दूर से यात्री घूमने के लिए विभिन्न स्थानों पर जाते हैं। इसी को देखते हुए जनपद सीतापुर के विश्व विख्यात तीर्थ नैमिषारण्य में भी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रति से पर्यटक घूमने के लिए आ रहे हैं।

देवदेवेश्वर घाट पर गोमती नदी की दशा अत्यंत दयनीय है। ऐसी मान्यता है कि भगवान राम ने वनवास के समय इसी आदिगंगा गोमती में स्नान किया था। कोमल पंडित तिराहे वाले बताते हैं कि प्रशासन के द्वारा कुछ प्रयास किए जाने चाहिए। सीतापुर निवासी फतेहकुमार मिश्रा नैमिषारण्य घूमने के लिए आए थे परंतु गोमती की गंदगी को देखकर वे काफी चिंतित दिखे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नैमिषारण्य को विश्व स्तर का दर्जा देने के लिए सरकार द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं ऐसे में स्थानीय प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

गोमती नदी का घट रहा जलस्तर। अमृत विचार

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है ।

संपादकीय

एक बड़ी जीत

बौद्धिक संपदा, आनुवंशिक संसाधनों (जीआर) और संबंधित पारंपरिक ज्ञान (एटीके) पर विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की संधि, वैश्विक दक्षिण के देशों और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। यह संधि सामूहिक विकास हासिल करने और स्थायी भविष्य का वादा पूरा करने की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसका भारत ने सदियों से समर्थन किया है। यह संधि न केवल जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण करेगी, बल्कि पेटेंट प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाएगी और नवाचार को मजबूत करेगी। यह संधि भारतीय आनुवंशिक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि ये वर्तमान में भारत में संरक्षित हैं, लेकिन उन देशों में इनके दुरुपयोग की संभावना है, जहां प्रकटीकरण दायित्व नहीं हैं। वर्तमान पेटेंट कानून में ऐसा कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है जिसके तहत पेटेंट आवेदकों से उस स्थिति में उत्पत्ति के देश या स्रोत का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती हो जहां आविष्कार आनुवंशिक संसाधनों पर आधारित हो। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस संधि के लिए विकसित देशों सहित अनुबंध करने वाले पक्षों को पेटेंट आवेदकों पर मूल दायित्वों के प्रकटीकरण को लागू करने के लिए अपने मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव लाने की जरूरत होगी। गौरतलब है कि डब्ल्यूआईपीओ एक संयुक्त राष्ट्र विशेष एजेंसी है जिसे 1967 में बौद्धिक संपदा (आईपी) संरक्षण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया था। डब्ल्यूआईपीओ मूल रूप से आईपी नीति, सेवाओं, सूचना और सहयोग के लिए एक वैश्विक मंच है।

भारत 1975 में डब्ल्यूआईपीओ में शामिल हुआ। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग (जीआईआई) में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। हाल के वर्षों में भारत ने जीआईआई में छलांग लगाई है। 2019 जीआईआई में भारत 52वें स्थान पर था। जीआईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने-अपने देशों में नवाचार-आधारित सामाजिक और आर्थिक बदलावों का आकलन करने का एक विश्वसनीय साधन है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार का श्रेय अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत काम को जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीतिगत उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है। वास्तव में यह संधि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, जो पारंपरिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की प्रचुरता के साथ जैव विविधता वाले केंद्रों का केंद्र है।

क्लिक कल्चर के प्रतिवाद में पंडित नेहरू

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है।

नई डिजिटल कल्चर 'क्लिक कल्चर' है। 'क्विक' कल्चर है। इसने 'पुसबटन' और इमेज को महान और लोकतांत्रिक मूल्यों और विचारों को खोखला और निरर्थक बनाया है। संप्रति टीवी से लेकर फेसबुक तक अनेक संगठन और नेता इसके शैतान खिलाड़ी के रुप में खेल रहे हैं और भारत की मासूम युवा पीढ़ी को इमेजों के जरिए दिग्भ्रमित करने में लगे हैं। 'क्लिक कल्चर' ने युवाओं के विवेक पर सीधे हमला बोला हुआ है। कहा जा रहा है 'क्लिक' इमेज ही सत्य है, विचार तो बकबास होते हैं, बोर करते हैं, कमाना मूल्यवान काम है, सोचना फालतू चीज है, व्यवहारवादी बनो, जनवादी मत बनो, धर्मनिरपेक्षता फालतू चीज़ है, लोकतंत्र में रहो लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के बिना। लोकतांत्रिक मूल्य तो बोझा हैं, वोट दो, लेकिन विवेकवाद के आधार पर सोचो मत, सार्थक है सिर्फ चुनाव जीतना। इस 'क्लिक कल्चर' के नायक इन दिनों पंडित नेहरू का भी 'क्लिक संस्कार' करने में मशगूल हैं।

उल्लेखनीय है पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के सामान्य प्रधानमंत्री नहीं थे, वे सामान्य राजनेता भी नहीं थे। आमतौर पर लोकतंत्र में नेता आते हैं और जाते हैं। औसत नेता ही लोकतंत्र की संपदा के रुप में नजर आते हैं, भारत में अनेक औसत नेता प्रधानमंत्री बने, लेकिन आधुनिक विचारवान विरल प्रधानमंत्री तो एकमात्र पंडितजी ही थे। वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके पास आधुनिक भारत का विज़न था, आधुनिक विचार थे, आधुनिक जीवन शैली थी और इन सबसे बढ़कर अपने विचारों के लिए जोखिम उठाने का साहस था।

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है। नेहरू 'क्लिक कल्चर' की देन नहीं थे, वे तो संस्कृति की देन थे। नेहरू को पाने के लिए भारत की संस्कृति के पास जाना होगा। संस्कृति का मार्ग बेहद जटिल और जोखिम भरा है, वह फेसबुक की वॉल पर लिखी 'क्विक' इबारत नहीं है, नेहरू कोई किताब नहीं है, कोई कुर्सी नहीं है या मूर्ति नहीं है जिसके साथ खड़े होकर फोटो क्लिक करो और नेहरू की पंक्ति में शामिल हो जाओ! नेहरू कुर्सी नहीं बल्कि देश का आधुनिक विज़न हैं। नेहरू के आधुनिक विज़न को सचेत रुप से अर्जित करना होगा तब ही सही मायने में नेहरू की रुह को स्पर्श किया जा सकता है। महसूस किया जा सकता है।

> नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है ''शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं।

नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है "शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं। जबकि नेहरू में ये चीजें एकदम नहीं थीं। नेहरू ने लिखा है, 'मजहब में- जिस रुप में मैं विचारशील लोगों को भी उसे बरतते और मानते हुए देखता था, चाहे वह हिन्दू-धर्म, चाहे इस्लाम या बौद्ध-मत या ईसाई-मत-मेरे लिए कोई कशिश न थी। अंध-विश्वास और हठवाद से उनका गहरा ताल्लुक था और जिंदगी के मसलों पर ग़ौर करने का उनका तरीक़ा यक़ीनी तौर पर विज्ञान का तरीक़ा न था। उनमें एक अंश जादू-टोने का था और बिना समझे-बूझे यकीन कर लेने और चमत्कारों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति थी।'

'फिर भी यह एक जाहिर-सी बात है कि मज़हब ने आदमी की प्रकृति की कुछ गहराई के साथ महसूस की हुई जरुरतों को पूरा किया है और सारी दुनिया में, बहुत ज्यादा कसरत में, लोग बिना मज़हबी अकीदे के रह नहीं सकते। इसने बहुत-ऊंचे किस्म के मर्दों और औरतों को पैदा किया है, और साथ ही तंग-नज़र और ज़ालिम लोगों को भी। इसने इन्सानी ज़िन्दगी को कुछ निश्चित आंकें दी हैं और अगरचे इन आंकों में से कुछ आज के ज़माने पर लागू नहीं हैं, बल्कि उसके लिए नुकसानदेह भी हैं, दूसरी ऐसी भी हैं, जो अख़लाक़ और अच्छे व्यवहार लिए बुनियादी हैं।'

नेहरू ने लिखा है "असल में मेरी दिलचस्पी इस दुनिया में और इस जिंदगी में है, किसी दूसरी दुनिया या आनेवाली जिंदगी में नहीं।" पंडितजी पुनर्जन्म की धारणा में यकीन नहीं करते थे, अंधविश्वासों के विरोधी थे। दिमागी अटकलबाजी में यकीन नहीं करते थे। वे चीजों, घटनाओं, व्यक्तियों, समुदाय और वस्तुओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने में विश्वास करते थे। उन्होंने माना "मार्क्स और लेनिन की रचनाओं के अध्ययन का मुझ पर गहरा असर पड़ा और इसने इतिहास और मौजूदा जमाने के मामलों को एक नई रोशनी में देखने में बड़ी मदद पहुंचाई इतिहास और समाज के विकास के लंबे सिलसिले में एक मतलब और आपस का रिश्ता जान पड़ा और भविष्य का धुंधलापन कुछ कम हो गया।'

1964 में 27 मई को मौत के बाद जवाहरलाल नेहरू का यश इतिहास की थाती है। उनका अनोखापन बेमिसाल है। नेहरू में दोष भी ढूंढ़े जा सकते हैं। नेहरू विस्मृति के अंधेरे में भी जुगनू की तरह दमकते ही रहते हैं वे अकेले हैं जो दक्षिणपंथ के हमले का शिकार हैं। आजादी की जद्दोजहद में तिलक, गांधी, नेहरू और सुभाष उत्तरोत्तर पड़ाव हैं। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद नेहरू ने गांधी का सम्मान करते भी उनकी आदर्शवादिता को अव्यावहारिकता कहकर ठुकरा दिया। उन्हें कठोर पत्र भी लिखे। उन्होंने गांधी की मुखालफत करते भगतसिंह के पक्ष में करीब आधी कांग्रेस को खड़ा भी किया। सुभाष बोस के साथ भगतसिंह के मुकदमे की पैरवी की।

नेहरू में कवि और दार्शनिक था। उनकी इतिहास दृष्टि में नदियां, हवाएं और तरंगें बहती हैं। नेहरू की गंगा सुदूर अतीत से भविष्य के महासागर तक संस्कारों का सैलाब लिए अनंतकाल तक बहती रहेगी। उनकी गंगा वसीयत से बेहतर वसीयत संसार में कहीं नहीं है। असाधारण बौद्धिक सांसद हीरेन मुखर्जी ने कहा था। मैं ऐसी वसीयत लिखने वाले की हर गलती माफ कर सकता हूं। यहां तक कि खराब सरकार को भी।

प्रसंगवश

इस बार का चुनाव

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मैं यह क्या सुन रहा हूं? इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों ने इस डर से कि भाजपा सरकार यदि फिर से आई तो संविधान बदल दिया जाएगा, साईकिल पर मुहर लगाई है। यह मात्र अफवाह भी हो सकता है। असली स्थिति तो नतीजों के बाद ही स्पष्ट होगी। अब भला लोगों को यह कहां गवारा होगा कि 'कोई बाबा साहब का बनाया संविधान' बदल दे। उनके लिए तो बाबा साहब आराध्यदेव हैं। वे ऐसा न होने देने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं और इन्हें बरगलाना भी आसान है।

संप्रति वोटों का जो सामाजिक समीकरण चल रहा है उसमें हाथी अनुसूचित जाति की ओर साईकिल निर्विवाद एम वाई फैक्टर की है। मगर दोनों में बड़ी दूरी रही है। यहां तक कि एकदा बहन जी के साईकिल का साथ देने के बावजूद अनुसूचित जातियों के वोट साईकिल को ट्रांसफर नहीं हो पाए थे। और साईकिल पंचर हो गई थी। क्या इस बार संविधान बदलने के चुनावी ब्रह्मास्त्र ने एक असंभव सी बात को संभव कर दिखाया है? सहज विश्वास नहीं होता। मगर खबरें ऐसी ही आ रही हैं। और सचमुच यदि ऐसा हुआ है तो कई लोकसभा क्षेत्रों के अनपेक्षित परिणाम आएंगे। बयानबाजों ने फिजां बदल दी-यही मानना होगा। यह अफवाह कुछ चतुर चालाकों ने फैलाई और भाजपा के तमाम खंडन के बाद भी वातावरण में फैलती रही। चुनाव प्रारंभ होने तक सत्ता विपक्षी दल जहां अस्त पस्त था, मतदान के बढ़ते चरणों के साथ झूठ मूठ के दावे और अफवाहों का सहारा लेकर मजबूती पाता गया दिखा है। साईकिल वाले नेता जी जहां जहां जनसभाओं में गए हैं, संविधान बदलने वाली बात को पुरजोर तरीके से उठाया। मतदान का आखिरी चरण अब आ पहुंचा है। इस बार का लोकसभा का सामान्य निर्वाचन अनेक छल कपट और झूठ प्रपंच के लिए जाना जाएगा। वाला तीर सही निशाने पर लगा तो हाथी वाली पार्टी का समूल सफाया तय है और कमल भी कुम्हलाएगा। साईकिल और सरपट निकलेगी।

मिजोरम सीमा को सील करने पर बढ़ा बवाल

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी।

म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र के फैसले के बीच मिजोरम सरकार ने घोषणा की है कि 1,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी म्यांमार सेना से जुड़े सशस्त्र संघर्ष से भागकर सीमा पार कर आ गए हैं। इस आमद ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है क्योंकि मिजोरम सरकार ने म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के कदम का विरोध किया है।

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और युद्धग्रस्त पड़ोसी देश के साथ एफएमआर समझौते को समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ एक सर्वसम्मत प्रस्ताव अपनाया है। एफएमआर समझौता दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर की सीमा पर निवासियों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक यात्रा करने और सीमित अवधि के लिए रहने की अनुमति देता है।

अधिकारियों ने कहा कि नवीनतम आमद के साथ पूर्वोत्तर राज्य में शरणार्थियों की संख्या 36,500 से अधिक हो गई है। मिजोरम में शरण लेने वाले म्यांमार के नागरिक ज्यादातर चिन समुदायों से हैं, जो मिज़ो के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं।

मुख्यमंत्री लालदुहावमा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य अधिकारियों के साथ पूर्व परामर्श के बिना म्यांमार और मिजोरम के बीच मैत्री पुल को एकतरफा बंद करने के बारे में म्यांमार सीमा की रक्षा करने वाले असम राइफल्स के समक्ष चिंता जताई है। मिजोरम के चम्फाई, सियाहा, लांग्टलाई, हनाथियाल, सेरछिप और सैतुअल जिले-म्यांमार के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं।

5 मई के बाद से 2,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकांश राहत शिविरों के बाहर, रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ या किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि अन्य सात जिलों में 149 राहत शिविरों में रहते हैं।

भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को मिजोरम में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही समझौते को रद करने के भारत सरकार के कदम के खिलाफ रैलियों के लिए मिजोरम में हजारों लोग एकत्र हुए।

ज़ो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइज़ेशन (ज़ोरो) द्वारा आयोजित, चम्फाई जिले के ज़ोखावथर और वाफई गांवों में शांतिपूर्ण रैलियां हुईं, जो म्यांमार के साथ सीमा साझा करती है। एक ज़ोरो नेता के अनुसार, म्यांमार के प्रतिनिधियों ने भी इन रैलियों में भाग लिया। ज़ोरो एक मिज़ो समूह है जो भारत, बांग्लादेश और म्यांमार में विभिन्न जनजातियों को एक ही प्रशासन के तहत पुनः एकीकृत करने की वकालत करता है।

यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने भी हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ इस मुद्दे को उठाया है और उनसे निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है।

फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के चिन राज्य के 34,000 से अधिक लोग वर्तमान में मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ले रहे हैं। मिजोरम विधानसभा ने 28 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भारत-म्यांमार सीमा बाड़ और एफएमआर उन्मूलन के संबंध में केंद्र के फैसले का विरोध किया गया।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस चिंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाया था और उनसे एफएमआर को रद न करने का आग्रह किया था।

मिजोरम सरकार, नागरिक समाज संगठनों और छात्र निकायों के साथ, दोनों देशों के जातीय समुदायों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के डर से, केंद्र की योजनाओं का कड़ा विरोध करती है।

सोशल फोरम

खखरी और पोचा

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुजला, सुफला, शस्यश्यामला। पता नहीं, कवि (बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, आनंदमठ में) ने सुदूर विगतकाल का वर्णन किया था, या तत्कालीन स्थिति का वर्णन किया था, या वर्णित स्थिति के भविष्य में आने की कामना की थी। एक सौ चालीस वर्ष गुजर गए आनंदमठ के। तब क्या होता था, कौन बतलाए? हां, जो कवि ने दर्शाया है वह बंगाल का दुर्भिक्ष काल था, कवि ने माता के उस रूप की कल्पना की होगी जो बेड़ियों के कटने के बाद होगी, या बेड़ियों के लगने के पहले की होगी। मेरे परदादे का जमाना-बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का जमाना। वन्दे मातरम।

मैं, बंकिमचंद्र का परपोता, क्या देख रहा हूं? पृथ्वीमाता के अनगिनत परपोतों, प्रपरपोतों की भीड़-बेरोज़गार बच्चों की भीड़, ख़ानदान की परंपरा और इज्ज़त को तार-तार करने के लिए हुहुआती भीड़, किसको कहां और कैसे लूट लें का मौक़ा ढूंढती भीड़, माता की गरिमा पर कीचड़ उछालने को उत्सुक भीड़, अपनी संस्कृति को लतियाती भीड़, भेड़ियों की भीड़, भेड़ों की भीड़, दलालों की भीड़, कंगालों की भीड़, फटे-हालों की भीड़। धान के पौधे पला गए। पुआल ही पुआल-दाने नहीं लगे। बुद्धिमान लोग चारा खा सकते हैं, उन्हें पुआल की जरूरत है, पुआल-पोचा फ़सल बेशकीमती है–जहां चाहेंगे लगा देंगे - एक जून का खाना देकर-जय बोलेंगे, प्रदर्शन करेंगे, धरना देंगे, लाठी खाएंगे, टांग तुड़वा कर घर लौट आएंगे, इंकलाब करते हुए खेत आएंगे, ख़ून की खाद दे देंगे। खखरी - केवल भूसा, दाना नहीं। ओसाओ, फटको तो सब उड़ जाएंगे। हां, तब भी काम में आएंगे-चूल्हे-भाड़ में झोंकने के काम आएंगे-गाय-गोरू को खिलाने के काम आएंगे। भारतमाता की औलाद - खखरी। डिग्री भी देते हैं और अनइम्प्लॉयेबल (निकम्मा, रोज़गार के अयोग्य) भी कहेंगे। कुछ खखरी अपने को बुद्धिजीवी कहने लगे हैं। खखरी, पोचा। दादा बंकिमचंद्र जी, आपके परपोते और उनकी औलाद खर-पतवार हैं।

-फेसबुक वॉल से

रिटायरमेंट के बाद

अनूप शुक्ल
कानपुर

> इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

25 दिन हो गए सरकारी सेवा से रिटायर हुए। तमाम काम सोचे थे करने के लिए कि ये करेंगे, वो करेंगे। बस एक बार रिटायर भर हो जाएं। सारे के सारे काम, सिवाय निठल्लेगीरी के, उलाहना दे रहे हैं कि हम पर अमल नहीं हुआ, हमारे साथ 'इरादाखिलाफ़ी' हुई। कोई-कोई तो यह भी कह रहा है कि तुम भी बदल गए। हमें तुम से ये उम्मीद नहीं थी।

काम जो सोचे थे उनमें से एक था घूमने का। सोचा तो यह था कि रिटायर होते ही कहीं घूमने निकल जाएंगे। भूटान, बांगलादेश, श्रीलंका, यूरोप मतलब कहीं भी। देश में भी तमाम जगहें हमारे घूमने की लिस्ट में हैं। लेकिन कहीं निकलना हुआ नहीं। इस मामले में नूर साहब के शेर बहुत सहारा देते हैं : मैं रोज़ मील के पत्थर शुमार (गिनती) करता था,/ मगर सफ़र न कभी एख्तियार (शुरू) करता था।

तमाम काम अधूरे पड़े रहे मेरे/ मैं ज़िंदगी पर बहुत ऐतबार (भरोसा) करता था।

पिछले दिनों मेरा बेटा अपने कजाकिस्तान गया था। वहां के किस्से, फ़ोटो, विडीयो लगाए अपने यहां तो किया कि फ़ौरन निकल लें। पहुंच जाएं कजाकिस्तान। घूमें आसपास। बग़ल में समरकंद है जहां से बाबर आए थे। लेकिन फिर आलस्य ने और बगलिया के रोक लिया। सोचा जाएंगे तसल्ली से। कौन समरकंद और कजाकिस्तान कहीं भागे जा रहे हैं।

पढ़ने के लिए तमाम किताबें सोची थीं कि एक-एक कर पढ़ी जाएंगी। अभी तक शुरुआत नहीं हुई है। रिटायरमेंट पर तमाम दोस्तों ने किताबें भेंट की हैं। कुछ पहले की पढ़ी, कुछ नई, कुछ पसंदीदा। कुछ मित्रों ने मुझे रामायण, गीता भी भेंट की। कई प्रतियां हों गईं। उन दोस्तों की शायद सलाह यही होगी कि लोक की बात ख़त्म हुई, अब परलोक सुधारने के प्रयास किया जाए।

इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

लिखाई-पढ़ाई के तमाम छूटे हुए काम तय किए थे पूरे करने के लिए। अमेरिकी यात्रा के संस्मरण पर किताब 'कनपुरिया कोलंबस' फ़ाइनल कई बार चुके हैं। अब बस छपानी है। अलावा इसके कश्मीर, लेह-लद्धाख और दीगर घुमक्कड़ी के किस्से छांटकर/लिखकर छपाने का इरादा है। 'व्यंग्य की जुगलबंदी' के सिलसिले में लिखे गए तमाम दोस्तों के लेख भी छांटकर प्रकाशित करने का मन बनता है अक्सर। सबको इकट्ठा करना भी बड़ा काम है। देखते हैं कितना हो पाता है। किताब छपाने के तमाम हसीन लफड़े होते हैं। उनसे गुजरना भी रोचक अनुभव होता है।

अपने सेवाकाल के अनुभव भी लिखने के मन है। जिन लोगों के साथ काम किया उनके बारे में लिखने का विचार है। इस विचार पर अमल करने में हिचक भी है। पता नहीं कौन अपनी 'तारीफ़' पर ख़फ़ा हो जाए। समाज सेवा में भी कुछ योगदान करने का मन है। कैसे कर पाते हैं, कितना कर पाते हैं -समय बताएगा।

सरकारी सेवा से रिटायर भले हो गए हैं लेकिन जड़त्व के नियम के हिसाब से सेवा की मनःस्थिति से अलगाव पाने में समय लगेगा। विनोद श्रीवास्तव जी की कविता याद आती है: जैसे तुम सोच रहे साथी,/ वैसे आज़ाद नहीं हैं हम/ पिंजड़े जैसी इस दुनिया में / पंछी जैसा ही रहना है/भरपेट मिले दाना-पानी/ लेकिन मन ही मन दहना है।/जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे संवाद नहीं हैं हम/ जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे आज़ाद नाहीं हैं हम।

सरकारी सेवा में 36 साल बिताने के बाद पिंजड़ा खुल गया है लेकिन आदतन अभी भी मन उसी हिसाब से बना हुआ है। सोच के स्तर पर उससे मुक्त होने में कुछ समय लगेगा। लेकिन यह तय है कि सेवाकाल पूरा करने की बहुत ख़ुशी है। आने वाले समय में तमाम नए काम काम करने की तमन्ना है। ज़िंदगी जितनी हसीन अभी तक रही, आगे की उससे भी ख़ूबसूरत होगी ऐसा मुझे लगता है।

रिटायरमेंट के मौक़े पर हुई विदाई पार्टी के विडियो हमने यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। इनमें हमारे कुछ मित्रों के और हमारे परिवार के लोगों और अपन के भी उद्गार हैं।

मेहनतकश अब अपना हिस्सा मांगेंगे

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अभी कुछ ही दिन पहले एक राजनीतिक पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में आर्थिक असमानता दूर करने के लिए बड़े पूंजीपतियों से धन ले कर गरीबों को से देने की बात कही थी जिस पर काफी दिनों तक विवाद बना रहा, आर्थिक असमानता को ले कर टीवी चैनलो पर भी काफी चर्चा हुई है और अखबारों में भी बराबर छपता रहता है। यह असमानता पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है जहा हमारे देश में रू 6000 प्रति माह पर गुजर करने वाले 72 करोड़ लोग है, तो वही धन संचय कर नए अरबपति बढ़ रहे हैं देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मात्र 1 प्रतिशत, पूंजीपतियों के पास है जाने माने अर्थशास्त्री थॉमस पी केटी ने एक रिसर्च पेपर के द्वारा सुझाया है कि 10 करोड़ से अधिक के मालिकों पर भारत में 2प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स तथा 33प्रतिशत नियमित कर लगाया जाना उचित होगा। ऐसा सुझाव देने के पीछे उनकी मंशा बढ़ती आर्थिक असमानता है।

"प्रपोजल फोर ए वेल्थ टैक्स पैकेज टू टेकेल एकस्टीम इनइक्वल्टीज इन इंडिया" नाम इस पेपर में अति बड़े घरानों से संबंधित टेक्स प्लान का सुझाव है। फिलहाल अमीरी गरीबी की बढ़ती असमानता पर चर्चा शुरू हो चुकी है, लेबर लॉस,जीएसटी और महंगाई बेरोजगारी की सबसे ज्यादा मार झेलने वाला गरीब है और वही सरकार से तमाम तरह से लाभ और राहत उठा कर, बढ़ रहा अमीर है, देखना यह है की निकट भविष्य में गरीबों को क्या मिलता है, वरना वो दिन दूर नही जब मेहनतकश समाज से अपना हिस्सा मांगने लगे यह मेहनतकश भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहा पूंजीपति बढ़ रहे हैं,क्योंकि क्रोनी केपिटालिजम को ही विकास नही माना जा सकता।

एक नजर

61 गांवों में चल रहा जलाशयों का निर्माण कार्य

रुपईडीह, अमृत विचार : मनरेगा के तहत ब्लाक की 61 ग्राम पंचायतों में जलाशय सुंदरीकरण और मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा है। मनरेगा के एपीओ राजेश कुमार सोनी ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा का कार्य नहीं चल रहा है। उन ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों व रोजगार सेवकों से शीघ्र ही मांग पत्र ब्लॉक मुख्यालय को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया है।

शिविर में की 124 नेत्र रोगियों की जांच

रुपईडीह, अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गांवों को मिलाकर 124 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। जांच के बाद 17 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा गया।

सड़क किनारे से मिट्टी हटाने की मांग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : घर-घर जल पहुंचने के लिए सड़क के किनारे पाइप डालने के लिए जल निगम विभाग ने खुदाई की है। मिट्टी सड़क पर ही रख दी गई है। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मिट्टी को सड़क से हटाने की मांग प्रशासन से की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत भटवलिया गांव से तिवारी पुरवा को जाने वाली पिच रोड के किनारे पानी की आपूर्ति के लिए जल निगम ने गड्ढे की खुदाई की थी। गड्ढे में पाइप डाल दी गई। ग्रामीणों में सुनील, अनिल, श्याम बाबू, राधेश्याम, मनीष विक्रम, अमित, विकास, आदि लोगों ने सड़क पर पड़ी मिट्टी हटवाने की मांग प्रशासन से की है।

आधुनिक भारत के निर्माता थे नेहरू: प्रमोद

गोंडा, अमृत विचार। आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के निर्माता थे, आज अगर देश विश्व गुरु बनने का दावा करता है तो यह नेहरू जी द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम है। जिस देश में आजादी के बाद 33 करोड़ लोगों का पेट भरना चुनौती थी वहां एम्स, आईआईटी आईआईएम, इसरो भाखड़ा नांगल बांध और सरदार सरोवर जैसी परियोजना और संस्थानों की स्थापना होने की बुलंद भारत की नींव रखी। आज परिणाम सबके सामने है। महासचिव अरविंद शुक्ला ने कहा कि जिस बुलंद भारत पर आज लोग इतरा रहे हैं वह नेहरू जी की सोच का परिणाम है।

आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर हुई थी वृद्धा की हत्या

महिला के गाली देने पर आरोपी युवक ने गला दबाया

सीतापुर, अमृत विचार। रामपुरकलां थाना इलाके में वृद्धा की संदिग्ध हालात में सड़क किनारे मिले शव की गुत्थी को पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सुलझा लिया है। रविवार की सुबह जमीनी विवाद में वृद्धा हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाई की है। हत्यारोपी ने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उसने वृद्धा की गला दबाकर हत्या करने के बाद मौत को संदिग्ध बनाने के लिए ही शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। मृतका की विवाहित बेटी ने वारदात को अंजाम देने का आरोप गांव के ही तीन लोगों पर लगाया था।

बताते चलें कि क्षेत्र के ग्राम कैथा सरैंया शंकरबक्श निवासी मैना देवी (85) पत्नी पत्नी स्व बैजनाथ का शव रविवार की सुबह सड़क किनारे मिला था। मृतका महिला अपने बेटे विनोद के साथ ही रहती थी। बताया जाता है कि गांव के पड़ोसियों से ही महिला का आबादी की जमीन को लेकर काफी समय से दोनों के बीच कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। वारदात की शाम गांव में

पुलिस गिरफ्त में खड़ा वृद्ध महिला की हत्या करने वाला आरोपी पूरन उर्फ पुन्ना।

दोनों पक्ष शैलेंद्र पुत्र राम गुलाम, पुन्ना पुत्र रामपाल, विकास पुत्र ज्ञान चंद्र से महिला का वाद विवाद भी हुआ था। जिसकी सूचना पर देर रात पहुंची पुलिस ने मामले का निपटारा कराने के लिए रविवार की सुबह थाने पर बुलाया था। थाने पर पहुंचने से पहले ही सुबह महिला का शव संदिग्ध हालत में शव मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने विवाद में शामिल तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने और शरीर पर चोटों के निशान मिलने के बाद

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या और चोटों की हुई पुष्टि, आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

तीनों संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस की सख्ती के आगे आरोपी पूरन उर्फ पुन्ना पुत्र रामलाल ने घटना को अकेले अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

आरोपी ने बताया कि पुलिस के जाने के बाद महिला रात में महिला घर के सामने बैठकर गाली गलौच कर रही थी। इसी से आहत होकर आरोपी पूरन ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। जिसके बाद हत्या को संदिग्ध करार देने के लिए महिला के शव को खींचकर खड़ंजे के किनारे डाल दिया। पुलिस के सामने इकबालिया जुर्म बयां करने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चालान करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक नवनीत मिश्रा ने बताया कि आबादी की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर आरोपी ने अकेले गला दबाकर हत्या की थी। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

हाईकोर्ट के जमानत का आदेश कोर्ट में पेश

रामपुर, अमृत विचार।: दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में पूर्व सांसद एवं पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ. तजीन फात्मा उनके पति सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को 24 मई को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। सोमवार को डॉ. तजीन फात्मा के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट के आदेश को कोर्ट में जमा कर दिया है। जमानती भी भर दिए हैं। जमानतियों की तस्दीक होने के बाद पूर्व सांसद मंगलवार या बुधवार को जेल से बाहर आ सकती हैं।

सपा नेता आजम खां ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाए थे। सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इसके बाद भाजपा से शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और उनके बेटे स्वार-टांडा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले में कोर्ट ने 18 अक्टूबर 2023 को तीनों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम खां के अधिवक्ता ने जिला जज की कोर्ट में

आजम खां का मामला

- जमानती तस्दीक होने की कार्रवाई शुरू, जल्द बाहर आएंगी डॉ. तजीन फात्मा
- दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में 18 अक्टूबर 2023 को हुई थी सात वर्ष की सजा

जमानत के लिए प्रार्थना पत्र लगाए थे। इसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद आजम खां ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील की थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने तीनों को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी थी। सोमवार को डॉ. तजीन फात्मा के हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को कोर्ट में जमा कर दिया गया। जमानती भी भर दिए गए हैं। अब उनकी तस्दीक करने का काम चल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता जुबैर अहमद ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश को एमपी-एमएलए कोर्ट में दाखिल कर दिया गया है। जमानती भी भर दिए गए हैं। उनके तस्दीक होने की कार्रवाई चल रही है। इसके बाद डा. तजीन फातिमा जेल से बाहर आएंगी। गौरतलब है कि सपा नेता आजम खां सीतापुर, अब्दुल्ला आजम हरदोई और डा. तजीन फातिमा रामपुर की जिला कारागार में सजा काट रही हैं।

सार-संक्षेप

गोधौरी की सहायक शिक्षिका भोपाल में हुईं सम्मानित

मुख्य अतिथि अभिताभ पांडेय को अपनी किताब भेंट करतीं शिक्षिका ममता देवी।

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। सेंटर फॉर एन्वायरमेंट एज्यूकेशन के अंतर्गत जैव विविधता, कचरा प्रबंधन, वाटर सस्टेनेबिलिटी थीम पर शिक्षक के निर्देशन में स्कूली बच्चों से प्रोजेक्ट कार्य संपादित किए जाने पर राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र पुरस्कार व कार्यशाला 23 से 25 मई 2024 के मध्य भारत स्काउट एंड गाइड राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पंचमढ़ी मध्य प्रदेश में संपन्न हुई। राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र पुरस्कार 2023 के लिए पूरे देश से 7 शिक्षकों व 10 विद्यालयों का चयन किया गया। उत्तर प्रदेश से जनपद सीतापुर विकासखंड महमूदाबाद के कम्पोजिट विद्यालय गोधौरी की शिक्षिका ममता देवी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। उक्त विद्यालय का प्रोजेक्ट गत वर्षों में राज्य स्तर पर चयनित हो चुका है। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि(इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के डायरेक्टर) अभिताभ पांडेय एवं भारत स्काउट गाइड महिला विंग पंचमणी की डिप्टी डायरेक्टर सुरेखा श्रीवास्तव ने ममता देवी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में पर्यावरण सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। सीईई के स्टेट कोऑर्डिनेटर जितेंद्र पटेल और उनकी टीम मेंबर्स प्रियंका सिनसिन, विपिन वर्मा, दीप शाह व गायत्री ने तीन दिवसीय कार्यशाला में ग्लोबल वार्मिंग, बच्चों को कचरा प्रबंधन, वाटर और जैव विविधता सस्टेनेबिलिटी पर बच्चों को समझ विकसित करना, वर्ड वाचिंग, फोटोग्राफी, नेचर स्टडी आदि के बारे में समझया। इस सम्मान समारोह में शिक्षिका ममता देवी ने अपनी साझा संग्रह पुस्तक विद्यालय में एक दिन मुख्य अतिथि अमिताभ पांडेय को भेंट की। इस कार्यक्रम में पूरे देश से राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित कुल 51 शिक्षक सम्मानित किए गए।

शिक्षा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र कार्य के लिए तैयार करना

शिक्षा वर्ग का शुभारंभ करते अतिथि।

सीतापुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के शिक्षा वर्ग का शुभारंभ आनन्दी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज नैपालापुर में हुआ। वर्ग 11 जून तक चलेगा। वर्ग का उद्घाटन प्रांत संघचाल स्वर्ण सिंह, सह प्रांत कार्यवाह संजय, प्रांत प्रचारक कौशल, सह प्रांत प्रचारक संजय, सर्वाधिकारी सह विभाग संघचालक लखनऊ भुवनेश्वर, वर्ग कार्यवाह अंबिका प्रसाद वाजपेयी, सह वर्ग कार्यवाह कृष्ण कुमार ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल कर किया। सर्वाधिकारी भुवनेश्वर ने बताया कि यह अवध प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग है, जिसमें 26 जनपदों के 459 शिक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। इन सभी शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए 55 शिक्षक लगे हुए हैं। वर्ग का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रकार्य के लिए अपने जीवन को कैसे लगाएं के लिए तैयार करना है। विभाग प्रचारक अभिषेक ने बताया प्रशिक्षण के दौरान शिक्षार्थियों को संघ की गतिविधियों सहित राष्ट्रकार्य के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिसुबह चार बजे जागरण से लगाकर रात दस बजे तक विविध क्रियाकलाप सिखाए जा रहे हैं। छह जून को सायं पांच बजे वर्ग का पथ संचलन तथा दस जून को प्रदर्शन और समापन कार्यक्रम होगा। इस मौके पर जिला संघ चालक उमाकांत, सहजिला संघचालक राकेश, जिला कार्यवाह आशीष, जिला प्रचारक पंकज सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे। वर्ग की व्यवस्था में वरिष्ठ स्वयंसेवक वर्गपालक यशोदानन्द, सह वर्गपालक उमेश गुप्त, बौद्धिक प्रमुख राजकुमार, सह बौद्धिक प्रमुख डा. अवधेश, अमित मिश्र, दिलीप वर्मा, शारीरिक प्रमुख भगवान सहाय, सह शारीरिक प्रमुख अनिल, मुख्य शिक्षक अमित, सह मुख्य शिक्षक कृष्णकुमार, घोष प्रमुख संतोष ने योगदान दिया।

प्रयोगात्मक परीक्षाएं कल से

परसपुर, अमृत विचार। नगर पंचायत स्थित महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज में बीए चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 मई दिन बुधवार को सुबह दस बजे से संपन्न होगी। उक्त जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना सिंह व प्राध्यापक डॉ एसपी ने देते हुए बताया कि महाविद्यालय की एमए द्वितीय सेमेस्टर पॉलीटिकल साइंस तथा एमए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 मई दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 10 :00 बजे से प्रारंभ होगी। बीएससी चतुर्थ व छठवें सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 मई को नौ बजे होगी। इसमें सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

सड़क किनारे पलटी मजदूरों की बस, 18 लोग घायल

हल्दौर (बिजनौर), अमृत विचार। नूरपुर-बिजनौर हाईवे पर गांव रुस्तमपुर के पास मजदूरों से भरी निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में 18 मजदूर घायल हो गए। ये सभी लोग लखीमपुर खीरी से जम्मू-कश्मीर में काम करने जा रहे थे।

सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि यह हादसा सोमवार सुबह पांच बजे हुआ। जिला लखीमपुर खीरी में गोला निवासी, सकरुल (22) पत्नी अतीक, सरवरी (25) पत्नी बबलू, सबलू (2) वर्ष पुत्र बब्लू, बब्लू (30) पुत्र केदार, महफूज (60) पुत्र कल्लन, शबनूर जहां (20) पत्नी मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अहमद (20) पुत्र अहमद हुसैन, शकीरा (50) पत्नी महफूज निवासी सिकंदराबाद, अमीर हसन (21) पुत्र अली हसन, अमन जहां (30) पत्नी नूर हसन, मुख्तारी (50) पत्नी अली हसन निवासी गांव गर्दा जिला लखीमपुर खीरी, अहमद हुसैन (60), अफसाना

- जम्मू-कश्मीर में काम करने जा रहे थे लखीमपुर खीरी के लोग
- नूरपुर-बिजनौर हाईवे पर गांव रुस्तमपुर के पास हुआ हादसा

(30) पत्नी वसीम निवासी गांव गोला जिला लखीमपुर खीरी, महबिस (8) पुत्री वसीम, मुन्ना (3) पुत्र नूर हसन, सलमान पुत्र नूर हसन घायल हुए हैं। इनमें सात महिलाएं, छह पुरुष और तीन बच्चों समेत अन्य लोग शामिल हैं। सीओ के अनुसार, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया। बस में सवार सभी लोग लखीमपुर खीरी से जम्मू कश्मीर जा रहे थे। ये सभी मेहनत मजदूरी करते हैं। बस में करीब 55 मजदूर सवार थे। बस चालक मौके से फरार हो गया। मजदूरों ने पुलिस को बताया कि बस चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर बिजनौर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

सरकारी मशीनरी में तोड़फोड़ मामले में पूर्व सपा विधायक दोषी करार

सीतापुर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। वर्ष 2008 में बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान हुई पत्थरबाजी और सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न करने के आरोप में कोर्ट ने पूर्व विधायक को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है। मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक को सजा सुनाई जाएगी।

राधेश्याम जायसवाल।

बताते चले सदर सीट से पूर्व सपा विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल पर बसपा शासन काल के दौरान ईओ नगर पालिका सीतापुर निहाल चंद्र ने लालबाग बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। वर्ष 2008 में आरोप राधेश्याम जायसवाल सदर सीट से सपा विधायक थे। आरोप था कि जब नगर पालिका की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो सपा विधायक राधेश्याम जायसवाल अपने समर्थकों के साथ लालबाग बाजार पहुंचकर अतिक्रमण हटाओं अभियान का विरोध दर्ज कराया। आरोप था कि इसके साथ ही राधेश्याम जायसवाल और उनके समर्थकों ने सरकारी सम्पत्ति में तोड़-फोड़ कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर टीम को बैरंग ही वापस लौटा दिया। तत्कालीन ईओ पालिका ने तत्कालीन विधायक राधेश्याम को नामजद करते हुए 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बताया जाता है कि पुलिस ने विवेचना के दौरान अज्ञात लोगों को नाम हटाकर तत्कालीन विधायक राधेश्याम जायसवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,353 और 427 का आरोपी बनाकर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के 16 साल बाद सोमवार को न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने पूर्व विधायक को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया। मंगलवार को पूर्व विधायक पर आरोपों के आधार पर सजा सुनाई जाएगी।

झूठी गवाही के आरोप में नपा के 4 कर्मियों को नोटिस

बताया जाता है कि एमपी-एमएलए कोर्ट ने मामले में चार नगर पालिका कर्मचारियों को नोटिस भेजी गई है। इन कर्मचारियों में तत्कालीन संपत्ति लिपिक राकेश मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव सहित दो कर्मी शामिल है। बताया जाता है कि इन कर्मियों ने न्यायालय में झूठी गवाही देकर गुमराह करने का प्रयास किया था।

उत्पाती बंदर को पकड़ा

संवाददाता, इटियाथोक

अमृत विचार: साल भर से उत्पात मचा रहे बंदर को सोमवार को वन कर्मचारियों ने पिंजरा लगाकर कैद कर लिया। उत्पाती बंदर को कुआना रेंज में छोड़ा जाएगा। बीते साल भर से इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर स्थित बेंदुली, छिछुली व भवनियापुर उपाध्याय गांव में उक्त बंदर ने उत्पात मचा रखा था। खास तौर से वह इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर बाइक, साइकिल सवार व राहगीरों को निशाना बना रहा था। साल भर के भीतर बंदर ने करीब दर्जन भर लोगों पर हमले कर घायल कर दिया था। ग्राम वासियों ने बंदर को पकड़े जाने की मांग वन विभाग से की थी। वन कर्मचारियों ने कई बार बंदर को

पकड़ने का प्रयास किया मगर उसे पकड़ नहीं सके। आखिरकार बंदर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर निगरानी शुरू की गई। सोमवार की सुबह बंदर पिंजरे में आकर फंस गया। कटरा रेंज के वन कर्मचारियों ने बताया कि बंदर को कुआनो जंगल में छोड़ा जाएगा।

प्रधान संगठन और सचिव संघ आया आमने- सामने

सचिव की पिटाई मामले में सीडीओ से मिले प्रधान संगठन के प्रतिनिधि, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: प्रधान पति व पंचायत सचिव के बीच हुए विवाद के लेकर प्रधान संगठन ने सीडीओ से मुलाकात की और ग्राम प्रधान का पक्ष रखा। संघ ने सीडीओ से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। सीडीओ ने डीपीआरओ को कमेटी बनाकर मामले की जांच कराने का निर्देश दिया है।

पंडरी कृपाल ब्लाक के ग्राम पंचायत मलारी की ग्राम प्रधान धूपा देवी के पति राम प्रकाश का गांव के पंचायत सचिव विजय कुमार से विवाद हो गया था। मामले में सचिव विजय कुमार ने प्रधान पति

सीडीओ कार्यालय के बाहर मौजूद ग्राम प्रधान संगठन के प्रतिनिधि। अमृत विचार

राम प्रकाश, बेटे विशाल व भतीजे संतोष समेत कई अज्ञात लोगों पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस विवाद के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी संघ आंदोलित है। वह आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ा हुआ है। इस विवाद के बीच अब ग्राम प्रधान के पक्ष में प्रदान संगठन खड़ा हो गया है। सोमवार को मलारी गांव की ग्राम प्रधान धूपा देवी को साथ लेकर ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि से मुलाकात की और प्रधान का पक्ष रखा।

संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम प्रधान ने तीन महीना पहले इंटरलॉकिंग का कार्य कराया था, लेकिन सचिव उसका भुगतान नहीं करा रहे थे। 24 मई को जब ग्राम प्रधान ब्लाक मुख्यालय गयी थी तो वहां सचिव ने शराब के नशे में उनसे अभद्रता की और फिर गलत तरीके से उनके पति व बेटे पर मुकदमा लिखवा दिया। प्रधान संगठन ने सीडीओ से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपनी मांग दोहराई है।

यह है पूरा मामला

पंड़री कृपाल ब्लाक में तैनात विजय कुमार बतौर ग्राम पंचायत अधिकारी हैं जो मलारी ग्राम पंचायत में तैनात हैं। उन्होंने थाना कोतवाली नगर में दी गई तहरीर में बताया है कि 24 मई को वह ब्लाक मुख्यालय में सरकारी कामकाज निपटा रहे थे कि दोपहर बाद करीब 3 बजे मलारी ग्राम पंचायत के प्रधानपति राम प्रकाश वर्मा व उनके पुत्र विशाल वर्मा तथा उनके भतीजे संतोष वर्मा सहित करीब 20 लोगों के साथ ब्लॉक में पहुंचे और ग्राम पंचायत तथा मनरेगा फाइलों पर बिना कार्य कराये ही भुगतान के लिए जबरन हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाने लगे, पीड़ित विजय कुमार ने कार्य के निरीक्षण बाद हस्ताक्षर करने की बात की। इस दौरान प्रधान पक्ष को लोग बात करते-करते हुए उन्हे ब्लाक के बगल एक स्कूल तक लेकर चले गये और चारों तरफ से घेरकर मारना पीटना शुरू कर दिया। प्रधान व उनके सहयोगी अपहरण की नीयत से घसीटते हुए उन्हें अपने अल्टो कार पर लादने लगे। जब उन्होने शोर मचाया तो कई प्रधान व पंचायत सचिव दौड़े। आरोप है कि इस दौरान प्रधान पति व उनके समर्थकों ने ग्राम पंचायत की फाइलें व जरूरी कागजात भी छीन लिया और चले गए।

मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

करनैलगंज, अमृत विचार : खेत में लगे बल्ली व तार को तोड़ने का विरोध करने पर एक महिला की पिटाई कर दी गई। मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरौरा ग्रामीण के मजरा मोहनपुरवा निवासिनी आशा देवी पत्नी रामफेर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार शाम को गांव के ही मुंशीलाल उसके खेत में लगे बल्ली व तार को तोड़ रहे थे जिसका उसने विरोध किया तो उसे गाली देते हुए उसके ऊपर हमलावर हो गए। कोतवाल ने बताया कि मुंशीलाल के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

स्वास्थ्य | सुबह दस बजते ही सड़कों पर पसरा जा रहा सन्नाटा, शाम को बाजार हो रहे गुलजार

भीषण गर्मी में लोगों को हो रही पेट दर्द की शिकायत

संवाददाता, परसपुर

अमृत विचार: जेठ मास के शुरू होते ही गर्मी की तपिश से लोगों में पेट दर्द डायरिया एवं बुखार के प्रकोप बढ़ते ही जा रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मरीज बीमार होकर प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं।

भीषण गर्मी से घर के पुरे परिवार के लोगों की हालत खराब हो रही है। सोमवार को सीएचसी परसपुर पर उल्टी दस्त एवं बुखार से पीड़ित इलाज कराने आये परसपुर जबदा निवासी बाबादीन गौतम ने बताया कि दो दिन से उनकी हालत

सीएचसी परसपुर में भर्ती डायरिया के मरीज। अमृत विचार

खराब हो रही थी। लेकिन आज पत्नी पूनम और मां विन्दी की भी हालत डायरिया एवं बुखार से बिगड़ गयी तब उनके मामा द्वारा लाकर परिवार के तीनों लोगों एक साथ इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। इसी तरह बहुवन निवासी रामशरन, लालपता भौरीगंज निवासी अयोध्या प्रसाद आंटा निवासी मनोज आदि लोग भी पेट, दर्द, उल्टी दस्त एवं बुखार से बीमार होकर सीएचसी के ओपीडी में दिखाने आये। सीएचसी अधीक्षक डॉ लवकेश शुक्ला कहते हैं कि चिलचिलाती गर्मी एवं हीटवेव की वजह से मरीजों की संख्या काफी बढ़ी है। उन्होंने ने दावा किया कि सीएचसी में दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

आंखों की बीमारी के तेजी से बढ़े मरीज

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : गर्मी बढ़ने से आंख की बीमारियां भी बढ़ रही हैं। लोगों के आंख में जलन व दर्द हो रहा है। मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिलचिलाती धूप केवल त्वचा को ही नुकसान नहीं पहुंचा रही है, बल्कि आंखों को भी प्रभावित कर रही है। धूप की वजह से लोग ड्राई आई के शिकार हो रहे हैं। आंखों में नमी कम हो रही है। धूल भरी हवा से आंखों में लालिमा और एलर्जी की समस्या बढ़ी हैं। मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग में आंखें लाल, जलन, आंखों का सूखना व पानी आने की समस्या के प्रतिदिन करीब सौ मरीज आ रहे हैं।

आंख के मरीज का चेकअप करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक डा. आयुषी सरदाना बताती हैं कि ओपीडी में प्रतिदिन काफी संख्या मे मरीज आ रहे हैं, इनमें से करीब 60 मरीज धूप व धूल भरी हवा के कारण एलर्जी से ग्रस्त होते हैं। धूप की वजह से आंखों में नमी कम हो रही है तो कुछ के आंखों से पानी आ रहा है। गर्मी में ड्राई आई होने पर आंखों में खुजली होने लग रही है। ऐसे में लोग अपने हाथों से आंखों को मसलने लगते हैं। वहीं से आंखों की समस्या भी शुरू हो जाती है। गंदे आंखों से हाथों को छूने पर आंखों में संक्रमण हो रहा है। एलर्जी का भी यही एक कारण है। पहले से मोतियाबिंद अथवा आंख की परेशानी से ग्रस्त मरीजों के लिए यह और घातक हो जाता है।

ड्राई आई के लक्षण

आंखों में खुजली होना, आंखें लाल होना। आंखें बिल्कुल सूख जाना। देखने में परेशानी होना। आंखों में जलन होना है। बाहर निकले तो सतर्कता बरतें, सीधे धूप में निकलने से बचें, धूप में आंखों पर चश्मा पहने, सिर को ढक कर रखें, जलन होने पर हर आधे घंटे पर साफ पानी से आंखों को धोएं, हाथ से आंखों को रगड़े नहीं, पहले से आंखों की समस्या से ग्रस्त होने पर विशेष सावधानी बरतें, मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीज धूप में बिल्कुल निकलें, ज्यादा परेशानी होने पर नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें।

एक नजर

नौतपा में रामलला को दही व फलों के जूस का लग रहा भोग

अयोध्या कार्यालय। नौतपा के चलते रामनगरी का तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। ऐसे में अयोध्या के मठ मंदिर में भगवान के दिनचर्या में बदलाव किया गया है। राम मंदिर में विराजमान बाल स्वरूप भगवान रामलला के भोग में भी बदलाव कर दिया गया है। हर दिन दही और फलों का जूस दिया जा रहा है और सूती वस्त्र पहनाये जा रहे हैं। राम मंदिर में विराजमान रामलला पांच वर्षीय बालक स्वरूप हैं। इसलिए उनके रहन-सहन में भी मौसम के अनुसार बदलाव किया जा रहा है। जनवरी में प्रतिष्ठा के दौरान ठंड का मौसम था। अब गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है इसलिए प्रतिदिन जलाभिषेक के बाद सूती वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। श्रृंगार के बाद फूलों से सजी थाली में दीपक जलाकर आरती होती है। सुबह और शाम दही का भोग लगाया जा रहा है। इसके अलावा फलों का जूस, लस्सी भी भोग में शामिल किया गया है।

भाकियू की महापंचायत छह जून को

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन सोहावल के पदाधिकारियों की पंचायत हनुमान मंदिर अरकुना बाजार में हुई। छह जून को जिला मुख्यालय पर आयोजित महापंचायत की तैयारी पर चर्चा की गई। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिले के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। किसान, मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसीलिए जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि महापंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। पंचायत को जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य, मंडल सचिव दशरथ सिंह, देवी प्रसाद वर्मा, राकेश वर्मा, इंद्रजीत निषाद आदि ने संबोधित किया।

एक के पीछे एक ई-रिक्शा, कैसे सुचारु हो यातायात और आवागमन

▸▸ मार्ग पर रहता है जाम वसूल रहे मनमाना किराया

पर्यटक व श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के साथ आ गई ई-रिक्शा की बाढ़

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जुड़वाँ शहर अयोध्या और फ़ैजाबाद के लिए ई-रिक्शा लाइलाज बीमारी बन गया है। शहरी क्षेत्र में ई रिक्शा की बाढ़ से अक्सर जाम के हालत पैदा हो रहे हैं और यातायात और आवागमन में बड़ी बाधा खड़ी हो रही है। अयोध्या आने वाले पर्यटक व श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूली की शिकायतें आम हो गई हैं। पुलिस-प्रशासन की ओर से किए गए इंतजाम नाकाफी और अप्रभावी साबित हो रहे हैं। जिसके चलते बाहर से आने वाले श्रद्धालु ही नहीं स्थानीय लोग भी परेशान-हैरान हैं। ई-रिक्शा की बाढ़ के चलते मुख्य मार्गों पर तो थोड़ी गनीमत है लेकिन विभिन्न गलियों में आवागमन दुरूह हो गया है। आरटीओ विभाग जिले में लगभग 7 हजार ई-रिक्शा पंजीकृत होने के बात कहता है, वहीं यातायात पुलिस हजार से ज्यादा अन्य जिलों में पंजीकृत रिक्शों के संचालन होने का दावा करता है।

राम नगरी में बेतहाशा बढ़े ई-रिक्शा और चालकों के मनमानेपन से अयोध्या धाम और रामपथ की सूरत बिगड़ रही है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूला जा रहा है और उनसे झूठे दावे किए जा रहे हैं। सुबह होते ही राम पथ पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा दौड़ने लगता है सवारियों को बैठने के लिए चौराहों पर ई-रिक्शा का जमघट लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। ऐसा नहीं है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से कोई कवायद नहीं की गई। रामलला के दर्शनार्थियों की सुविधा और सहूलियत तथा जाम की समस्या से निपटने और हादसों को रोकने के लिए टेढ़ी बाजार से श्रृंगारहाट तक रामपथ पर टैम्पो- टैक्सी के साथ ई रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित किया गया है। ई रिक्शा की भीड़ पर लगाम के लिए प्रत्येक ई-रिक्शे पर अभियान चलाकर नंबरिंग कराई गई थी और किराया सूची भी जारी हुई थी। इतना ही नहीं सभी के चालकों और संचालकों का कागजात तथा ब्यौरा एकत्र कर नाबालिक से ई-रिक्शा न चलवाने और यातायात नियमों का पालन करने तथा अयोध्या की गरिमा के अनुरूप श्रद्धालुओं से व्यवहार की हिदायत दी गई थी, लेकिन कवायद कार्रवाई न होने के चलते अंजाम तक नहीं पहुंच सकी।

हनुमानगढ़ी के निकट बेतरतीब तरीके से दौड़ते ई-रिक्शे। अमृत विचार

सूची दिखावा, वसूला जा रहा मनमाना किराया

- मार्च माह में प्रशासन की ओर से अलग-अलग स्थान के लिए किराया सूची जारी की गई थी। बाबजूद इसके मनमाना किराया वसूली का सिलसिला रुक नहीं रहा है। अयोध्या क्षेत्र में ई रिक्शा चालक श्रद्धालुओं व यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। गोरखपुर निवासी सुधीर राय ने बताया कि टेढ़ी बाजार चौराहे से राम मंदिर गेट तक मात्र 600 मीटर दूरी पहुंचाने के लिए प्रति व्यक्ति 50 रुपया लिया गया। विरोध करने पर लड़ने के लिए उतारू हो जाते हैं।
- उन्नाव से अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचे संतोष सिंह ने बताया कि सुबह लखनऊ से अयोध्या पहुंचने पर हाईवे पर एक ई रिक्शा चालक ने होटल तक पहुँचाने और दर्शन कराने के लिए 500 रुपये तय किया। पहले एक गेस्ट हाउस पहुँचाया और फिर काफी देर बाद वहां पहुंचा तथा राम मंदिर से लगभग 1 किलोमीटर पहले ही उतार दिया। जिसके चलते परिवार को आगे का रास्ता पैदल करना पड़ा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए, बंदिशों की पहले से जानकारी देनी चाहिए।

> जनपद में लगभग 7000 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। जिनका जिले के विभिन्न मार्गों पर संचालन हो रहा है। - **ऋतू सिंह, आरटीओ प्रशासन, अयोध्या**

> ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान प्रस्तावित है। चुनाव ड्यूटी, आए दिन के वीआईपी दौरे आदि के चलते अभी अभियान शुरू नहीं हो पाया है। जल्द ही अभियान शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संचालकों और चालकों के लिए किराया सूची तथा मार्ग का निर्धारण किया गया है। यातायात के नियमों का उललंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। - **एपी सिंह, एसपी ट्रैफिक, अयोध्या**

गलियों में भी लगता है रेला

रामपथ पर लता चौक से लेकर श्रृंगार हाट चौराहा तक सड़क और उसके किनारे ई-रिक्शा का जमावड़ा हो रहा है। पुराना डाकखाना चौराहा, दंतधावन कुंड तिराहा आदि जगहों पर ई रिक्शे मनमाने ढंग से खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं रामपथ की ओर आने वाली सभी गलियों व मार्गों रेलवे स्टेशन रोड, जैन मंदिर चौराहा, नजर बाग, जानकी महल मार्ग, टेढ़ी बाजार मार्ग, कार्यशाला के निकट रामघाट चौराहा अदि पर ई रिक्शा का अक्सर रेला नजर आता है।

शहर में कम, अयोध्या में ज्यादा है मारामारी

जनपद में ई-रिक्शा की तादात तेजी से बढ़ी है। मुख्य मार्ग ही नहीं बल्कि गलियों तक में ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। रामनगरी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आमद बढ़ने के साथ जिले में पंजीकृत ई रिक्शे के साथ आसपास के कई जनपदों के रिक्शा चालक और संचालक भी अयोध्या में सक्रिय हो गए हैं। ई रिक्शा की बाढ़ के चलते फैजाबाद शहर में शहर में तो अपेक्षाकृत गनीमत है लेकिन अयोध्या में हाल बदतर हो गया है।

ज्येष्ठ माह का पहला मंगलवार आज हनुमानजी का फूलों से होगा श्रृंगार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को सिद्ध पीठ अयोध्या हनुमानगढ़ी में सुबह चार बजे से भव्य श्रृंगार में हनुमानजी का दर्शन प्राप्त होगा। इसको लेकर हनुमान गढ़ी पर खास तैयारियां की गई हैं। वहीं श्रद्धालुओं को सकुशल दर्शन कराने के भी खास इंतजाम किए गए हैं।

ज्येष्ठ माह का मंगलवार भगवान हनुमान जी महाराज का दिन माना जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम की 14 वर्ष वनवास के दौरान ज्येष्ठ माह में ही हनुमानजी से पहली मुलाकात हुई थी। यही वजह है कि ज्येष्ठ के महीने में पड़ने वाले मंगलवार का बड़ा महत्व होता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच दर्शन-पूजन करते हैं। पुजारी रमेश दास बताते हैं कि ज्येष्ठ के पहले मंगलवार को हनुमान जी महाराज का विशेष रूप से अभिषेक और श्रृंगार होगा। सुबह तीन बजे भगवान के गर्भगृह के पट खुल जाएगा। सरयू जल व पंचामृत से स्नान के बाद वस्त्र और गहनों को पहनाए जाने के बाद फूलों से भी भव्य श्रृंगार किया जाएगा। चार बजे श्रृंगार आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम भी प्रारंभ हो जाएगा।

गर्भगृह में विराजमान हनुमानजी की मूर्ति।

गैर इरादतन हत्या में दो दोषियों को 10 साल की सजा व जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पान मसाला खरीदने के विवाद में किशोर की पीट कर हत्या कर देने के मामले में दो आरोपियों को को दस-दस साल के कारावास और प्रत्येक को 60 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। फैसला अपर जिला जज अमर सिंह की अदालत से हुआ। एडीजीसी सुधाकर मिश्रा ने बताया कि घटना 18 मई 2013 की रात 9:30 बजे की है।

रौनाही थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव निवासी सुनील कुमार का भाई गुड्डू कहार पान मसाला लेने मोहम्मद वसीम की परचून की दुकान पर गए थे। वहां दुकान बंद थी और पान मसाला को लेकर विवाद हो गया, जिस पर मोहम्मद वसीम, एक अपचारी, जावेद और निजाम ने मिलकर उसे लाठी डंडा से मारा पीटा। घर पहुंच कर गुड्डू ने घटना अपने भाई से बताई इसके बाद सो गया। सुबह उसकी मृत्यु हो गई थी। इसकी रिपोर्ट सुनील कुमार ने लिखाई थी सुनवाई के बाद कोर्ट ने मोहम्मद वसीम व मोहम्मद निजाम को सजा दी।

जन्म से कटे होंठ व तालू के ऑपरेशन पंजीकरण को ब्लॉकों पर लगेगा शिविर

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आज से पंजीकरण शिविर की शुरुआत रुदौली ब्लॉक से होगी

अमृत विचार : जन्मजात कटे होंठ एवं तालू के मरीजों के ऑपरेशन और उपचार के लिए पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित स्माइल ट्रेन परियोजना के तहत जिले के ब्लॉक मुख्यालयों पर पंजीकरण शिविर आयोजित होगा। पंजीकरण शिविर की शुरुआत मंगलवार को रुदौली ब्लाक से होगी।

बताया गया कि मरीजों के ऑपरेशन और उपचार के लिए मंगलवार 28 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पर आयोजित पंजीकरण शिविर में विकासखंड रुदौली, मवई एवं खण्डासा के रोगियों का सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीकरण होगा। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पर बुधवार 29 मई को आयोजित शिविर में विकास खंड मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज एवं तारुन, जिला चिकित्सालय पुरुष पर गुरुवार 30 मई को आयोजित शिविर में ब्लॉक मसौधा, सोहावल, बीकापुर, मयाबाजार एवं पूराबाज़ार के मरीजों का पंजीकरण किया गया।

यह जानकारी देते हुए स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रभारी नीरज कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि पंजीकरण से छोटे किसी भी विकास खंड के मरीज आपरेशन और उपचार के लिए 31 मई को जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में पंजीकरण करवा सकते हैं।

साकेत के शिक्षकों ने प्रदर्शन कर की परीक्षा के बहिष्कार की घोषणा

अयोध्या कायार्लय

अमृत विचार : कामता प्रसाद सुदंर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं के बहिष्कार की घोषणा की है। कहा कि भीषण गर्मी में परीक्षा का आयोजन घोर अवमानवीय और संवेदनहीन निर्णय है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 31 मई से प्रस्तावित है। शिक्षकों ने महाविद्यालय में प्रदर्शन भी किया।

महाविद्यालय के मुख्य नियन्ता कार्यालय में मुख्य नियंता ने सभी शिक्षकों की मौजूदगी में प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी घोषणा की। मुख्य नियंता प्रो. अनिल सिंह के नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने एक स्वर से 31 मई से शुरू होने वाली विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं का विरोध किया। मुख्य नियन्ता ने कहा कि एक ओर विश्वविद्यालय ने 23 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित किया है। दूसरी ओर 31 मई से परीक्षाओं की घोषणा कर दी। कॉलेज के अधिकांश शिक्षक छुट्टियों में बाहर जा चुके हैं। ऐसे में परीक्षाओं का सुचारू संचालन बहुत मुश्किल होगा। कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में प्राचार्यों ने इसका विरोध किया। बावजूद इसके हठधर्मिता का परिचय देते हुए परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। विवि अपने ही शैक्षणिक कैलेण्डर का पालन करने में अक्षम रहा है। जून की भीषण गर्मी में परीक्षाओं का आयोजन घोर अवमानवीय और संवेदनहीन निर्णय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुलपति न तो शिक्षकों से मिलती हैं और न ही कोई संवाद करती हैं। विवि अब तक पिछले सेमेस्टर का रिजल्ट तक नहीं दे पाया। पिछले तीन साल से हाल यही है। भीषण गर्मी और सर्दी में विवि की परीक्षाओं में शिक्षकों ने सहयोग किया। नियमित मिलने वाले शीतावकाश और ग्रीष्मावकाश में भी परीक्षाओं का संचालन किया गया। कहा कि विश्वविद्यालय हर बार प्रतिकर अवकाश की बात करता है, लेकिन कभी उसका पालन नहीं किया जाता। इस मौसम में छात्र-छात्राएं और शिक्षक बीमार होकर बेहोश होते हैं तो कॉलेज प्रशासन अपने संसाधनों से उन्हें अस्पताल पहुंचाता है। विश्वविद्यालय कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है, ऐसे में परीक्षा बहिष्कार के अतिरिक्त प्राध्यापकों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। कहा कि साकेत महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने आम सहमति से परीक्षा बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस स्थिति में यदि कोई घटना घटित होती है तो उसके लिए विवि प्रशासन जिम्मेदार होगा।

साकेत महाविद्यालय में प्रदर्शन करते शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

▸▸ कहा-प्राचार्यों के विरोध के बावजूद परीक्षा तिथि घोषित करना हठधर्मिता

परीक्षा जुलाई में कराने का दिया सुझाव

शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं से कहा कि भविष्य में परीक्षा संबंधी किसी भी जानकारी के लिए विवि प्रशासन से ही संपर्क करें। शिक्षकों ने सुझाव भी रखा कहा कि अब परीक्षा माह जुलाई में कराई जाए। सभी शिक्षक परीक्षा में सहयोग करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य नियंता के साथ छात्र कल्याण अधिकारी प्रो. बीडी द्विदी, शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश यादव, महामंत्री प्रो. आशीष, डॉ. जन्मेजय तिवारी, उपाध्यक्ष आक्टा डॉ. संतोष कुमार, आक्टा के संयुक्त मंत्री डॉ. संत लाल, प्रो. सत्य प्रकाश, प्रो. कविता, प्रो. आशुतोष सहित अन्य लोग थे।

अवैध खनन में दो लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने रविवार रात अवैध मिट्टी खनन के दो लोडर और दो ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद किए हैं। अवैध खनन करने वाले वाहनों को पुलिस ने सीज किया है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की रात खनन निरीक्षक के साथ संयुक्त छापेमारी में गोडखरा और शारदा सहायक नहर के निकट मिट्टी की खोदाई करने वाली दो लोडर मशीन समेत दो ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया हैं। खनन निरीक्षक चंद्रशेखर पाठक ने बताया कि काफी समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायत मिल रही थी। गोड़खरा के निटक एक स्क्रैपर लोडर मशीन व शारदा सहायक नहर के निटक एक ट्रैक्टर ट्रॉली और भौली के पास एक स्क्रैपर लोडर मशीन व एक ट्रैक्टर को खनन निरीक्षक ने पकड़ा है। पकड़े गए ट्रैक्टर ट्रॉली और मशीन को रात्रि में ही रुदौली कोतवाली लाया गया। अवैध खनन करते पकड़े गए वाहनों की सूचना भेजी जिलाधिकारी को भेजी जा रही है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

38 लाख पौधे रोपकर हरियाली लाएंगे 26 विभाग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले को हरा-भरा बनाने के लिए एक बार फिर से पौधों को रोपने का लक्ष्य तैयार कर लिया गया है। इस बार तकरीबन 38 लाख के करीब पौधों को रोपा जाएगा। इसके लिए वन विभाग सहित अन्य विभाग भी जुट गए हैं। सरकार का जोर वायु को शुद्ध करके स्वच्छ ऑक्सीजन देने वाले फलदार और औषधीय गुण वाले पौधों को लगाने पर है।

प्रदेश सरकार विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रख रही है। अयोध्या की हवा को सुधारने के लिए सरकार पौधरोपण अभियान चलाने की तैयारी कर रही है। इससे वायुमण्डल में ऑक्सीजन की शुद्ध मात्रा को बढ़ाने व वातावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। पौधरोपण के दौरान सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरूद, आम, सागौन, शीशम आदि के ज्यादा से ज्यादा पौधों के रोपण की तैयारी है। अभियान में वन विभाग के अलावा 26 अन्य विभाग भाग लेंगे। किस विभाग को कितने पौधे लगाने का लक्ष्य है, उसकी सूची भी वन विभाग ने बना ली है। जनता की सहभागिता के लिए पौधे लगाने की इच्छुक को भी पौधे देने की योजना बनाई जा रही है। हर घर एक पौधा देने की तैयारी है, जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण हो सके और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिले।

अभियान में औषधीय और फलदार पौधों की होगी सर्वाधिक संख्या

श्रम व परिवहन विभाग लगाएंगे सबसे कम पौधे

विभाग	पौधों की संख्या	सिंचाई विभाग	13 हजार	उच्च शिक्षा	19 हजार
ग्राम्य विकास विभाग	13.78 लाख	कृषि विभाग	2.76 लाख	श्रम विभाग	3700
वन एंव वन्य जीव विभाग	13.10 लाख	पशुपालन विभाग	सात हजार	स्वास्थ्य विभाग	10 हजार
राजस्व विभाग	1.15 लाख	सहकारिता विभाग	6160	परिवहन विभाग	3000
पंचायती राज विभाग	1.39 लाख	उद्योग विभाग	10 हजार	रेलवे विभाग	12 हजार
आवास विकास विभाग	छह हजार	विद्युत विभाग	5040	रक्षा विभाग	आठ हजार
औद्योगिक विकास	सात हजार	माध्यमिक शिक्षा	आठ हजार	उद्यान विभाग	1.69 लाख
नगर विकास	23 हजार	बेसिक शिक्षा	14 हजार	पुलिस विभाग	7280
लोक निर्माण विभाग	13 हजार	प्राविधिक शिक्षा	पांच हजार	पर्यावरण विभाग	2.48 लाख

> फलदार व ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक संख्या में लगाने की योजना है। सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है। -**प्रणव जैन, जिला वन अधिकारी**

सार-संक्षेप

बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते अधिवक्ता।

बार एसोसिएशन के चुनाव को 17 नामांकन पत्र दाखिल

रुदौली, अयोध्या : बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के चुनाव के लिए पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 17 नामांकन पत्र दाखिल हुए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन साहब शरण वर्मा ने बताया की सोमवार को नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राममिलन यादव, उपाध्यक्ष प्रथम के लिए राजकुमार मौर्य व राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष द्वितीय पद के लिए रामकुमार, रामेश्वर उर्फ पिंटू व अखंड प्रताप सिंह, महामंत्री पद के लिए रविन्द्र तिवारी व अमर सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के लिए अमरेन्द्र नाथ मिश्रा व सीताराम कौशल, संयुक्त मंत्री प्रकाशन के लिए लालमणि यादव, कोषाध्यक्ष पद के लिए नंदकिशोर यादव, गवर्निंग काउंसिल सीनियर पद के लिए राम महेश, सुरेश कुमार शुक्ला, रमेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार पांडेय, गवर्नर काउंसिल जूनियर पद के लिए लाल जी लोधी ने अपना-अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के सदस्य रामनरेश यादव, कमलेश कुमार मिश्रा, राम सुख वर्मा व सीताराम वर्मा मौजूद रहे।

श्रीराम ने गुरु का आशीर्वाद ले तोड़ा था शिव धनुष

सीता विवाह के दौरान पुष्प वर्षा करते विधायक रामचंद्र यादव।

रुदौली। अयोध्या : काशीपुर स्थित मां काली मंदिर में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन मां कामाख्या धाम के आचार्य कथा व्यास मनोज मिश्रा ने कहा कि सीता स्वयंवर में गुरु विश्वामित्र के साथ गए श्रीराम ने गुरु के आदेश के बाद भगवान शिव के धनुष को तोड़ दिया। गुरु शिष्य परंपरा का पालन करने वाले राम का हर काम अपने आप में अनूठा और आदर्श परंपरा का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सीता स्वयंवर में सभी राजा, राजकुमार धनुष तोड़ने के लिए अपने बल का जहां बखान कर रहे थे वहीं श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ गुरु के सान्निध्य में बैठकर सीता स्वयंवर को देख रहे थे। इसके पहले जनकपुर भ्रमण के दौरान शहर में दोनों भाइयों के आगमन को लेकर उल्लास का वातावरण रहा। रावण और बाणासुर जैसे महारथी धनुष तोड़े बिना चले गए। सीता स्वयंवर के प्रसंग के दौरान विधायक रामचंद्र यादव ने पुष्प वर्षा की।

गर्मी का असर जायद की फसलों के सूखने का भी किसानों को डर, केवल हीट वेव से पीड़ित मरीज ही आ रहे हैं सीएचसी

नेशनल हाईवे पर दिखा सन्नाटा, ओपीडी में घटे मरीज

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : पारा 42 और 43 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी का असर साफ दिखने लगा है। दोपहर में नेशनल हाइवे पर सन्नाटा पसरने लगा है तो स्वास्थ केंद्र पर ओपीडी में मरीजों की संख्या भी कम हो गई है। सामान्य बीमारी के मरीजों की जगह केवल हीट वेव से पीड़ित मरीज ही सीएचसी आ रहे हैं। जायद की फसलों के सूखने का खतरा मंडरा रहा है।

गर्मी का प्रकोप अब आम जनमानस को प्रभावित कर रहा है। लोगों की आम दिनचर्या बदल चुकी है। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक घरों से बाहर निकलना खतरे की घंटी माना जा रहा है। लोगों के घरों में दुबकने के साथ हाईवे पर चलने वाले वाहन चालक भी अब दोपहर में कहीं ना कहीं छाया देखकर खड़े होने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे हाईवे पर सन्नाटा दिखने लगा। स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी के मरीजों में भारी कमी आई है।

सीएचसी सोहावल प्रभारी डॉ. प्रेमचंद कहते हैं गर्मी से बचने के लिए समान रोगों के रोगी आसपास स्थापित निजी चिकित्सकों के यहां से इलाज करा ले रहे हैं। हीट वेव के शिकार रोगी ही पहुंच रहे हैं। जायद की फसल लगाकर बैठे किसान परेशान हैं। मंगलसी के किसान राम सिंह, राम गणेश वर्मा कहते हैं कि सब्जी की फसल टमाटर, लौकी, तरोई, करेला, कद्दू आदि की फसल रोज पानी देने के बावजूद बचा पाना मुस्किल हो रहा है।

भीषण तपिश में छाता, गमछा और टोपी से सिर ढ़ककर जाते लोग।

तहसीनपुर टोल प्लाजा पर दोपहर में पसरा दिखा सन्नाटा।

बैंक में बीमार पड़ गया उपभोक्ता

रुदौली। अमृत विचार : बैंक आफ इंडिया की शाखा भेलसर में सोमवार को जमा निकासी करने वालों की भारी भीड़ जुटी। अंदर से बाहर तक खचाखच भीड़ में बैंक के पंखे नाकाफी साबित हुए। परिसर में लगे छह एसी खराब हैं। बेहाल उपभोक्ता व कर्मचारी पसीने में तर बतर दिखे। उपभोक्ता रमेश ने बताया कि बैंक में उमस से तबियत खराब हो गई। भेलसर के उमेर ने बताया कि बैंक में पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं। शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि छुट्टी के बाद बैंक खुलने से भीड़ बढ़ गई। बैंक के पंखे चल रहे हैं। बैंक में लगे छह एसी खराब हैं। जल्द ही सही कराए जाएंगे। बैंक में किसी के बीमार होने से इंकार किया।

अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जीत की हैट्रिक में कई चुनौतियों से पड़ रहा जूझना

जाति-बिरादरी के जाल से वोट बैंक बचाने की चुनौती

- भाजपा से सपा में आए सांसद रमेश बिंद से मिल रही है कड़ी चुनौती तो बसपा ने भी लगा रखा है ब्राह्मण चेहरे पर दांव
- बहन पल्लवी पटेल अपने प्रत्याशी के जरिए कुर्मी वोटों में सेंध लगाने की कोशिश में, राजा भैया ने भी बढ़ा रखी है मुसीबत

मिर्जापुर लोकसभा सीट

मनोत्र त्रिपाठी

अमृत विचार। अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध मिर्जापुर संसदीय सीट पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाना बहुत आसान नजर नहीं आ रहा है। इसकी वजह यह है कि मिर्जापुर में सबसे ज्यादा पटेल मतदाता हैं। इसके बाद ब्राह्मण और बिंद मतदाताओं की बहुलता है। अब हुआ यह है कि अनुप्रिया पटेल को यहां अपनी बहन के कारण अगर पटेल जाति के प्रत्याशी का सामना करना पड़ रहा है, तो सपा ने उनके सामने भाजपा के बिंद बिरादरी के सांसद को उतार दिया है। इन सबके बीच बसपा के ब्राह्मण जाति के उम्मीदवार ने वोटों का जातीय समीकरण और उलझा रखा है। ऐसे में माना जा रहा है कि मिर्जापुर में त्रिकोणीय और कई इलाकों में चतुष्कोणीय संघर्ष के बीच अनुप्रिया पटेल को इस बार मोदी और योगी के नाम और काम के सहारे जातीय बिसात के जाल से बाहर निकलने की चुनौती से जूझना पड़ रहा है।

मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद रमेश बिंद मिर्जापुर में सपा की साइकिल पर सवार होकर अनुप्रिया को चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने यहां ब्राह्मण मनीष तिवारी को उतार रखा है। इस लड़ाई में अनुप्रिया की विधायक बहन पल्लवी पटेल ने अपना दल कमेरावादी से दौलत सिंह पटेल पर दांव लगाकर पटेल वोटों में सेंध लगा दी है।

हालांकि अनुप्रिया के लिए राहत की बात यह है कि लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा है। 2022 में मिर्जापुर सदर, चुनार और मड़िहान में भाजपा जीती थी। मझवां सीट निषाद पार्टी और छानबे सीट अपना दल के पास है। पिछले चुनाव में अनुप्रिया के साथ एनडीए का कोर वोट बैंक ब्राह्मण, क्षत्रिय और कुर्मी साथ था। लेकिन इस बार हर जगह ऐसा नहीं दिख रहा है। कुर्मी वोट बैंक में दौलत पटेल सेंध लगाने की दौड़भाग कर रहे हैं। ब्राह्मणों के एक वर्ग का रुख बसपा की तरफ झुकता नजर आ रहा है। राजा भैया पर बयान देने से क्षत्रिय मतदाताओं में नाराजगी है। मिर्जापुर में डेढ़ लाख से ज्यादा ब्राह्मण और एक लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। कुर्मी मतदाता पौने तीन लाख माने जाते हैं। इस वोट बैंक को संभालने में अनुप्रिया को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।

रमेश बिंद।

अनुप्रिया पटेल।

बहन की चुनौती पड़ रही भारी

- अनुप्रिया पटेल को पारिवारिक विरासत की जंग में अपनी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की विधायक पल्लवी पटेल की चुनौती परेशान कर रही है। अनुप्रिया की हार के लिए पल्लवी पूरा जोर लगा रही हैं तो अनुप्रिया यह साबित करने में जुटी हैं कि पिता सोनेलाल पटेल की वास्तविक वारिस वही हैं। पल्लवी ने अपने पीडीएम फार्मूले के तहत ही यहां दौलत सिंह पटेल को मैदान में उतारा है। वे कुर्मी मतदाताओं में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

2019 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
अपना दल-एस	अनुप्रिया पटेल	5,91,564	53.34
सपा	राम चरित्र निषाद	3,59,556	32.42
कांग्रेस	ललितेश पति त्रिपाठी	91,501	8.25

2014 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
अपनादल-एस	अनुप्रिया पटेल	4,36,536	43.32
बसपा	समुद्र बिंद	2,17,457	21.58
कांग्रेस	ललितेश पति त्रिपाठी	1,52,666	15.15
सपा	सुरेंद्र सिंह पटेल	1,08,859	10.80

कोल-भील और कुर्मी मतदाताओं के साथ मोदी-योगी के नाम का सहारा

2014 और 2019 में बड़े अंतर से जीतीं अनुप्रिया पटेल को बदले समीकरणों ने कठिन लड़ाई की तरफ धकेल दिया है। सपा ने पहले यहां राजेंद्र एस बिंद को उतारा था, लेकिन बाद में भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को चुनावी मैदान में उतार कर निषाद, केवट मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के साथ ही यादव, मुस्लिम समीकरण को मजबूत किया है। सपा और भाजपा गठबंधन के पिछड़ी जाति के दांव को फेल करने के लिए बसपा ने मनीष तिवारी के जरिए अगड़ी जाति का दांव खेला है। इससे पार पाने के लिए भाजपा ने बड़े ब्राह्मण नेताओं को यहां लगाया है। वैसे कुर्मी मतदाता अनुप्रियाके पक्ष में लामबंद नजर रहे हैं। इसके साथ ही जनजातीय श्रेणी में आने वाले कोल और भील मतदाताओं को भी वह अपने पाले में करने की कोशिश में कामयाब दिख रही हैं। वह यह बताने में जुटी हैं कि उन्होंने राबर्ट्सगंज से दूसरी बार कोल उम्मीदवार को मैदान में उतारकर उनका मान बढ़ाया है।

राजपूत मतदाता सपा के लिए गोलबंद कर रहे राजा भैया

- अनुप्रिया पटेल को मोदी की गारंटी के सहारे जीत का भरोसा तो है पर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की नाराजगी से पार पाना आसान नजर नहीं आ रहा है। राजा भइया जहां उनके विरुद्ध राजपूत बिरादरी के मतदाताओं को गोलबंद करके सपा के रमेश बिंद के पक्ष में करने को प्रयत्नशील नजर आ रहे हैं। अनुप्रिया पटेल की राजा भइया पर की गई टिप्पणी को भुनाने की सपा की कोशिश नाकाम करने के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य राजपूत नेताओं का सहारा लिया है।

पहली बार महिला चेहरा उतार पुरानी लड़ाई दिलचस्प बनाई

राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। पहाड़ियों पर बसे उत्तर प्रदेश के अंतिम जिले सोनभद्र का मुख्यालय है राबर्ट्सगंज और इसी नाम से लोकसभा सीट है। कोयला, बालू और वन संपदा से समृद्ध इस जिले की पहचान खनन के साथ विद्युत उत्पादन को लेकर होती है। ऊर्जांचल के नाम से मशहूर यह प्रदेश का अकेला जिला है, जो चार राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा से सटा है। राबर्ट्सगंज सुरक्षित लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा चुनावी मुकाबला देखने में आ रहा है। छोटेलाल खरवार साल 2014 में राबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से चुनाव जीते थे, लेकिन 2019 में भाजपा द्वारा यह सीट समझौते में अपना दल (एस) को दे दिए जाने से चुनाव नहीं लड़ पाए थे। इस बार भी सीट अपना दल के खाते में ही रहने पर छोटेलाल भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। हालांकि दोनों गठबंधनों के बीच अपना दल (एस) और सपा प्रत्याशियों के सीधे संघर्ष में तीसरा कोण बसपा के प्रत्याशी धनेश्वर गौतम भी हैं। वह मिर्जापुर मंडल में बसपा के प्रभारी है और मिर्जापुर की ही छानबे विधानसभा सीट से 2017 और 2022 में चुनाव भी लड़ चुके हैं।

राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर यह पहला मौका है, जब किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं। हालांकि पकौड़ी लाल का टिकट काटकर उनकी बहू को देने की घोषणा से परिवार में पहले खींचतान नजर आई थी। लेकिन अब यह शांत हो चुकी है। दरअसल, सांसद पकौड़ी लाल तीसरी बार स्वयं चुनाव लड़ने या अपने छोटे बेटे को टिकट दिलाने के इच्छुक थे, लेकिन अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जो खुद बगल की मिर्जापुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं, ने जातीय समीकरणों के लिहाज से रिंकी कोल पर भरोसा जताया। रिंकी मिर्जापुर जिले की छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे अपने पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल ही उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं। उनका कोल जाति से होना ही प्रत्याशी चयन की प्रमुख वजह है। राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में कोल जाति के करीब 80 हजार मतदाता हैं, मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र में कोल मतदाताओं की संख्या इससे अधिक मानी जाती है। हर चुनाव में यह निर्णायक भूमिका में भी रहते हैं।

रिंकी कोल को इस वर्ग में सहानुभूति का लाभ मिलने की भी उम्मीद है। यह सीट 2019 में रिंकी के ससुर पकौड़ी लाल कोल ने 54 हजार वोटों से जीती थी, 2014 में भाजपा से छोटेलाल खरवार, 2009 में सपा से लड़े पकौड़ी लाल कोल और 2004 में बसपा प्रत्याशी लाल चन्द्र कोल ने जीती थी।

रिंकी कोल।

छोटेलाल खरवार।

- अपना दल (एस) ने सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू विधायक रिंकी कोल पर लगाया है दांव
- सपा ने 2014 में भाजपा से जीते छोटेलाल खरवार को उतार कर दिलचस्प बना दिया है चुनावी मुकाबला

2019 का जनादेश

अपना दल (एस)	पकौड़ी लाल कोल	4,47,914
सपा	भाई लाल	3,93,578
कांग्रेस	भगवती प्रसाद चौधरी	35,269

2014 का परिणाम

भाजपा	छोटेलाल	3,78,211
बसपा	शारदा प्रसाद	1,87,725
सपा	पकौड़ी लाल कोल	1,35,966
कांग्रेस	भगवती प्रसाद चौधरी	86,235
भाकपा	अशोक कुमार कनौजिया	24,363

2009 का आंकड़ा

सपा	पकौड़ी लाल कोल	2,16,478
बसपा	रामचंद्र त्यागी	1,66,219
भाजपा	राम शकल	1,04,411
कांग्रेस	राम आधार	55,809

पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र राबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी, घोरावल, और चकिया हैं। इसमें चकिया विधानसभा सीट चंदौली जिले में है, और बाकी चारों विधानसभा सीटें सोनभद्र जिले का हिस्सा है। इन सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कब्जा है।
- एक अनुमान के मुताबिक राबर्ट्सगंज में अनुसूचित जाति के करीब चार लाख, अनुसूचित जनजाति के 1.75 लाख मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या 1.25 लाख और ब्राह्मण 1.5 लाख हैं। एक लाख कुशवाहा, 80 हजार पटेल और इतने ही कोल मतदाताओं के अलावा 40 हजार राजपूत हैं। मुस्लिम मतदाता यहां करीब 60 हजार माने जाते हैं।

हाथ का साथ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र में मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की और पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगा।

मांगा समर्थन कोलकाता नार्थ सीट से टीएमसी उम्मीदवार संदीप बंदोपाध्याय के समर्थन में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए संदीप को वोट दें।

पंजाब में आधा दर्जन सीटों पर भाजपा ने लगाई उम्मीद

चुनाव डेस्क

अमृत विचार । पंजाब में भाजपा ने 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा तीन सीटें जीती थीं। लेकिन इस बार पार्टी अगर राज्य की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, तो दूसरे दल भी बिना किसी गठबंधन के अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए अकेले ही ताल ठोंक रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा और शिरोमणि अकाली दल की दशकों पुरानी जुगलबंदी टूट चुकी है, वहीं दिल्ली और हरियाणा में साथ-साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यहां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इस तरह अधिकतर सीटों पर मुकाबला चतुष्कोणीय है, लेकिन पांच सीटों पर बसपा और अन्य प्रत्याशियों के कारण संघर्ष बहुकोणीय भी हो रहा है। भाजपा ऐसे ही कड़े मुकाबले वाली जालंधर, संगरूर, बाठिंडा के अलावा आनंदपुर साहिब, खडूर साहिब जैसी सीटों पर अपनी जीत की राह तलाश रही है।

राम मंदिर के सहारे हिंदुओं का समर्थन लेने की कोशिश: भाजपा राज्य में इस बार शिरोमणि अकाली दल जिसे सिखों की पार्टी कहा जाता है, से अलग होकर अपनी हिंदुओं की पार्टी की छवि को चमकाने की रणनीति बनाई है। इस काम में पार्टी को राम मंदिर की स्थापना और शहरी क्षेत्र में पहले से ही मिलने वाले समर्थन से बड़ी उम्मीद है। राज्य में हिंदुओं की आबादी 39 प्रतिशत है। भाजपा इसी पर फोकस करने के साथ सिखों का दिल जीतने का भी भरसक प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए हम मौके पर खास प्रयास किए हैं। पार्टी ने तमाम कद्दावर सिख नेताओं को शामिल भी किया है।

2019 का वोट शेयर

पार्टी	सीट	वोट %
कांग्रेस	08	40.1
अकाली दल	02	27.4
भाजपा	02	9.6
आप	01	7.4

- राज्य में चतुष्कोणीय और बहुकोणीय संघर्ष के बीच जीत की राह तलाश रही पार्टी

जालंधर, लुधियाना, पटियाला और होशियारपुर में मजबूत चुनौती

- जालंधर में आम आदमी पार्टी के टिकट को धता बताकर सांसद सुशील रिंकू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, तो लुधियाना में कांग्रेस के तीन बार के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह चार बार की कांग्रेस सांसद परनीत कौर को भाजपा ने पटियाला के रण में उतार रखा है। अमृतसर में पार्टी ने अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह पर दांव लगा रखा है। होशियारपुर सीट भाजपा पिछले दो बार से जीत रही है, इस बार पार्टी ने यहां केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश की पत्नी अनिता सोम प्रकाश को उतारा है, जो भाजपा को तीसरी जीत दिलाने के लिए मेहनत कर रही हैं। उधर, अभिनेता विनोद खन्ना और सनी देओल के सहारे दो बार से गुरदासपुर में जीत रही भाजपा ने स्थानीय दिनेश सिंह बब्बू को उतारकर लोगों की नाराजगी साधने का प्रयास किया है।

राजग गढ़ बचाने तो महागठबंधन किला ढहाने की जुगत में

बिहार में अंतिम चरण

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। अंतिम चरण में एक जून को बिहार की आठ सीटों पर मतदान होना है। इस चरण की सभी सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) का कब्जा है। भाजपा और उसके सहयोगी दल जहां अपने गढ़ को बचाने में जुटे हुए हैं तो वहीं महागठबंधन में शामिल पार्टियां भाजपा और उसके सहयोगियों के किले को ढहाकर अपना झंडा बुलंद करने के लिए चक्रव्यूह को और मजबूत बनाने में जुटी हैं। जातीय गोलबंदी के साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर मतदाताओं को गोलबंद करने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है। संविधान बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं को ये अपने साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

पांच सीटों सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार मैदान में हैं तो नालंदा और जहानाबाद सीट पर जदयू लड़ रही है। काराकाट सीट जदयू ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के लिए छोड़ा है। इंडिया महागठबंधन से भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से प्रत्याशी दिया है। आरा सीट पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह हैट्रिक लगाने को आतुर दिख रहे हैं। उन्हें मोदी के नाम और अपने काम पर भरोसा है तो नालंद सीट पर जीत का चौका लगाने को जदयू के कौशलेंद्र ने पूरी ताकत झोक रखी है। जहानाबाद सीट को बचाने के लिए जदयू हरसंभव प्रयास कर रही है। पटना साहिब और सासाराम सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। पटना साहिब सीट पर दूसरी जीत के लिए उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस यहां दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे रविशंकर प्रसाद को हराने का गणित लगा रही है। भाजपाई मोदी की गारंटी के सहारे जीत को पक्की मान रहे हैं। इस सीट पर कायस्थ मतदाता निर्णायक हैं। रविशंकर प्रसाद भी इसी जाति से आते हैं।

मुख्यमंत्री नितीशकुमार।

राजद नेता तेजस्वी यादव।

- अंतिम चरण की सभी आठ सीटें भाजपा गठबंधन के पास
- महागठबंधन के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं

काराकाट में फंसे नजर आ रहे उपेंद्र कुशवाहा

- काराकाट सीट पिछली बार जदयू जीती थी। इस बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राजग के उम्मीदवार हैं। उन्हें निर्दलीय भाजपा के बागी पवन सिंह से चुनौती मिल रही है। यही वजह है कि महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह को अपनी जीत सुनिश्चित नजर आ रही है।

लगातार दो चुनाव हार चुकीं मीसा को जीत की आस

- पाटिलपुत्र सीट से भाजपा के रामकृपाल यादव लगातार दो बार से सांसद हैं। रामकृपाल ने 2014 और 2019 में लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को हराया था। इससे पहले 2009 में लालू प्रसाद यादव भी यहां जदयू के रंजन प्रसाद यादव से हार चुके हैं। मीसा को उम्मीद है कि वह संविधान बचाने की दुहाई देकर इस बार मैदान मार लेंगी। इसलिए यहां दलित मतदाताओं को यह बताया जा रहा है कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए वे उनके साथ आएं। जबकि कभी लालू प्रसाद के खासमखास रहे रामकृपाल लगातार लाभार्थियों पर फोकस कर रहे हैं।

सासाराम में भाजपा ने बदला चेहरा

- भाजपा ने सासाराम से शिवेश राम को उतारा है। इससे पहले लगातार पार्टी के छेदी पासवान यहां से सांसद बने थे। शिवेश राम को कांग्रेस के बसपा से आए प्रत्याशी मनोज भारती से टक्कर मिल रही है। पुराने कांग्रेसी को टिकट न मिलने से कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बक्सर सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है। उनके बदले में मिथिलेश तिवारी को चेहरा बनाया है। इससे चौबे के समर्थक नाराज हैं। इसका असर परिणाम पर पड़ सकता है। नाराजगी दूर करने की कोशिश लगातार हो रही है।

एक नजर

अखिलेश और राहुल की संयुक्त चुनावी सभा आज

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव, व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मंगलवार को कुशीनगर में प्रत्याशी अजय प्रताप के पक्ष में प्रचार करेंगे वहीं, देवरिया में वह प्रत्याशी सदल प्रसाद के समर्थन में संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद दोनों वाराणसी में संयुक्त जनसभा में शामिल होंगे।

रविशंकर प्रसाद के लिए वोट मांगेगे योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को उत्तर प्रदेश समेत बिहार के भी दौरे पर रहेंगे। उनकी पहली जनसभा गोरखपुर दूसरी जनसभा मीरजापुर में होगी। उनकी तीसरी जनसभा बिहार के पटना के फतुहा में होगी। यहां वे पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में कमल खिलाने का आह्वान करेंगे।

वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्ग भी वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े

4 हजार बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन बनी

75 वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं प्रदेश में

65 सौ बुजुर्ग रह रहे हैं इन वृद्धाश्रमों में

100 से अधिक के पास नहीं हैं आधार कार्ड

9 लाख 12 हजार 772 पेंशनर्स बढ़े एक वर्ष में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ मिलने लगा है। पेंशन दिए जाने के समाज कल्याण निदेशालय के प्रस्ताव पर शासन की मंजूरी के बाद करीब चार हजार बुजुर्गों को पेंशन बन गई है। वृद्धावस्था पेंशन के तहत इन बुजुर्गों को पहली तिमाही की तीन हजार रुपये पेंशन जून में उनके खातों में पहुंच जाएगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। जहां बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय दिया जाता है। इन 75 वृद्धाश्रमों में लगभग 65 सौ बुजुर्ग रह रहे हैं। उनके जीवन का स्तर सुधारने के लिए समाज कल्याण निदेशालय की ओर से उन्हें वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का प्रस्ताव तैयार कर फरवरी में शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत के अनुसार पेंशन देने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की पेंशन बनवाने का काम तेजी से शुरू हो चुका है। अब तक करीब चार हजार बुजुर्गों की पेंशन बन चुकी है। इसके लिए वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं।

शासन स्तर पर चल रही वार्ता

अमृत विचार : वृद्धाश्रमों में रहने वाले अन्य बुजुर्गों को भी जल्द पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। वृद्धाश्रमों में करीब सौ से अधिक ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनके आधार कार्ड विभिन्न कारणों से अभी तक नहीं बन पाए हैं। निदेशालय से इनके आधार कार्ड बनवाने के लिए भी शासन स्तर पर वार्ता चल रही है। निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि अंगूठा में कुछ दिक्कत होने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। आधार कार्ड बनवाने के अन्य मानकों के अनुसार प्रयास किया जा रहा है।

एक लाख से अधिक लोग कर चुके हैं आवेदन

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने के लिए लोगों ने आवेदन करना शुरू कर दिया है। अभी तक एक लाख से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 55 लाख 68 हजार 590 लोगों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया था। उक्त वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी और अंतिम तिमाही में इनकी संख्या बढ़कर 55,68,590 हो गई थी। एक वर्ष के भीतर ही पेंशनरों की संख्या 9 लाख 12 हजार 772 बढ़ी थी। सबसे अधिक पेंशनर्स प्रतापगढ़ में बढ़े थे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सत्यापन कराया जाएगा। मानक पूरा करने वाले सभी बुजुर्गों को पेंशन दी जाएगी।

आरोपित अपर निदेशक पशुपालन की जांच लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कर्मचारियों का उत्पीड़न और नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देना जैसे लगे हैं कई आरोप

अमृत विचार : पशुपालन विभाग के एक अपर निदेशक (एडी) की जांच लंबित है। शासन से कमेटी तक नहीं बन पाई है। उन पर कर्मचारियों का उत्पीड़न और नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देना जैसे कई आरोप हैं।

मार्च में अपर निदेशक द्वारा बीकेटी के राजकीय पशु चिकित्सालय पर तैनात चतुर्थश्रेणी कर्मी राजेंद्र को गलत तरह से कार्यालय में संबद्ध किया गया और धमकी देकर घर से कार्य कराए। विरोध करने पर वेतन रोक दिया। राजेंद्र के बाद इसी अस्पताल पर तैनात डिप्टी सीवीओ डॉ. एसके राय को कार्यों की प्रगति कम बताकर नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। जबकि प्रतिकूल प्रविष्टि देने का अधिकार शासन को है। बाद में इस पत्र में तारीख संशोधित कर दोबारा जारी किया गया।

इससे पहले महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न की शिकायत की थी। इन सभी मामलों की जांच कराने के लिए 24 अप्रैल को निदेशालय से शासन को पत्र भेजा था। निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि शासन स्तर से प्रक्रिया होनी है।

शिक्षकों के अभाव में नहीं चल सकेंगे मेडिकल कॉलेज

एनएमसी ने दिए हैं निर्देश, सरकारी या निजी कॉलेजों को दो महीने रिक्त पदों पर करनी होगी नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज, आगामी सत्र में बिना शिक्षकों की संख्या पूरी किये नहीं चल सकेंगे। उन्हें मानक के अनुरूप शिक्षकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स, डिमास्ट्रेटर व ट्यूटर आदि के पद पर हर हाल में नियुक्ति करनी होगी। ये मानक दो माह में पूरे करने के निर्देश नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने दिये हैं।

प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज ही नहीं, तमाम सरकारी मेडिकल कॉलेज भी एनएमसी द्वारा निर्धारित मानकों को धता बताते हुए संचालित हो रहे हैं। एनएमसी के निरीक्षण दौरान दूसरे कॉलेज से शिक्षकों को बुलाकर मानक पूरे किये जाते हैं। यह स्थिति अधिकांश सरकारी मेडिकल कॉलेजों की है, इतना ही पीजी पाठ्यक्रम की सीटों की मान्यता के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों को स्थानान्तरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेजों की यह तिकड़मबाजी अब नहीं चलेगी।

▸▸ एमबीबीएस पढ़ाना है तो शिक्षकों की संख्या रखनी होगी मानक के अनुरूप

एनएमसी ने पहली बार ऑन लाइन मानकों का न केवल निरीक्षण किया बल्कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस की गहनता से जांच की, भारी लापरवाही मिलने पर अर्थदंड लगाया गया है। जांच में उन्होंने शिक्षकों में प्रोफेसर, एसिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रवक्ता के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स व नॉन क्लीनिकल डिमास्ट्रेटर व ट्यूटरों की संख्या का निरीक्षण किया है, मानक अनुरूप संख्या न मिलने पर हर कॉलेज प्रशासन को सफाई देने का मौका भी दिया, आखिरकार कॉलेज प्रशासन द्वारा खामियां स्वीकारने के बाद अर्थदंड लगाया गया।

अर्थदंड के दायरे में राजधानी के केजीएमयू, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ दो दर्जन से ज्यादा सरकारी मेडिकल कॉलेज आ चुके हैं, जिन पर कम से कम दो लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार एरा मेडिकल कॉलेज समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा निजी मेडिकल कॉलेजों पर भी जुर्माना लगाया गया है।

अर्थदंड जमा करने की अनुमति मांगीः आधे -अधूरे संसाधनों के साथ संचालित होने वाले मेडिकल कॉलेजों ने एनएमसी द्वारा लगाए गए अर्थ दंड को जमा करने की अनुमति शासन से मांगी है। विभिन्न मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि दो माह में मानक पूरे करने के साथ ही एक सप्ताह में अर्थदंड जमा कर देंगे।

पांच मेडिकल कॉलेज को मिले स्थाई प्रधानाचार्य

अमृत विचार, लखनऊ : मानक पूरे न होने से मेडिकल कॉलेजों पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा लगाए जुर्माने के बाद, कॉलेज प्रशासन के साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। सोमवार को विभाग ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे चलने वाले प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिये हैं। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मेरठ मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर को पीलीभीत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बस्ती के प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार को उसी कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को शहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में और गुजरात के मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजेश मोहन को सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। इसके अलावा बहराइच मेडिकल के प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री को, उसी कॉलेज में अगले तीन साल के लिए पुनः नियुक्त कर दिया गया है। मालूम हो कि कई मेडिकल कॉलेज कार्यवाहक प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। आचार संहिता के चलते नियुक्ति प्रक्रिया रुक गई थी, चयनित प्रधानाचार्यो निर्वाचन आयोग की संस्तुति के बाद नवनियुक्त प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गये हैं।

अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी कचहरी के निकट रामआसरे वाटिका में अधिवक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने देश व समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है, पीएम मोदी अधिवक्ताओं की प्राथमिकता में हैं और अधिवक्ता उनकी प्राथमिकता में हैं।

योगी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। इस वर्ग ने देश की ज्वलंत समस्याओं से खुद को कभी अलग नहीं किया, बल्कि चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए सदा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा। अधिवक्ता समुदाय देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम पंक्ति में था।

संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिवक्ता।

अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण को दी धनराशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें भी न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाना पड़ता था। उनके चैंबर को देखकर लगता था कि यह दूसरों के लिए लड़ते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में ही काम करते हैं। चैंबर में ही दिन में ही सूरज और चांद दिखाई देते थे, फिर भी मौसम की परवाह किए बिना अधिवक्ता काम करते थे। फिर हमने कहा कि यदि कोर्ट का भवन बनेगा तो अधिवक्ता के चेंबर को भी इससे जोड़ा जाए। बेंच और बार में संतुलन होना चाहिए। अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण के लिए भी सरकार ने धनराशि उपलब्ध कराई।

धर्म दर्शन

परम पुनीता सरयू नदी

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यह एक पौराणिक ऐतिहासिक सत्य है कि भारत ही नहीं वरन् विश्व के करोड़ों राम भक्तों की दृष्टि में आधुनिक अयोध्या नगरी सहसा अत्यंत आकर्षण का केंद्र बन गई है। अयोध्या पुरी की सुसंपन्नता और सुरक्षा में पुण्यतोया सरयू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निम्नलिखित पंक्तियों में सरयू नदी के सांस्कृतिक-साहित्यिक इतिहास का अति संक्षिप्त रेखांकन वर्णित है-

ऋग्वेद (4/13/18) में देवराज इन्द्र द्वारा सरयू के तट पर अपने दो प्रतिद्वंद्वियों के वध का उल्लेख है। ऋग्वेद (4/30/18; 5/53/9 तथा 5/53/9) इसका नाम आया है। यदु और तुर्वससु के द्वारा इस नदी को पार करने का उल्लेख हुआ है। पाणिनि की अष्टाध्यायी (6/4/174) में भी इसका उल्लेख हुआ है। यों तो भौगोलिक दृष्टि से इसके सरयू, शारदा, काली, घाघरा कई नाम हैं, किंतु प्रारम्भ और अंत का 'सरयू' नाम ही अधिक लोक श्रुति है। हमारे प्राचीन साहित्य में सरयू नाम ही बहुप्रचलित या प्रयुक्त हुआ है। हिमालय की उपत्यका में आधुनिक उत्तरांचल के बागेश्वर जनपद में इसका उद्गम स्थल है। बाद में उत्तर प्रदेश से कटकर उत्तरांचल राज्य बनने के बाद पिथौरागढ़ में ही उसके अतिरिक्त बागेश्वर और चंपावत दो और नए जनपद बन गए हैं। बागेश्वर से निकलकर उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में गंगा नदी में विलीन हो जाने वाली लगभग 350 किलो मीटर लंबी इस नदी के तटवर्ती उत्तर प्रदेश के बहराइच, सीतापुर, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, दोहरीघाट तथा बलिया जनपद या शहर स्थित हैं। अचिरवती अथवा राप्ती नदी इसकी प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी आधुनिक देवरिया जनपद के बरहज नामक स्थान पर स्वयं को सरयू में विलीन कर देती है। इसके पूर्व अचिरवती या राप्ती अपने में आमी और जाहन्वी नदियों को स्वयं में समाहित कर चुकी होती है। आदि महाकवि वाल्मीकि कृत रामायण में सरयू तीरे स्थित धन-धान्य (अन्न-धन) से सुसंपन्न, सुविस्तृत कोसल नामक महान जनपद की राजधानी अयोध्यानगरी को बसाने का श्रेय स्वयं मानवेन्द्र मनु महाराज को दिया गया हैः 'कोसलोनाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान,

निविष्टः सरयू तीरे प्रभूत धन-धान्यवान्। अयोध्या नाम नगरी तत्र सील्लोक विश्रुता, मनुना मानवेद्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्।। (वाल्मीकि रामायण, 5.19)

वाल्मीकि रामायण (अयोध्या कांड 63,20-21-36) में ही अयोध्या के निकटवर्ती वन में शिकार खेलने गए राजा दशरथ के द्वारा भ्रम वश अंधे माता-पिता के लिए सरयू जल लाने गए, मातृ-पितृभक्त श्रवण कुमार के वध और शापित होने का वर्णन है। संस्कृत साहित्य के महाकवि कालिदास के 'रघुवंश' महाकाव्य (13/63) में भगवान श्रीराम, सरयू नदी को अपनी जन्मदात्री मां के समान पूजनीय मानते हैं। काल की गति विचित्र होने के साथ ही सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान तथा सतत परिवर्तनशील है। कतिपय भू वैज्ञानिकों की मान्यता है कि यदि समय रहते विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो सरयू नदी का अस्तित्व ही खतरे में है।

आत्म- बोध

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः प्रतिधीयते। अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म।।

पुत्र पिता का ही आत्मस्वरूप होता है। यह पुत्र जब कार्य करने योग्य हो जाता है, तब पिता उसको अपना प्रतिनिधि बना देता है। गृहस्थी का पूरा दायित्व उस पर छोड़ कर अपने को कृतकृत्य समझता है। तदनंतर इसका यही पितृरूप आत्मा वृद्धावस्था मे पहुंचकर शरीर छोड़कर विदा होता है। इसके बाद वह कर्मानुसार जहां जिस योनि मे जन्म लेता है, वह इसका तीसरा जन्म है।

इस प्रकार संसरण करता हुआ अर्थात् संसार मे उत्पन्न होता हुआ, जन्म मरण रूप परंपरा पर आरूढ़ हुआ, जन्म-जन्मांतर मे जिस समय जिस किसी अवस्था मे वह अपनी आत्मा को जान लेता है, उसी समय वह संसार के संपूर्ण बंधनों से मुक्त होकर कृतकृत्य हो जाता है।

यही बात ऋषि ने भी कही है। ऋषि वामदेव को गर्भ मे रहते हुए माता के उदर मे ही यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो गया था। उन्होंने वहीं कहा था, अहो! कितने आश्चर्य और आनंद की बात है कि गर्भ मे रहते रहते मैंने इन अंतः करण और इंद्रिय रूप देवताओं के अनेक जन्मों का रहस्य भलीभांति जान लिया। मैंने इस बात को भी जान लिया कि यह जन्म वाक् एवं अग्नि आदि इंद्रिय और अंतः करण के ही होते हैं, आत्मा के नहीं। इस रहस्य को समझने के पहले मुझे लोहे के समान सैकड़ों कठोर शरीरों ने अवरुद्ध कर रखा था। इन शरीरों मे मेरी ऐसी अहंता हो गई थी कि शरीर बोध से छूटना मेरे लिए कठिन हो रहा था। अब मैं जाल को काटकर वेग से उड़ जाने वाले बाज पक्षी के समान आत्मज्ञान जनित सामर्थ्य के द्वारा उस शरीर बोध से निकलकर बाहर आया हूं। वामदेव ऋषि ने गर्भ मे शयन करते समय ऐसा ही कहा था।

वर्ग पहेली-83

बाएं से दाएं

1.1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बांधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5.1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7.1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

ऊपर से नीचे

2.1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3.1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4.1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5.1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।



वर्ग पहेली -82 का हल

1 वै	■	2 अ	3 प	क	र्	ष
शा	■	■	रि	■	■	■
4 ख	ट	रा	ग	■	■	5 ना
■	■	■	ण	■	6 घं	ट
7 अ	खु	ट	ना	■	■	क
श	■	■	■	■	■	घ
8 नि	शा	ने	बा	ज़ी	■	र

सुडोकू -162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					5		6	
7								
5						7		
		2						
				3				
								4
	9		2				7	

सुडोकू -161 का हल

1	2	5	6	7	8	4	9	3
3	9	7	4	2	5	8	1	6
8	4	6	3	9	1	2	7	5
5	7	1	9	3	2	6	4	8
4	6	8	1	5	7	9	3	2
9	3	2	8	6	4	7	5	1
7	5	4	2	1	6	3	8	9
6	1	3	7	8	9	5	2	4
2	8	9	5	4	3	1	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15.23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 09.33 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। नया काम शुरू करने का उत्साह रहेगा। घर के कार्यों में भी आप विशेष रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपको प्रशंसा मिल सकती है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को इच्छित स्थान पर स्थानान्तरण मिल सकता है।

वृष — आज आप कहीं घूमने के विचार में रहेंगे। कई दिनों का तनाव शांत होने से मानसिक प्रसन्न रहेगी। कृषि कार्य से जुड़े लोग कुछ परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपने उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। जीवनसाथी की सलाह आपको कार्यक्षेत्र में काफी सहायक होने वाली है।

मिथुन — आज निर्माण कार्यों में अचानक रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जिसको लेकर आपके पास पूरी सूचना नहीं है। आज आपको धैर्य और साहस का परिचय देना होगा। बवासीर और कब्ज के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है।

कर्क — आज व्यवसाय में नई पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। आप अपनी तरफ से लोगों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी छवि काफी अच्छी हो सकती है। जो लोग आपसे नाखुश थे, वे भी आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

सिंह — आज पिछले सप्ताह की कई परेशानियों को आप आज सुलझा सकते हैं। काम का दबाव बढ़ने से आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं। आपके कुशल प्रबंधन और जिम्मेदारी लेने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे।

कन्या — आज तनाव और थकान का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम करने का मन नही करेगा। आपको योग और ध्यान का सहारा लेना चाहिए। व्यवसाय में आप कुछ नई नीतियों पर काम करने का प्रयास करेंगे।

तुला — आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे। भविष्य को लेकर लापरवाही पूर्ण रवैया अपना उचित नहीं है। बौद्धिक प्रकृति के लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर के उपकरणों का मेन्टीनेंस करवाते रहें।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जिन कार्यों में आपको आनंद आता है, आप उसमें स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करेंगे। स्वजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का भी आप प्रयास करेंगे।

धनु — आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। परिस्थितियां कुछ नकारात्मक सी रहेंगी। आप जो नहीं चाहते हैं उन कार्यों में भी आपको संलग्न होना पड़ सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। उधार लेन-देन आपको काफी नुकसान दे सकता है।

मकर — आज मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके अनुकूल रहेंगे। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। योग और जीवनशैली जैसे विषयों को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। गठिया रोगियों के दर्द का निवारण हो सकता है।

कुंभ — आज अनावश्यक विचारों से मन कुछ अशान्त हो सकता है। व्यवसायी लोग अपने अपनी दुकान या शोरूम आदि में अग्नि आदि से सुरक्षा के मानकों पर ध्यान दें। आज आपको काम से ज्यादा प्रबन्धन पर ध्यान होगा। यात्रा के दौरान सेहत कुछ गड़बड़ हो सकती है।

मीन — आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिजन आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग आज घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिये आप कुछ महंगे उत्पादों पर धन निवेश कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
चाइना गेट — सुबह : 09.47
जागृति — दोपहर : 02.48

&pictures
बवाल — सुबह : 10.47
बंगाल टाइगर — शाम : 04.53

SONY PIX
जर्नी 2 — सुबह : 11.09
जॉन रैम्बो — रात : 07.26

ZEE CINEMA
हमारी अधुरी कहानी — सुबह : 10.20
लाडला — रात : 07.10

colors CINEPLEX
रंगीला — सुबह : 11.39
ओम शांति ओम — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 10.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	75,390.50	22,932.45
नुकसान	19.89	24.65
प्रतिशत में	0.03	0.11

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1090 डीएमओ 860 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल (प्रति क्वि.)

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

शेयर बाजार में निवेशकों के लिए नुकसान का कारण न बन जाए इंटरनेट की सलाह

पिछले एक दशक में भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की अच्छी खासी आमद देखी गई है। इंटरनेट पहुंच के प्रसार और डिजिटल मीडिया के उदय के साथ, अधिक व्यक्ति निवेश सलाह के लिए व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूब की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि इसने वित्तीय जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है, इसने एक चिंताजनक प्रवृत्ति को भी जन्म दिया है, वहीं कई निवेशक इस सलाह का आंख बंद करके पालन करने से काफी नुकसान उठा रहे हैं।

हाल के वर्षों में, भारत में वित्तीय समाचार मीडिया और निवेश-संबंधित यूट्यूब चैनलों में तेजी देखी गई है। सीएनबीसी-टीवी18, ईटी नाउ और जी बिजनेस जैसे बिजनेस समाचार चैनल घरेलू नाम बन गए हैं, जबकि कई यूट्यूबर्स ने स्टॉक टिप्स और निवेश रणनीतियों की पेशकश करके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हासिल किए हैं। यह उछाल आंशिक रूप से शेयर बाजार में बढ़ती खुदरा भागीदारी के कारण है, जिसमें निवेशक निवेश की जटिल दुनिया से निपटने के लिए मार्गदर्शन चाहते हैं।

यूट्यूब की सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान-सनसनीखेज और प्रचार: व्यावसायिक समाचार चैनल और यूट्यूबर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अक्सर सनसनीखेज पर भरोसा करते हैं। इससे कुछ शेयरों या बाज़ार रुझानों को लेकर अतिरंजित दावे और प्रचार हो सकता है।

रजत मेहरोत्रा, वित्तीय सलाहकार, बरेली।

व्यक्तिगत रुचि से प्रभावित: ऐसे उदाहरण हैं जहां व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स की उनके द्वारा अनुशंसित स्टॉक में अज्ञात रुचि हो सकती है।

उदाहरण के लिए, उन्हें अपने स्टॉक को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों से मुआवजा मिल सकता है, जिससे पक्षपातपूर्ण सलाह मिल सकती है। हितों का यह टकराव निवेशकों को गलत जानकारी के आधार पर खरीदारी या बिक्री करने के लिए गुमराह कर सकता है।

सीमित जवाबदेही: इन प्लेटफार्मों पर वित्तीय विशेषज्ञ और प्रभावशाली लोग अपनी सिफारिशों के परिणामों के लिए जवाबदेह नहीं हैं। पंजीकृत वित्तीय सलाहकारों के विपरीत, उनके पास अपने दर्शकों के प्रति प्रत्ययी जिम्मेदारियाँ नहीं होती हैं।

अध्ययन और उदाहरण: ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रभावशाली लोगों और मीडिया द्वारा समन्वित प्रचार के माध्यम से शेयरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाया गया है, केवल प्रमोटरों द्वारा अपनी हिस्सेदारी बेचने के बाद कीमतें कम हो जाती हैं। एक उल्लेखनीय उदाहरण कुछ पेनी शेयरों का तेजी से बढ़ना और गिरना था, जहां बिना सोचे-समझे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

क्रिप्टोकरेंसी का क्रेज: हाल के वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर मची दीवानगी में कई यूट्यूबर्स और चैनलों ने भारी रिटर्न के वादे के साथ विभिन्न सिक्कों को बढ़ावा दिया है। इन वादों से आकर्षित होकर कई निवेशकों ने इसमें शामिल जोखिमों को समझे बिना भारी निवेश किया। क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में बाद में गिरावट के कारण कई लोगों को महत्वपूर्ण नुकसान हुआ।

निष्कर्ष: व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स के उदय ने निःस्संदेह वित्तीय जानकारी को औसत निवेशक के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। हालांकि, उनकी सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान से महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हो सकता है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, स्वतंत्र अनुसंधान को प्रोत्साहित करके, प्रमाणित सलाहकारों से परामर्श करके, दीर्घकालिक निवेश पर जोर देकर, नियामक निरीक्षण को मजबूत करके और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, निवेशक शेयर बाजार की जटिलताओं से निपटने और सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं। अंततः, सफल निवेश की कुंजी एक अनुशासित, सुविज्ञ दृष्टिकोण में निहित है जो नवीनतम बाजार प्रवृत्ति या सनसनीखेज समाचार कहानी का पीछा करने के बजाय व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता पर विचार करता है।

निवेशकों की सुरक्षा के लिए रणनीतियां

1-वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना निवेशकों को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए वित्तीय शिक्षा महत्वपूर्ण है।

2- कार्यशालाएं और सेमिनार-बुनियादी निवेश सिद्धांतों, जोखिम प्रबंधन और पोर्टफोलियो विविधीकरण पर कार्यशालाएँ आयोजित करना।

3-ऑनलाइन पाठ्यक्रमः निवेश के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना।

4-स्कूल पाठ्यक्रमः भावी पीढ़ियों को आवश्यक वित्तीय कौशल से लैस करने के लिए वित्तीय शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत करना।

5-निवेशकों को केवल मीडिया सलाह पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वयं का शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

6-निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले व्यापक बाज़ार रुझानों और आर्थिक संकेतकों से अवगत रहना।

7- जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों का लाभ उठाना, जैसे कंपनी रिपोर्ट, नियामक फाइलिंग और प्रतिष्ठित वित्तीय वेबसाइटें।

8-प्रमाणित वित्तीय सलाहकारों से परामर्श करना। प्रमाणित वित्तीय सलाहकार किसी निवेशक की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप वैयक्तिकृत सलाह प्रदान कर सकते हैं।

9-**अनुकूलित योजनाएं प्राप्त करें:** उनके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और समय सीमा के अनुरूप निवेश योजनाएँ प्राप्त करें।

10-**हितों के टकराव से बचें:** हितों के संभावित टकराव से मुक्त निष्पक्ष सलाह से लाभ उठाएं।

11-**विविधीकरण रणनीतियां लागू करें:** विविध पोर्टफोलियो विकसित करें जो जोखिम को कम करते हैं और दीर्घकालिक रिटर्न बढ़ाते हैं।

12-लंबी अवधि के निवेश पर जोर। दीर्घकालिक निवेश परिप्रेक्ष्य को प्रोत्साहित करने से निवेशकों को अल्पकालिक व्यापार के नुकसान से बचने में मदद मिल सकती है।

13-वित्तीय मीडिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	93,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,000
गिन्नी (प्रति नग)	55,150-55,350

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,700
सोना जेवरात गिन्नी	71,700
चांदी पक्की	890 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,800
चांदी आभूषण	89,800।

सेंसेक्स 76,000 के शिखर पर पहुंचने के बाद फिसला, 20 अंक नुकसान में

मुंबई, एजेंसी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय पहली बार रिकॉर्ड 76,000 अंक के स्तर के पार चला गया था जबकि एनएसई निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से इनमें गिरावट आई। कारोबार के अंतिम आधे घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मामूली 19.89 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,390.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.65 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.45 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान चुनिंदा बैंकों, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से यह 599.29 अंक उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक चला गया था। हालांकि, निवेशकों ने रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली की और सूचकांक दिन के उच्चतम स्तर से करीब 835 अंक लुढ़क गया तथा 75,175.27 अंक तक आ गया।

सोने में 220 और चांदी की कीमतों में 1,050 रुपये का उछाल

नई दिल्ली। लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विदेशी बाजार में मजबूत रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सोना 220 रुपये उछलकर 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये की तेजी के साथ 92,850 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को बनाया समान वितरण का जरिया : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की टिप्पणी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी है। पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था लेकिन मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण के लिए एक रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। वित्त मंत्री ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधारों की गति जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेगी ताकि इसका लाभ सभी तक पहुंचाने के लिए इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। सीतारणम ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, यह कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया है।

राष्ट्रीय

एक नजर

विचाराधीन कैदी ने अदालत में मजिस्ट्रेट पर फेंकी चप्पल

जयपुर। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक विचाराधीन कैदी ने मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंक दी। पुलिस के अनुसार कैदी को मामले में सुनवाई के लिए स्थानीय अदालत में ले जाया गया था। कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रसिक मोहम्मद ने बताया कि चोरी के एक मामले में न्यायिक हिरासत में इस्माइल को जेल से सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि उसने अचानक अपनी चप्पल निकाली और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी। आरोपी को दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा मामला दर्ज किया जा रहा है और उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा।

कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि एक विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान टीम ने आवारा जंगल में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि यह ठिकाना आवरा के घने वन क्षेत्र में स्थित था और तलाशी के दौरान, हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

बीजापुर में दो कट्टर नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने दो नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत पेददागेलुर, चिन्नागेलुर, गुण्डम की ओर डीआरजी बीजापुर एवं थाना तर्रेम का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरानपेद्दागेलुर से दो माओवादियों को पकड़ा गया। दोनों नक्सलियों पर एक-एक लाख का इनाम था। इतना ही नहीं पकड़े गये माओवादी गत आठ फ़रवरी को गुण्डम के जंगल में एसटीएफ एवं केरिपु पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे।

सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना रद करेंगे महिलाओं को हर महीने देंगे 8,500 रुपये

राहुल गांधी ने बिहार की चुनावी रैली में किया दावा, कहा-गठबंधन का आ रहा तूफान

बख्तियारपुर(बिहार), एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आएगा तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद कर दिया जाएगा और प्रत्येक महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे।

बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के बख्तियारपुर, पाटलिपुत्र के पालीगंज एवं आरा के जगदीशपुर में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा-बिहार और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन का तूफान आ रहा है। नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा-नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी-जीएसटी लागू करके रोजगार के रास्ते बंद किए हैं।

जनसभा मंच आंशिक रूप से टूटा, बाल-बाल बचे राहुल

राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव सोमवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब पटना जिले के पालीगंज में उनकी सभा के लिए बनाया मंच आंशिक रूप से टूट गया। गांधी सोमवार दोपहर को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती के पक्ष में एक रैली को संबोधित करने वाले थे। जैसे ही गांधी तेजस्वी और मीसा भारती के साथ मंच पर पहुंचे लेकिन बीच में मंच आंशिक रूप से गिर गया।

पालीगंज में रैली के दौरान मंच का एक हिस्सा टूट जाने के बाद राहुल गांधी और राजद नेता मीसा भारती अपना संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती हुईं। ● एजेंसी

जम्मू में सोमवार को पड़ रही भीषण गर्मी के दिन नहर में नहाते लोग। बता दें कि घाटी में तपती गर्मी से बचने के लिए लोगों ने नदियों, झरनों और नहरों की ओर रुख कर लिया है। ● एजेंसी

अमित शाह ने पंजाब की आप सरकार गिराने की दी है धमकी

चंडीगढ़, एजेंसी

- केजरीवाल ने गृह मंत्री पर लगाया तानाशाही का आरोप

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है। शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी।

सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा-क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है। शुरुआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं। उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं। आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम

कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे। आप नेता ने कहा-मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। मान ने कहा-क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं? वहीं, अमृतसर में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।

आप की याचिका पर उच्च न्यायालय का फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

पार्टी कार्यालय के लिए स्थान आवंटित करने का मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त होने के मद्देनजर पार्टी कार्यालयों के लिए स्थान आवंटित करने से संबंधित आप की याचिका पर फैसला सोमवार को सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ वकील ने बताया कि पार्टी को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय खाली करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को अस्थायी रूप से दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। अदालत अस्थायी स्थान आवंटित करने के मामले पर 5 जून को फैसला सुना सकती है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम ने कहा-मैं अवकाश के दौरान फैसला सुनाने का प्रयास करूंगा। संभवतः पांच जून को। आप ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के मद्देनजर अपने कार्यालयों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में भूखंड या लाइसेंस के आधार पर एक आवास इकाई के आवंटन का अनुरोध करते हुए पिछले साल दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। अस्थायी स्थान को लेकर फैसला सुरक्षित रखते हुए अदालत ने भूमि आवंटन से संबंधित याचिका को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक संबंधी याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

मालेगांव के पूर्व महापौर अब्दुल शेख गोलीबारी में घायल

नासिक। मालेगांव के पूर्व महापौर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारी अब्दुल मलिक यूनुस शेख पर सोमवार तड़के महाराष्ट्र के नासिक जिले में दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने कथित तौर पर गोली चला दी जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शेख (39) को नासिक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। बताया कि हमले के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

आतंकियों व पथराव करने वालों के परिजनों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- साक्षात्कार में गृह मंत्री अमित शाह बोले, सरकार ने आतंकी ढांचे को किया नेस्तनाबूद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में काफी गिरावट आने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल आतंकवादियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकी ढांचे को भी नेस्तनाबूद कर दिया है। शाह ने साथ ही आतंकवादियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में किसी आतंकवादी या पथराव करने वाले किसी व्यक्ति के परिजन को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा-हमने एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की है

और इसे समाप्त कर दिया है। हमने आतंकवाद के वित्तपोषण पर बहुत सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने बीते सप्ताहांत में दिए साक्षात्कार में कहा-हमने कश्मीर में फैसला किया है कि अगर कोई किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ जाता है तो उसके परिवार के किसी भी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने यह भी कहा कि अगर कोई पथराव में शामिल रहता है तो उसके परिवार के भी किसी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि फैसले के खिलाफ मानवाधिकार कार्यकर्ता उच्चतम न्यायालय में गए थे, लेकिन अंततः सरकार की जीत हुई। हालांकि, गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों को अपवाद स्वरूप लेगी।

मोदी मटन, मछली के बारे में बोलते हैं, मेक इन इंडिया पर नहीं : मल्लिकार्जुन खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति, निर्यात, बढ़ते व्यापार घाटे तथा मेक इन इंडिया कार्यक्रम को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह चीन को अपना सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाकर फर्जी राष्ट्रवाद पर अमल कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, नरेन्द्र मोदी मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुगल और मुजरा के बारे में बोलते हैं, लेकिन 'मेक इन इंडिया' के बारे में बात नहीं करते? मोदी अपने कई अर्थव्यवस्था पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोलते? इसका जवाब है-सरकार की घोर विफलता। उन्होंने आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो गया है, पीएलआई योजना लड़खड़ा गई है और निर्यात में भारी गिरावट आई है।

चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर...

चक्रवात या यू कहें समुद्री तूफान जिसके नाम से ही मन में एक खौफ पैदा हो जाता है जो तटीय क्षेत्रों से टकराकर एक तबाही का मंजर छोड़ जाता है। ये क्या होता है, कितने प्रकार का होता है और कब कब आया, इनसे बचाव के क्या उपाया है आइए जानते हैं। वर्तमान में आए चक्रवाती तूफान रेमल के बारे में चलिए जानते हैं ....

रेमल मतलब मौसम

रेमल जो शक्तिशाली तूफानों में से एक है। इसे एक्वाटोरियल चक्रवात के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न हुआ हैं। इन तूफानों की शक्ति बहुत अधिक है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। इनका नाम 'रेमल' हिंदी शब्द 'रेमल' से लिया गया है, जिसका मतलब होता है मौसम।

रेमल से प्रभावित क्षेत्र

रेमल भारत के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच सकती है। इसका प्रमुख प्रभाव भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास समुद्री क्षेत्रों में देखा जा सकता है। यह पश्चिमी तटों के पास बनते हैं। इसके कारण पश्चिमी भारत के राज्यों जैसे कि गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक आदि को इसकी पहुंच का प्रभाव महसूस हो सकता है। वहीं, रेमल उत्तरी भारतीय तटों को भी प्रभावित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर इनके प्रमुख प्रभावित क्षेत्र हो सकते हैं। इसका प्रभाव दक्षिणी भारत तमिलनाडु, केरला, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना आदि को भी प्रभावित कर सकता है। साथ ही इसका प्रभाव समुद्री और उसके आसपासी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा होता है।

कितने प्रकार के होते हैं चक्रवात

चक्रवात मुख्यत : दो प्रकार के होते हैं, एक उष्णकटिबंधीय और विषुवतीय। इन दोनों में कुछ मुख्य अंतर हैं जो उनके विकास, स्थान और प्रभावों पर निर्भर करते हैं।

उष्णकटिबंधीय

ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं। यह समुद्र की सतह के गर्म पानी से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इनका नाम अलग-अलग होता है जैसे कि अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत में इन्हें हरिकेन, पश्चिमी प्रशांत में टाइफून, और दक्षिणी हिंद महासागर और दक्षिणी प्रशांत में चक्रवात कहते हैं। ये चक्रवात आमतौर पर एक स्पष्ट नेत्र , नेत्र की दीवार, और बारिश की पट्टियों के साथ होते हैं। ये भारी बारिश, तेज हवाएं, और तटीय बाढ़ से विनाशकारी हो सकते हैं।

विषुवतीय:

ये विषुवतीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर उत्पन्न होते हैं। वायुमंडलीय फ्रंट्स (ठंडी और गर्म हवा के मिलन स्थल) से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ये आमतौर पर बड़े होते हैं और इनमें कोई स्पष्ट नेत्र नहीं होता। ये व्यापक क्षेत्र में फैल सकते हैं और भारी बारिश, बर्फबारी, और तेज हवाओं का कारण बन सकते हैं।

रेमल क्या है?

रेमल चक्रवात एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है जो भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न होता है। इसकी शक्ति बहुत अधिक होती है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। रेमल चक्रवात विकसित होने के लिए शांत मौसम शर्तें आवश्यक होती हैं। इसका मतलब है कि वायुमंडल में कोई विवादित वायुशून्य नहीं होना चाहिए और उच्च वायुदाब भी नहीं होना चाहिए।

तीव्रता

- **अवसाद** : हवा की गति 39 मील प्रति घंटा (63 किमी/घंटा) से कम होती है।
- **तूफान** : हवा की गति 39 से 73 मील प्रति घंटा (63 से 118 किमी/घंटा) के बीच होती है।
- **हरिकेन/टाइफून/चक्रवात** : हवा की गति 74 मील प्रति घंटा (119 किमी/घंटा) से अधिक होती है।
- **हरिकेन** को उनकी तीव्रता से 1 से 5 तक के श्रेणियों में बांटा जाता है, जिसे सफ़िर-सिम्पसन हरिकेन विंड स्केल कहा जाता है।

पूर्वानुमान व चेतावनी

- रेडियो, टेलीविजन, और मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट प्राप्त करें।
- एक आपातकालीन किट तैयार रखें, जिसमें टॉर्च, बैटरी, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी, और आवश्यक दवाएँ शामिल हों।
- घर के खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत करें और उन्हें बंद रखें।
- स्थानीय आपातकालीन सेवाओं और राहत संगठनों के संपर्क में रहें।

एक नजर

ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 169 हुई

साओ पाउलो। दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में गत 29 अप्रैल को आए तूफान के बाद बारिश होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक 24 घंटों में तीन और शव बरामद किये गये, वहीं प्रांत में अब तक की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा में 56 लोग लापता हैं। इसके अलावा, बाढ़ और नदियों के उफान के कारण 23 लाख से ज़्यादा निवासी यहां से विस्थापित हो चुके हैं।

पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की गोली लगने से मौत

लॉस एंजिलिस। प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक जनरल हॉस्पिटल के पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की लॉस एंजिलिस में गोली लगने से मौत हो गई। उनके परिजनों के मुताबिक, जब वेक्टर ने उनकी कार से कैटेलिटिक कनवर्टर चुरा रहे तीन चोरों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनपर गोलियां बरसा दीं। लॉस एंजिल्स पुलिस के अनुसार, शनिवार दोपहर तीन बजे यह घटना हुई थी। वेक्टर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

टेलीकॉम घोटाला: 49,000 संदिग्ध चीन प्रत्यर्पित

बीजिंग। म्यांमार ने जुलाई 2023 से अब तक दूरसंचार और इंटरनेट धोखाधड़ी के 49,000 से अधिक संदिग्धों को चीन की हिरासत में सौंपा है। चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय (एमपीएस) ने कहा कि धोखाधड़ी से जुड़े कई कुख्यात आपराधिक समूहों को करारा झटका दिया गया है और कई प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। 2023 की शुरुआत से, उत्तरी म्यांमार में चीनी नागरिकों से जुड़े दूरसंचार और इंटरनेट धोखाधड़ी के मामलों की संख्या अधिक बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर अवैध सीमा-पार तथा हिरासत जैसे अन्य आपराधिक कृत्य होते हैं।

चीन में भूकंप के झटके

बीजिंग। चीन में सिचुआन प्रांत के लियांगशान में सोमवार को भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किये गये। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 11:07 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 28.25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 100.70 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से आठ किलोमीटर की गहराई पर रहा।

टोंगा में शक्तिशाली भूकंप सुनामी का खतरा नहीं

मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र टोंगा में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए लेकिन इसके कारण सुनामी का खतरा नहीं है और न ही लोगों के हताहत होने की कोई सूचना मिली है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 47 मिनट पर आया और इसकी प्रारंभिक तीव्रता 6.6 थी।

पाकिस्तानी में स्कूल में लगी आग,1400 छात्राओं को बचाया

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी इलाके में आग की चपेट में आए स्कूल से सोमवार को 1,400 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जियो न्यूज ने बचाव अधिकारी के हवाले से बताया कि आग हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में सरकारी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में उस समय लगी जब सैकड़ों छात्राएं अंदर थीं। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया। पहाड़ी इलाका होने से दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

इजरायली बमबारी में 40 की मौत

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में बने एक शिविर पर 8 रॉकेट दागे

गाजा, एजेंसी

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में एक शिविर पर इजरायल की बमबारी में कम से कम 40 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजराइली बलों ने निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के गोदामों के पास शिविर में तंबुओं की ओर आठ रॉकेट दागे। फेसबुक पर एक वीडियो क्लिप प्रसारित किया गया है जिसमें क्षेत्र में आग की लपटें तेजी से उठ रही हैं और आग ने तंबुओं को अपनी चपेट में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि कठिन इलाके के कारण नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों को शवों को निकालने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि गाजावासियों से भरे इस क्षेत्र को हमले से पहले इजरायली सेना ने सुरक्षित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया था।

राफा में शिविर पर राकेट दागने के बाद निकलता धुआ।

फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण की इजरायल ने की थी घोषणा

इजरायली सेना ने गत सात मई को घोषणा की थी कि उसने मिस्र की सीमा पर गाजा पट्टी के दक्षिण में और राफा के पूर्वी क्षेत्र में स्थित राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा में प्रवेश का रास्ता रोक दिया गया है।

हमास मुख्यालय के प्रमुख को मार गिराने का दावा

यरूशलम। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी में राफा शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रमुख यासीन राबिया और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी को मार गिराया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर बताया कि आज शाम को आईएएफ के विमान ने आईडीएफ और आईएसए खुफिया हमले में यहूदिया और सामरिया में हमास के कमांडर यासीन राबिया के साथ वरिष्ठ अधिकारी खालिद नागर को मार गिराया।

आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी पर उत्तर-पश्चिम राफा में ताल अस सुल्तान के क्षेत्र में हमला किया गया। राबिया ने यहूदिया और सामरिया में हमास की सभी गतिविधियों को निर्देशित किया और क्षेत्र में हमास के आतंकवादी हमलों की योजना बनाई। आईडीएफ उन रिपोर्टों से अवगत है जो दर्शाता हैं कि हमला और गोलीबारी से क्षेत्र के कई नागरिकों को नुकसान पहुंचा था और घटना की समीक्षा की जा रही है।

सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इज़रायल पर रॉकेट हमला किया। नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमला करते हुए सीमा का उल्लंघन किया। इस हमले में इजरायल के 1,200 लोग मारे गए और 240 अन्य का अपहरण किया गया था। इज़रायल ने जवाबी हमला शुरू किया, गाजा में पूरी नाकाबंदी करने का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी एन्क्लेव में जमीनी घुसपैठ शुरू की। गाजा पट्टी में इजरायल के हमलों में अब तक 35,900 से अधिक लोग मारे गए हैं। माना जा रहा है कि गाजा में अब भी हमास ने 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया हुआ है।

टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस में तूफान से 18 की मौत

ह्यूस्टन। मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आए शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ओक्लाहोमा सीमा के समीप टेक्सास की कुक काउंटी में 7 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जहां शनिवार रात को आए तूफान ने तबाही मचाई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैप्पिंगटन ने कहा हि मृतकों में दो बच्चे भी हैं, जिनकी उम्र दो और पांच वर्ष थी। एक परिवार के तीन सदस्यों की भी मौत हो गयी। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि तूफान से 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है। एक वेबसाइट के मुताबिक, टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अर्कांसस, टेनिसी और केनटकी तक 4,70,000 से ज्यादा लोगों को बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पैसे की किल्लत ने छुड़ाया अंत समय में प्रेमिका का हाथ

- चंदन नगर में 57 वर्षीय महिला का शव सड़क पर बोरे में मिला
- इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति अपनी लिव-इन साथी की लाश के साथ तीन दिन रहा और बाद में पैसों की किल्लत के कारण शव को बोरी में बंद करके सड़क पर लावारिस छोड़ दिया क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदिनी शर्मा ने सोमवार को बताया कि चंदन नगर क्षेत्र में रविवार को 57 वर्षीय महिला की बोरे में बंद लाश मिली। शव चार-पांच दिन पुराना था और काफी सड़ चुका था। एसीपी ने बताया कि शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले। पोस्टमॉर्टम से पता चला है कि वह लीवर संबंधी दिक्कतों और अन्य बीमारियों से लंबे समय से जूझ रही थी जिनके कारण उसकी स्वाभाविक मौत हुई।

शर्मा ने बताया कि यह महिला पिछले 10 साल से एक व्यक्ति के साथ रह रही थी। जब 53 वर्षीय उस व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह राजमोहल्ला क्षेत्र के एक बगीचे में बैठा था। वह रंगाई-पुताई का काम करता है। वह मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। एसीपी ने बताया कि चार-पांच दिन पहले इस व्यक्ति के पड़ोसियों ने उससे कहा कि उसके घर से बदबू आ रही है और उसे देखना चाहिए कि उसके घर कोई चूहा तो नहीं मर गया है। उन्होंने बताया,जांच से पता चला है कि यह व्यक्ति अपने घर में महिला के शव के साथ कम से कम तीन दिन से रह रहा था। बदबू को लेकर पड़ोसियों की शिकायत के बाद उसने शनिवार रात शव को बोरी में डाला और अपने घर से करीब 200 मीटर दूर ले गया। जब शव के वजन से उसकी सांस फूलने लगी तो वह लाश को सड़क पर लावारिस छोड़कर चला गया।

एसीपी के मुताबिक इस व्यक्ति ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने अपनी लिव-इन जोड़ीदार के शव को इसलिए लावारिस छोड़ा क्योंकि उसके पास उसके अंतिम संस्कार के लिए धन नहीं था। उन्होंने बताया कि महिला की मौत के मामले में विस्तृत जांच जारी है। चंदन नगर थाने के प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को महिला के शव का अंतिम संस्कार कराया।

खालिदा के बेटे को लंदन से बुलकर देंगे सजा : हसीना

- बांग्लादेशी प्रधानमंत्री ने अदालत के फैसले को दोहराया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपनी प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को लंदन से वापस लाने और उनके खिलाफ अदालत के फैसले को क्रियान्वित करने के लिए अपनी सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया है।

खालिदा के 2018 में जेल जाने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष बने रहमान उन्हें छह साल पहले सजा सुनाए जाने के बाद से ही लंदन में रह रहे हैं। यह सजा रहमान की अनुपस्थिति में सुनाई गई थी। बांग्लादेश की अदालत ने फैसला सुनाया है कि रहमान ने हसीना की उपस्थिति वाली चुनावी रैली पर घातक ग्रेनेड हमले की साजिश रची। इसमें दोषी ठहराए गए रहमान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

56 वर्षीय रहमान का कहना है कि यह आरोप राजनीतिक प्रतिशोध से लगाए गए है। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि जो लोग हमले करेंगे और लोगों को जलाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। वे चाहे कुछ भी कर लें, उन्हें नहीं छोड़ेंगे। जो लोगों को नुकसान पहुंचाएंगे उनके खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी रहेगी।

वूलसैक रेस

इंग्लैंड में वूलसैक रेस के दौरान कंधों पर ऊनी थैला लेकर दौड़ते बच्चे। ये दौड़ टेटबरी के विल्टशायर ऊन-शहर में होती है। इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की टीमें ऊन की बोरियां गमस्टूल हिल से नीचे ले जाती हैं। ये दौड़ 1972 से चल रही है, जो गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हैं। ● एजेंसी

इमरान की पार्टी प्रदर्शन छोड़कर सरकार से करें सार्थक संवाद

- पाकिस्तान की सत्तारूढ़ गठबंधन ने बातचीत के लिए किया आमंत्रित

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का आह्वान किया है कि वह प्रदर्शन छोड़ दे और सरकार के साथ 'सार्थक' संवाद करे।

सोमवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सीनेट के सभापति यूसुफ़ रजा गिलानी और नियोजन मंत्री अहसान इकबाल ने बातचीत के लिए तैयार होने के सरकार के रुख पर कहा कि इमरान की पार्टी को तय करना चाहिए कि वह किससे बातचीत करना चाहती है। लाहौर में गिलानी ने बातचीत करने की सरकार की इच्छा दोहराई। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि खान की पार्टी किसी और से बातचीत का इरादा रखती है। गिलानी ने कहा कि देश इस समय अस्थिरता से जूझ रहा है और इसलिए सभी नेताओं को एक साथ आना होगा। अखबार ने गिलानी के हवाले से कहा कि पीटीआई नीत सरकार के समय में विपक्ष में रहते हुए भी वे बातचीत के इच्छुक थे। गिलानी ने कहा कि पीपीपी मौजूदा सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीपीपी ने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह सरकार का हिस्सा नहीं है।

एयर इंडिया के विमान में धूम्रपान पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

मुंबई। एयर इंडिया के विमान में जयपुर-मुंबई उड़ान के दौरान कथित तौर पर धूम्रपान के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सहार पुलिस ने 25 मई को राजस्थान के अर्जुन थालोरे को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह उड़ान के दौरान शौचालय में धूम्रपान करने लगा था, जिससे सेंसर बंद हो गया। वरिष्ठ क्रू सदस्य ने उसे मौके पर पाया और फ्लाइट मुंबई में उतरने के बाद आरोपी को सुरक्षा विभाग को सौंप दिया। सुरक्षा कर्मचारी उसे सहार थाना ले गये, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

उम्मीद | अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक जीवनयोग्य ग्रह की खोज

दूसरी बार मिला है इस तरह का जीवनयोग्य ग्रह

अमृत विचार, नैनीताल

वैज्ञानिकों ने अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक एक जीवनयोग्य एक्सोप्लैनेट (ग्रह) की खोज की है। जीवनयोग्य ग्रह की यह दूसरी खोज है। इस ग्रह पर जीवन की मौजूदगी और संभावनाओं को तलाशने में वैज्ञानिक जुटे हुए हैं।

एक्सोप्लैनेट का नाम स्पेकलूस -3 बी नाम दिया गया है। बेल्जियम के खगोलविदों की अंतर्राष्ट्रीय टीम को यह सफलता मिली है। यह ग्रह पृथ्वी से 55 प्रकाश वर्ष दूर है और अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। किसी अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक खोजा गया यह दूसरा ग्रह है। इससे पहले ट्रैपिस्ट-1 की खोज की हुई थी, जिसमें जीवन की संभावना है। नया ग्रह भी जीवन की संभावना को लेकर उम्मीद जागृत करता है। जिस कारण यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पृथ्वी के समान आकार का यह ग्रह केवल 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी कर लेता है। यह ग्रह संभवतः ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि तारे से निकलने वाले विकिरण ने संभवतः ग्रह के वायुमंडल को नष्ट कर दिया हो। इसकी वास्तविकता की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

बेल्जियम स्थित लीज विश्वविद्यालय के स्पेकुलूस परियोजना के वैज्ञानिकों के अनुसार 15 मई को को नया ग्रह मिला और अब इसकी घोषणा की गई है। इस खोज में कैम्ब्रिज, बर्मिंघम और बर्न विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और ईटीएच ज्यूरिख शामिल रहे हैं।

जीवनयोग्य ग्रह का चित्र।

जीवन की संभावना से इंकार नही किया जा सकता

बेल्जियम लीज विश्वविद्यालय के खगोल शास्त्री माइकल गिलॉन के अनुसार भले ही इस ग्रह का वातावरण कुछ हद तक नष्ट हुआ हो, लेकिन जीवन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। संभवत : इसमें किसी अन्य रूप में जीवन मौजूद हो। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 2,000 से अधिक हुई मौतें

पोर्ट मोरेस्बी। प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई। राष्ट्रीय आपदा केंद्र (एनडीसी) ने इसकी पुष्टि की है।

पापुआ न्यू गिनी में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी को सोमवार को इस आपदा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। एक संयुक्त सरकारी टीम ने प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

गुजरात में गिरफ्तार चार आतंकियों पर बोला श्रीलंका

आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ फैसला लेगा भारत

- गुजरात एटीएस ने 19 मई को चार श्रीलंका के लोगों को हवाई अड्डे से किया था गिरफ्तार

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका की सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार चार श्रीलंकाई आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में भारत फैसला करेगा, जबकि यहां के अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या वे द्वीप राष्ट्र में आतंकी कृत्यों में शामिल थे।

गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने 19 मई को प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर अपने पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों के बाद भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने आए थे। चारों लोगों ने 19 मई को कोलंबो से चेन्नई के लिए इंडिगो कंपनी की उड़ान ली थी। श्रीलंका के कानून मंत्री विजयदास राजपक्षे ने कहा कि भारत गिरफ्तार संदिग्धों से अपने कानून के मुताबिक निपटेगा। श्रीलंका इसकी जांच करेगा कि क्या वे यहां रहते हुए किसी आतंकवादी कृत्य में भागीदार रहे हैं या किसी समूह की सहायता की है। पिछले हफ्ते, श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुजरात में गिरफ्तार चार श्रीलंकाई लोगों की जांच के लिए उच्चस्तरीय अभियान चलाया। श्रीलंकाई पुलिस ने आईएसआईएस संदिग्धों के एक साथी को पिछले गुरुवार को गिरफ्तार किया था।